{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
रविवार 16 नवम्बर 2025
मार्गशीर्ष कृष्ण 11 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 17, अंक 54
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### आरके सिंह भाजपा से निकाले गए

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की बिहार इकाई ने पार्टी के कद्दावर नेता रहे आरके सिंह को पार्टी ने निलंबित कर दिया है। आरा लोकसभा सीट से पूर्व सांसद रहे आरके सिंह पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। भाजपा ने उनसे पूछा है कि उन्हें पार्टी से क्यों न निष्कासित किया जाए? बता दें कि नौकरशाही छोड़कर राजनीति में आए पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री आरके सिंह ने बीते दिनों बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को लेकर चौंकाने वाला बयान दिया था। भाजपा की तरफ से जारी आधिकारिक पत्र में लिखा गया है कि आपकी गतिविधियां पार्टी के विरोध में हैं। ये अनुशासन के दायरा में आता है। पार्टी ने इसे गंभीरता से लिया है। इससे पार्टी को नुकसान हुआ है।

### महाराष्ट्र के छह नेताओं ने भाजपा छोड़ी

मुंबई। महाराष्ट्र में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। उल्हासनगर से भाजपा के छह पूर्व नगरसेवकों ने पार्टी छोड़कर शिंदे गुट के शिवसेना और उसकी स्थानीय सहयोगी टीम ओमी कालानी (टीओके) का दामन थाम लिया। इनमें से तीन नेता शहर में भाजपा के सबसे मजबूत चेहरों में माने जाते थे। बता दें कि एक तरफ जहां बिहार में भाजपा समर्थित एनडीए गठबंधन ने प्रचंड बहुमत हासिल कर, सत्ता में अपना स्थान कायम रखा है। वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र निकाय चुनाव से पहले छह नेताओं का पार्टी छोड़ना भाजपा के लिए बुरी खबर के तौर पर देखा जा रहा है। उल्हासनगर और कल्याण लोकसभा क्षेत्र में होने वाले आगामी नगर निगम चुनावों से पहले हुई यह टूट भाजपा के लिए बड़ा नुकसान मानी जा रही है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 17 करोड़ रुपये की कोकीन ज़ब्त

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की मुंबई क्षेत्रीय इकाई ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक विदेशी महिला के पास से 1.718 किलोग्राम कोकीन ज़ब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में इसकी क़ीमत लगभग 17.18 करोड़ रुपये है। इस मामले में एक तंजानियाई महिला यात्री को गिरफ़्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विशिष्ट गोपनीय जानकारी के अनुसार, डीआरआई अधिकारियों ने एंटेबे (युगांडा) से मुंबई पहुंची एक महिला से हवाई अड्डे पर पूछताछ की। उसके सामान की जाँच करने पर, दो खाने के पैकेट, एक प्लास्टिक कंटेनर, एक थैली और छर्रों में छिपा हुआ पाउडर के रूप में संदिग्ध पदार्थ मिला। जाँच के दौरान, अधिकारियों ने महिला यात्री द्वारा निगले गए दो कैप्सूल भी जब्त किए।

## कुछ ना कहना




लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने छोड़ी राजनीति, कहा–

# मैं अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिनी आचार्या ने राजनीति छोड़ने का एलान किया है। इतना ही नहीं उन्होंने अपने परिवार से दूरी बनाने की भी घोषणा कर दी है। रोहिणी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं। यह वही बात है जो संजय यादव और रमीज़ ने मुझसे कहने को कहा था। राजद की हार की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं सारी ज़िम्मेदारी ले रही हूं।

दरअसल, रोहिणी आचार्य, तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव की राजद में दखल से नाराज चल रही हैं। 18 सितंबर को भी उन्होंने किसी अन्य के सोशल मीडिया पोस्ट को शेयर करते हुए तेजस्वी यादव के साये बने राज्यसभा सांसद संजय यादव को निशाने पर लिया था। उन्होंने अपने भाई तेजस्वी यादव के करीबी सांसद संजय यादव को निशाना साधते हुए लिखा था कि लालू-तेजस्वी की जगह लेने की कोशिश करने वालों को देखना पसंद नहीं करती हैं। रोहिणी आचार्य ने जो शेयर किया था, उसमें लिखा था कि- 'फ्रंट सीट सदैव शीर्ष के नेता - नेतृत्वकर्त्ता के लिए चिन्हित होती है और उनकी अनुपस्थिति में भी किसी को उस सीट पर नहीं बैठना चाहिए .. वैसे अगर 'कोई' अपने आप को शीर्ष नेतृत्व से भी ऊपर समझ रहा है, तो अलग बात है।



### राजद में किसी तरह की गलतफहमी नहीं है

रोहिणी ने पोस्ट के बाद राजद के सांसद, तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव रोहिणी आचार्य के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने साफ कहा कि रोहिणी दीदी ने जो कहा, उसका संदर्भ हम सब भली-भांति समझते हैं। पार्टी पूरी तरह से एकजुट है, और किसी प्रकार का कोई भ्रम या मतभेद नहीं है। राजद में किसी तरह की गलतफहमी नहीं है।

### 'संजय-रमीज से सवाल पूछोगे तो गाली मिलेगी...चप्पल से मारा जाएगा'

बिहार की राजनीति में सबसे बड़े राजनीतिक परिवार के भीतर संकट लगातार गहराता जा रहा है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने भाई और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर गंभीर आरोप लगाकर नया विवाद खड़ा कर दिया है। रोहिणी ने दावा किया कि उन्हें तेजस्वी और उनके करीबी संजय यादव व रमीज ने परिवार से निकाल दिया। रोहिणी आचार्य ने कहा कि बिहार चुनाव में राजद की करारी हार पर सवाल उठाने के बाद उन्हें अपमानित किया गया। एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जैसे ही संजय यादव और रमीज का नाम लिया, उन्हें घर से निकाल दिया गया, गालियां दी गईं और मारा तक गया। उन्होंने यह भी कहा कि अब उनका कोई परिवार नहीं है और जो भी जिम्मेदारी है, वह तेजस्वी और उनके साथियों की है। रोहिणी के मुताबिक, पार्टी की हार के लिए जवाबदेही मांगना उनके खिलाफ हो गया।

### मेरे लिए मेरा आत्म-सम्मान सर्वोपरि है

इसके बाद फिर से रोहिणी ने अपने पिता लालू प्रसाद यादव को जीवनदान देने वाला फोटो-वीडियो शेयर करते हुए लिखा है- 'जो जान हथेली पर रखते हुए बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने का जज्बा रखते हैं, बेखौफी-बेबाकी-खुद्दारी तो उनके लहू में बहती है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी लिखा था कि 'मैंने एक बेटी व बहन के तौर पर अपना कर्त्तव्य एवं धर्म निभाया है और आगे भी निभाती रहूंगी। मुझे किसी पद की लालसा नहीं है, न मेरी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा है। मेरे लिए मेरा आत्म-सम्मान सर्वोपरि है।' अब रोहिणी की यह दोनों पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। रोहिणी के समर्थकों ने लिखा कि बिहार एक बेटी की यह कुर्बानी कभी नहीं भूलेगा। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के लिए आपने जो किया उसे भूला नहीं जा सकता। दूसरे समर्थक ने लिखा कि अपनी किडनी अपने पिता को देकर आपने उन्हें जीवनदान दिया।

### कौन हैं संजय यादव और रमीज?

रोहिणी जिन संजय यादव का नाम ले रही हैं, वह तेजस्वी यादव के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में गिने जाते हैं। हरियाणा में जन्मे संजय यादव 2012 में राजद से जुड़े और 2024 में पार्टी ने उन्हें राज्यसभा भेजा। दूसरी ओर, रमीज को तेजस्वी का पुराना दोस्त बताया जाता है, जिनका संबंध उत्तर प्रदेश के एक राजनीतिक परिवार से है। रोहिणी ने आरोप लगाया कि इन्हीं दोनों ने उन्हें राजनीति और परिवार दोनों से दूर जाने को कहा।

### रोहिणी के फैसला पर भाजपा की प्रतिक्रिया

पहले अलगाव की घोषणा करते हुए रोहिणी ने लिखा कि वह राजनीति और परिवार दोनों छोड़ रही हैं, और इसके लिए उन्हें मजबूर किया गया। बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि रोहिणी ने लालू यादव को बचाने के लिए अपनी किडनी तक दान दी थी, और अब परिवार का इस तरह टूटना दुखद है। उन्होंने कहा कि अगर परिवार किसी एक व्यक्ति की वजह से टूट रहा है तो यह सही नहीं है। यह बयान राजनीतिक स्तर पर भी नया विवाद जोड़ रहा है।

फरीदाबाद से जब्त विस्फोटक से सैम्पल लेते समय अमोनियम नाइट्रेट में श्रीनगर थाने में धमाका

## ब्लास्ट में 9 लोगों की मौत, 32 घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात करीब 11ः22 बजे बड़ा धमाका हुआ। 9 लोगों की मौत हो गई है, 32 लोग घायल हैं। इनका 92 आर्मी बेस और एसकेआईएमएस सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है। अधिकारियों के मुताबिक, ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था या फिर कुछ हिस्सा ही लाया गया था।

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि, यह एक हादसा था। सैंपलिंग के वक्त ब्लास्ट हुआ। मारे गए 9 लोगों में से एक इंस्पेक्टर, 3 फॉरेंसिक टीम मेंबर, 2 क्राइम ब्रांच फोटोग्रॉफर, 2 राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल है। दरअसल यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई



के किराए के घर से जब्त किया गया था। गनई को दिल्ली ब्लास्ट केस में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है। 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किला के पास कार ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत हो गई थी।

### सीएम बोले ब्लास्ट हमारी गलती से हुआ

नौगाम पुलिस स्टेशन ब्लास्ट मामले पर, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्ग्रेस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा, यह हमारी गलती है, जिन्हें इस विस्फोटक की बेहतर समझ है, हमें उनके साथ पहले बात करनी चाहिए थी कि इसे कैसे संभालना है, खुद ही हाथ-पांव मारने के बजाय आप नतीजा देख ही चुके हैं, 9 लोगों की जान चली गई। उन्होंने कहा, वहां कई घरों को नुकसान हुआ। हम अभी दिल्ली में चल रही उस आलोचना से बाहर नहीं आए हैं जहां हर कश्मीरी पर उंगली उठाई जा रही है। वह दिन कब आएगा जब वे स्वीकार करेंगे कि हम भी भारतीय हैं और हम इसके जिम्मेदार नहीं हैं। उन लोगों से पूछिए जो जिम्मेदार हैं कि इन डॉक्टरों को यह रास्ता क्यों अपनाना पड़ा? कारण क्या था? इसकी पूरी तरह जांच और अध्ययन की आवश्यकता है।

बिहार में हार के बाद खडगे़ के घर बैठक के बाद कांग्रेस बोली

## चुनाव में गड़बड़ी हुई, 2 हफ्तों में देंगे सबूत

नई दिल्ली। बिहार चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने शनिवार को दिल्ली में पहली समीक्षा बैठक बुलाई। यह बैठक पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ के आवास पर हुई, जिसमें राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन मौजूद रहे। बैठक में नेताओं ने चुनाव नतीजों की समीक्षा की, संगठन की कमियों पर चर्चा की और आगे की रणनीति को लेकर सुझाव दिए। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी अब समझने की कोशिश कर रही है कि बिहार में इतनी बड़ी हार क्यों हुई। बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर चुनाव में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी गड़बड़ियों के सबूत



इकट्ठा कर रही है। 2 हफ्तों में देश के सामने रखेंगे।

दरअसल कांग्रेस ने इस चुनाव में 60 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, लेकिन सिर्फ 6 सीटें जीत पाई। पार्टी का वोट शेयर 8.71 प्रतिशत रह गया, जबकि 2020 में 70 सीटों पर चुनाव लड़ते हुए 19 सीटें जीती थीं और 9.6 प्रतिशत वोट मिले थे।

### कई जगह गड़बडिय़ां हुई

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ से मुलाकात के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बिहार चुनाव नतीजों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अजय माकन ने भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया पर शुरू से ही सवाल हैं, इसलिए ऐसे नतीजे चौंकाने वाले हैं। कांग्रेस को 1984 में भी ऐसा स्ट्राइक रेट नहीं मिला था, जैसा इस बार बीजेपी को मिला है। कुछ तो गड़बड़ है। हमारे कार्यकर्ता लगातार बता रहे हैं कि कई जगह गड़बडिय़ां हुई हैं। माकन ने बताया कि गठबंधन के सभी दल इस नतीजे को

बिहार में एनडीए की बंपर जीत से बिगड़ा भाजपा का खेल...अब दोहरी नीति के साथ बनाई जाएगी गठबंधन की सरकार...सरकार गठन की तैयारी तेज

## नीतीश बनेंगे सीएम, डोर भाजपा के हाथ

नई दिल्ली/पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत के बाद अब सरकार गठन की तैयारी तेज हो गई है। एनडीए सूत्रों का कहना है कि भाजपा फिलहाल नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाएगी। नीतीश मुख्यमंत्री भले ही बनें, लेकिन सरकार की डोर भाजपा अपने हाथ में रखेगी। दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने जो रणनीति बनाई थी, उसके तहत पार्टी जीत के बाद अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहती थी। यही कारण है कि चुनाव के दौरान नीतीश को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया गया था। लेकिन एनडीए को मिली बंपर जीत ने भाजपा का पूरा खेल बिगाड़ दिया है।

भाजपा के सूत्रों का कहना है कि पार्टी को अनुमान था कि बिहार में एनडीए को 150 से 160 सीटें मिलेंगी। इसमें भाजपा को 95 से 99 सीटें मिलने का अनुमान था। वहीं जदयू को 40 से 50 सीट मिलने का आकलन किया गया था। ऐसी स्थिति में भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाने का दावा ठोक सकती थी। लेकिन बंपर जीत ने सारा खेल बिगाड़ दिया है। ऐसे में नीतीश कुमार को सीएम बनाना भाजपा की मजबूरी बन गया है। उधर, बिहार में सरकार गठन को लेकर दिल्ली में बैठक हुई जिसमें अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और विनोद तावड़े मौजूद रहे। इस दौरान ललन सिंह और संजय झा के साथ चर्चा हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास में शनिवार की सुबह से ही नेताओं का आना-जाना जारी रहा। सबसे पहले विजय कुमार चौधरी सीएम हाउस पहुंचे। दानापुर से जीत



हासिल करने वाले रामकृपाल यादव नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे। वहीं, लोजपा(आर) चिराग पासवान और जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी सीएम हाउस पहुंचे। संजय झा अपने हाथों में जीते हुए कैंडिडेट की लिस्ट ले कर पहुंचे थे। इसी दौरान फुलवारी से नवनिर्वाचित विधायक श्याम रजक भी मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। जदयू ने अपने सभी विधायकों को पटना बुलाया है। रविवार को विधायक दल की बैठक हो सकती है।

### स्थितियां नियंत्रण के बाद बदलेंगे हालात

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बिहार के चुनाव परिणाम के बाद विपक्ष हमलावर की स्थिति में है। वहीं एनडीए में भी हलचल मची हुई है। ऐसे में भाजपा अपनी रणनीति को अमलीजामा पहनाने के लिए वेट एंड वाच की स्थिति में है। सूत्रों का कहना है कि जैसे ही स्थितियां बदलेंगी भाजपा अपने फॉर्मूले को लागू कर देगी। यानी अपना मुख्यमंत्री बना देगी। वहीं सीएम फेस को लेकर जदयू के श्याम रजक ने स्पष्ट कहा कि बिहार में नेतृत्व का एक ही भरोसेमंद चेहरा है, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। बिहार में दूसरा कोई चेहरा नहीं है, नीतीश कुमार ही विकल्प हैं। शपथ ग्रहण कब होगा इस पर श्याम रजक ने कहा कि यह मुख्यमंत्री जी तय करेंगे। नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री चेहरा है उनके अलावा कुछ सोचा भी नहीं जा सकता है। वहीं भाजपा के विनोद तावड़े ने कहा था सभी पार्टी एक साथ बैठकर तय करेंगे की सीएम कौन होगा।

## हाईकोर्ट में सरकार का कबूलनामा, विधायकों और सांसदों के खिलाफ 488 मामले लंबित

**- मामलों का शीघ्र निपटारा करें, हाईकोर्ट का निर्देश**

मुंबई, । कानून बनाने वाले प्रतिनिधि खुद अप्रत्यक्ष रूप से कानून के दायरे से दूर रहे हैं। विधायकों और सांसदों के खिलाफ घरेलू हिंसा, बलात्कार, हत्या और अन्य अपराधों के 488 मामले लंबित हैं। इसमें गोवा और दीव-दमन भी शामिल हैं, जो बॉम्बे हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इनमें से कुछ ही मामलों का निपटारा हुआ है। दरअसल महाराष्ट्र सरकार ने बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया कि अभी तक 478 मामलों का निपटारा होना बाकी है। इस बीच लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने के लिए, बॉम्बे हाईकोर्ट ने इन मामलों की श्रेणी के अनुसार समय सीमा तय की है। जिन मामलों में अंतिम बहस शुरू हो गई है, उनमें न्यायिक प्रक्रिया 30 दिनों के भीतर पूरी की जानी चाहिए और मामलों का जल्द से जल्द फैसला सुनाया जाना चाहिए। बयान दर्ज करने के चरण में चल रहे मामलों में अगले तीन सप्ताह के भीतर सीआरपीसी की धारा 313 के तहत अभियुक्तों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी करें। साथ ही, आरोप तय करने के चरण में चल रहे मामलों में यह प्रक्रिया चार सप्ताह के भीतर पूरी करें।

## झूठा कोर्ट वारंट : एसपी ने सही माना, दिव्यांग टीचर हिरासत में...गलत हुआ, रिहा करें

इंदौर। इंदौर जिला कोर्ट से जुड़ा है, जिसमें एक दिव्यांग शासकीय शिक्षक को उनकी पत्नी द्वारा निरस्त हो चुके भरण पोषण वसूली प्रकरण में निकलवाए गए झूठे वारंट के आधार पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। शिक्षक की पत्नी ने उनके खिलाफ घरेलू हिंसा का प्रकरण दर्ज किया था। कोर्ट ने पत्नी और बच्ची के लिए 8,500 का अंतरिम भरण पोषण आदेश दिया था। पति ने इस आदेश को वरिष्ठ न्यायालय में चुनौती दी, जहाँ से आदेश निरस्त कर दिया गया। आदेश निरस्त होने के बावजूद, पत्नी ने जिला न्यायालय में वसूली कार्यवाही के लिए याचिका दायर की और बड़ी चालाकी से वसूली वारंट जारी करने के लिए लगने वाले प्रोसेस फॉर्म में वसूली वारंट जारी करने का लिखकर वारंट की तामीली एसपी, इंदौर के नाम से करवा दी। एसपी ने वारंट देखकर टीआई हातोद को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। पुलिस ने पीड़ित पति को हिरासत में लिया, वारंट की तामीली का पंचनामा बनाया और 21 जून 2023 को रात भर लॉकअप में रखा। जब पति को कोर्ट में पेश किया गया, तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। कोर्ट ने माना कि पति के साथ गलत हुआ है, और पति को रिहा करने का आदेश दिया गया।

पीड़ित पति ने अपने साथ हुई ज्यादती के खिलाफ एमजी रोड थाने में शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद, उन्होंने चीफ जस्टिस ऑफ मध्य प्रदेश, प्रशासनिक न्यायमूर्ति इंदौर हाई कोर्ट, और जिला जज इंदौर के पास याचिका भेजी है, जिसमें पत्नी समेत इस कृत्य में शामिल आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीएम मोदी बिहार मूल के लोगों से बोले...

## बिहार ने जातीय और सांप्रदायिक राजनीति को ठुकराया

सूरत, । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात दौरे पर शनिवार को सूरत और नर्मदा जिले के डेडियापाडा में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सूरत में बिहार मूल के लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कि बिहार का टैलेंट और वहां के लोगों की राजनीतिक समझ दुनिया में प्रसिद्ध है। बिहार ने जातीय और सांप्रदायिक राजनीति के जहर को ठुकरा दिया है। जिन लोगों को हार मिली है, उन्हें इस सदमे से निकलने में महीनों लगेंगे।

संबोधन पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने पंडोरी माता के देवमोगरा मंदिर में पूजा-अर्चना की। पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी मानते हैं। इससे पहले उन्होंने मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण कार्य का जायजा भी लिया।



डेडियापाडा में पीएम मोदी ने लगभग 9700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया और 4 किमी लंबे रोड शो में भी भाग लिया, जिसमें आदिवासी समुदाय के हजारों लोग शामिल हुए।

पीएम मोदी ने कहा, कि वे देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि छह दशकों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने आदिवासी समाज को उनके हाल पर छोड़ दिया, जहां कुपोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ तक नहीं थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने आदिवासी नेतृत्व को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा, कई राज्यों में आदिवासी मुख्यमंत्री बने। मंगूभाई पटेल मध्य प्रदेश के राज्यपाल हैं, सरबानंद सोनोवाल शिपिंग मंत्रालय संभाल रहे हैं। आदिवासी समाज आज देश के विकास में अग्रणी भूमिका में है। सभा के दौरान एक बच्ची की बनाई पेंटिंग देखकर पीएम मोदी ने एसपीजी जवानों को वह पेंटिंग लेने को कहा और बच्ची से कहा कि वे उसे चिट्ठी लिखेंगे।

# 150वीं जयंती पर जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के हुए आयोजन

## बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा समीप दीप प्रज्वलित कर किया गया माल्यार्पण, जयंती कार्यक्रम का आयोजन कर वीरगाथा का किया गया बखान

पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**शनिवार 15 नवंबर को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व अन्य ग्रामीण अंचलों में धरती आबा बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की जयंती पर जिले भर में जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। जननायक बिरसा मुंडा की जयंती पर सामाजिक बंधुओ और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर के अस्पताल चौक परिसर स्थित बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा समीप दीप प्रज्वलित कर, माल्यार्पण के उपरांत उनका जयघोष किया तो वही उद्बोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहा उपस्थित पदाधिकारियों और सामाजिक बंधुओ ने बारी बारी से धरती आबा बिरसा मुंडा विरगाथा का बखान किया। जहां उपस्थितजनों ने जननायक बिरसा मुंडा जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बलिदान को याद किया। वहीं उपस्थितजनों ने बिरसा मुंडा की जीवनी से प्रेरणा लेकर उनके नक्शे कदम पर चलने का संकल्प लिया।**





### बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने का लिया गया संकल्प

भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती के अवसर पदाधिकारियों ने जनसभा को सम्बोधित किया। कार्यक्रम बताया गया की भगवान बिरसा मुंडा ने लोगो के हक अधिकारों के लिए अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया था और वे अल्पायु में ही देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे पर झूल गए थे। आज उन्हीं की जयंती मनाई जा रही है।जयंती पर बिरसा मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया है ।भगवान बिरसा मुंडा को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई है बताया गया कि भगवान बिरसा मुंडा ने समाज और पूरे देश के लिए आदर्श स्थपित किया है। उनके आंदोलन उनके संघर्ष ने नई जनजागृति लाई है, हमें उनके आदर्शों पर चलना है। उन्होंने केवल समाज ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए अपनी आवाज उठाई थी ।अपने अधिकार के लिए लड़े थे, हमें भी उनके नक्शे कदम पर चलना है यही संकल्प आज जयंती विशेष पर लिया गया है।

### उन्होंने समाज व देश के लिए दी थी अपने प्राणों की कुर्बानी

धरती आबा बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती पर पूजा अर्चना कर उनके बलिदान को याद किया गया है।बताया गया कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश व संपूर्ण समाज और जल जंगल जमीन के लिए अपना बलिदान दिया है। उनके इस आंदोलन को याद करते हुए सामाजिक बंधुओ ने कहा कि हम जल जंगल जमीन के मालिक हैं उसी को हमें बचाए रखना है यही संदेश आम जनों को दिया जा रहा है।वक्ताओं ने बताया कि बिरसा मुण्डा चौक में जयंती पर हम सभी आज उन्हें याद कर नमन कर रहे है। उन्होंने देश और समाज के लिए जो आदर्श स्थापित किया और आंदोलन के माध्यम से संघर्ष के रास्ते पर चलने की जो प्रेरणा हमें दी है, उससे हम सबको सीखने की जरूरत है। उन्होंने धर्म, संस्कृति को बचाने और हिंसा के खिलाफ एवं अधिकार के लिए लड़ना सीखाया। जिनका देश और समाज के लिए किया गया त्याग, अविस्मरणीय है।

### आज जितनी कि प्रॉपर्टी जिसके नाम से दर्ज है,यह बिरसा मुण्डा जी कि देन है- सतेन्द्र

बिरसा ब्रिगेड जिला अध्यक्ष सतेन्द्र इनवाते ने बताया कि बिरसा मुण्डा जी की 150 वी जयंती बिरसा ब्रिगेड, आदिवासी विकास परिषद, सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सामुहिक रूप से मनाई जा रही है।बिरसा मुण्डा जी ने महज 24 वर्ष की आयु में ही जल जंगल जमीन के हक अधिकार के लिए अंग्रेजो से लोहा ले लिया था। सन1898 में बिरसा मुण्डा जी ने अंग्रेजों को नर्मस्तक करके भू संपादन का कानून बनवाया था। आज जितने भी लोग हैं जिनके नाम पर प्रॉपर्टी है 7/12 में जिसका नाम है एसटी एससी ओबीसी सभी को मालिकाना हक दिलाए जाने का काम बिरसा मुंडा जी ने किया है। आज देश के जितने लोगों के पास जमीन है जो उनके नाम है यह बिरसा मुंडा जी की ही देन है। आज उनकी 150 की जयंती पर उन्हें नमन कर, उनके बलिदान को याद किया गया है। उन्हें श्रद्धांजलि दी गई है तो वहीं उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया है।

# भरवेली पुलिस ने एक माह से लापता नाबालिक युवती को महाराष्ट्र राज्य से किया बरामद

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** भरवेली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपने थाना क्षेत्र से पिछले एक माह से लापता एक नाबालिक लड़की को महाराष्ट्र राज्य के नागपुर में एक युवक के पास से दस्तयाब किये। इस लड़की को उसके परिजनों ने के हवाले कर दिया गया है। उस युवक से पूछताछ की जा रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 अक्टूबर 2025 से कोई है लड़की अपने घर से बिना बताए चली गई थी। परिजनों के द्वारा तलाश करने पर यह लड़की नहीं मिली। जिसकी रिपोर्ट उसके के परिजनों द्वारा भरवेली पुलिस थाना में की गई थी।भरवेली पुलिस ने इस नाबालिक लड़की का अपहरण करने के आरोप में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 173(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर इस लड़की की तलाश शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत जब इस नाबालिग लड़की की तलाश की जा रही थी। इस दौरान हाल ही में सूचना मिली कि यह नाबालिक लड़की महाराष्ट्र राज्य के नागपुर स्थित प्रजापति नगर गजानन मंदिर के बाजू एक मकान में किराए से रह रही है। इस सूचना पर भरवेली पुलिस थाने से उप निरीक्षक आर. पी. मेश्राम के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक राहुल गौतम, प्रधान आरक्षक जीतलाल धामडे, और आरक्षक अनीता मनघटे की टीम नागपुर पहुची और इस पुलिस टीम ने नागपुर में तलाशी शुरू की इस दौरान प्रजापति नगर स्थित गजानन मंदिर के पास एक किराए कमरे में यह लड़की एक युवक के पास से दस्तयाब की गई। इस नाबालिक लड़की और उसे युवक को थाना लाया गया। लड़की को उसके परिजनों के हवाले कर दिए गए और युवक से पूछताछ की जा रही है।

# बाघ नदी से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

## व्यक्ति की नहीं हो पाई है शिनाख्त

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** किरनापुर पुलिस ने ग्राम कान्द्री कला समीप बाघ नदी के पितर गोटा घाट से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। इस व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई है। इस अज्ञात व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम के बाद कफन दफन करवा दिया गया है।



किरनापुर पुलिस के मुताबिक 13 नवंबर को दोपहर में सूचना मिली कि ग्राम कान्द्री कला समीप बाघ नदी के पितर गोटा घाट मैं एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलने पर सहायक उप निरीक्षक रमेश माहुले अपने स्टाफ के साथ बाघ नदी के पितर गोटा पहुंचे। एक अज्ञात व्यक्ति का शव नदी के पानी में पत्थरों के पास पड़ा हुआ था और काफी खराब हो चुका था। सहायक उप निरीक्षक श्री माहुले ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकलवाए।मृतक की ओर 30 से 35 वर्ष जिसके शरीर पर अंडरवियर, कत्थई कलर बनियान और हरे गहरे कलर की फुल आस्तीन सर्ट पहना हुआ था। जिसकी मौके पर शिनाख्त नहीं हो पाई। आसपास के गांव वालों से भी इस अज्ञात व्यक्ति की पहचान कराई गई किंतु इस व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई। इस अज्ञात व्यक्ति का शव किरनापुर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा करने के बाद उसका कफन दफन कर दिया गया है और पहचान हेतु इस व्यक्ति की बनियान और शर्ट को वारसानो की पहचान हेतु सुरक्षित रखवा दिया गया है।

# इज्तेमाई शादी आज -16 नवंबर को 16 जोड़े करेंगे निकाह

## मुफ्ती ए महाराष्ट्र प्रोग्राम में होंगे शामिल, अंजुमन शादी हाल में होगी इज्तेमाई शादी, मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी का आयोजन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** हर साल की तरह इस साल भी जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी बालाघाट की जानिब से इज्तेमाई शादी का इंतजाम किया गया है।16 नवंबर रविवार को अंजुमन शादी हॉल में आयोजित इस इज्तेमाई शादी में सोसाइटी की जानिब से 16 मुस्लिम नवयुवक-युवती जोड़ों का निकाह इस्लामी रस्मो रिवाज के साथ तहत कराया जाएगा। साथ ही निकाह कुबूल करने वाले तमाम मुस्लिम जोड़ों को सोसायटी की जानिब से उपहार स्वरूप घर-ग्रहस्थी की सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। रविवार को आयोजित इज्तेमाई शादी में मुफ्ती ए महाराष्ट्र मुजतबा शरीफ साहब तशरीफ लाएंगे।आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुवात बरात रवानगी के साथ की जाएगी। यह बारात अंजुमन शादी हॉल से बैहर चौकी होते हुए शहर के विभिन्न चौक चौराहों गस्त लगाते हुए ,वापस अंजुमन शादी हाल पहुंचेगी। जहां सोसायटी द्वारा शाम 4 बजे इस्लामी रस्मो रिवाज के अनुसार 16 मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न कराया जाएगा।जिसके उपरांत उन्हें घर गृहस्ती की सामग्रियों का वितरण कर ,निकाह में मौजूद तमाम लोगों को लंगर ए मोहम्मदी (खाना तक्सीम) किया जाएगा।यह तमाम जानकारी शनिवार मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चर सोसायटी बालाघाट पदाधिकारियों द्वारा दी गई।इस दौरान सोसायटी अध्यक्ष सोहेल एजाज, उपाध्यक्ष -मो.रियाज गनी, सचिव आसिफ शेख, आसिफ राईन, जिला प्रवक्ता मो. इमरान कुरैशी, रहीम खान, सदस्य डॉ शकील खान, आदिल पटेल, समीर हुसैन(भुरू भाई)मो. यानिस मदार, इकबाल कुरैशी, और फिरोज खान,सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### सेहरा गाते हुए निकाली जाएगी बारात

अंजुमन शादी हॉल में आयोजित इस इज्तेमाई शादी की शुरुवात रविवार दोपहर करीब 2=30 बजे बरात रवानगी के साथ अंजुमन शादी हॉल से होगी।जहां निकाह के पूर्व एक सामूहिक बारात निकाली जाएगी।यह बारात अंजुमन शादी हाल से बैहर चौकी, देवी तालाब रोड से मेन मार्केट होते हुए, काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक, जयस्तंभ चौक, वहां से बूढ़ी अस्पताल मार्ग से बस स्टैंड, रानी अवंती बाई चौक होते हुए बैहर मार्ग रजा चौक, जामा मस्जिद चौक से वापस अंजुमन शादी हाल पहुंचेगी।जहां सोसायटी की जानिब से 16 मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया जाएगा।

### ये 16 जोड़े कहेंगे निकाह कुबूल है

मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी बालाघाट की जानिब से इस साल इस्तेमाल शादी में 16 नवम्बर को 16 जोड़ों का निकाह कराया जाएगा।जिसमें साईना अली हमराह सैफ अली,शाहीन खान हमराह आरिफ खान, शीबा खान हमराह तालिब अली, आशिया कुरैशी हमराह शेख कलीम, रौनक हमराह जाकिर कुरैशी, फराना कुरैशी हमराह अकरम अली, सोफिया खान हमराह शेख रिजवान, परवीन खान हमराह इब्राहिम खान, मुस्कान कुरैशी हमराह निसार खान, मुस्कान कनोजने हमराह शाहिद कुरैशी, रोजी खान हमराह अली खान, नाज़नीन हमराह तबरेज शरीफ शेख, हस्मीन खान हमराह सरफराज खान, रफिया अंसारी हमराह मोहसिन खान ,गुलनाज खान हमराह अब्दुल गैस शेख और निसार अंजुम हमराह अयान खान निकाह कबूल कर विवाह के बंधन में बंधेंगे।

### समाज की इमदाद से होते हैं विभिन्न कार्यक्रम -सोहेल एजाज

मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी अध्यक्ष सोहेल एजाज ने औपचारिक चर्चा के दौरान बताया कि मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी की जानिब से समय समय पर मुस्लिम समाज के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाते हैं।इसके पूर्व सोसायटी द्वारा एजुकेशन के क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था।17 अगस्त को आयोजित इस सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में प्रतिभामान बच्चों को स्कूल बैग, शील्ड, प्रमाण पत्र एवं नगद पुरस्कारों का वितरण किया गया था। आज शनिवार को आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया था।जिसका करीब 250 लोगो ने लाभ उठाया है।उन्होंने बताया कि मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी की जानिब से हर साल ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर इज्तेमाई शादी का आयोजन किया जाता है। जो पिछले16वर्षों से चल रहा है। इस साल सोसायटी की जानिब से ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रविवार को इज्तेमाई शादी का इंतजाम किया गया है। जिसमें 16मुस्लिम जोड़ों का निकाह इस्लामी रस्मो रिवाज के अनुसार संपन्न कराया जाएगा।उन्हें सोसायटी की जानिब से घर गृहस्थी की सामग्रियों का वितरण किया जाएगा, वही शाम को लंगर ए मोहम्मदी लंगर ए आम का आयोजन किया गया है। यह सभी कार्यक्रम समाज के सहयोग से आयोजित होते हैं। इसमें सरकारी मदद भी नहीं ली जाती।

# आदर्श ग्राम गर्रा में 15 से 23 नवम्बर तक श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** आदर्श ग्राम गर्रा में 15 से 23 नवम्बर तक श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक महाकुंभ ग्रामीण क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने के लिये किया जा रहा है। कथा का आयोजन दोपहर 12 से 5 बजे और रात्रि 7 से 10 बजे तक किया जाएगा। आयोजन स्थल त्रिवेदी पेट्रोल पम्प के पीछे निर्धारित किया गया है। आयोजन के दौरान हर दिन विशेष धार्मिक अनुष्ठान और महापुराणिक कथाओं का समावेश रहेगा। जिसमे 15 नवम्बर= कलश यात्रा, वेदी पूजन एवं कथा प्रारंभ,16 नवम्बर= रूद्र संहिता, शिवशक्ति बोध, शिवरात्रि महिमा, 17 नवम्बर= शत रूद्र, शक्ति पीठ, पार्वती जन्मोत्सव, 18 नवम्बर= कोटि रूद्र, शिव-पार्वती विवाह ,19 नवम्बर= तारकासुर कथा, भगवान कार्तिकेय एवं श्री गणेश जन्मोत्सव, 20 नवम्बर= वायु संहिता, अर्द्धनारी अवतार, नरसिंह अवतार, 21 नवम्बर= कैलाश संहिता, बारह ज्योर्तिलिंग एवं मॉकाली जी प्रकटोत्सव , 22 नवम्बर= विधेश्वर संहिता, हनुमान जन्मोत्सव, श्रीराम कथा व सुन्दरकाण्ड, 23 नवम्बर= समस्त शिवमहापुराण विवेचन, रूद्राक्ष वितरण, व्यास पूजन एवं महाप्रसादी का वितरण होंगा। आयोजक समस्त ग्रामवासियों ने आमजन से आग्रह किया है कि वे इस धार्मिक आयोजन में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें। इस कथा आयोजन के माध्यम से न केवल धार्मिक परंपराओं को जीवित रखा जाएगा, बल्कि समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को भी प्रबल बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सीएचएमओ डॉ. उपलप एवं नोडल अधिकारी राजाराम चक्रवर्ती को किया गया सम्मानित

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती के समापन वर्ष पर दिनांक 15 नवम्बर 2025 को जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले एवं विकासखण्डों को पुरस्कृत किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल द्वारा प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बालाघाट के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप एवं नोडल अधिकारी राजाराम चक्रवर्ती को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया है। यह बालाघाट जिले के लिए गर्व और उपलब्धि की बात है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 125 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बालाघाट के सीएचएमओ डा परेश उपलप एवं नोडल अधिकारी राजाराम चक्रवर्ती को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। यह बालाघाट जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि और गर्व की बात है।

# खोगाटोला मोहगांव ध. में 21 हजार ईनामी टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 18 से

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 10 किमी दूर ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत मोहगांव ध के अंतर्गत आने वाले ग्राम खोगाटोला में के-25 क्रिकेट खेल मैदान में के-25 के तत्वाधान में 18 नवंबर से 21 हजार ईनामी टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। चर्चा में आयोजन समिति के पदाधिकारी मोहित दमाहे ने बताया कि 18 नवंबर से टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 21000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 11000 रूपये एवं प्रवेश शुल्क 1100 रूपये निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर जिलेभर के क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील आयोजन समिति के संयोजक मोहित दमाहे, मंजू बसेने, अध्यक्ष देवेन्द्र बसेने, सोनू नगपुरे, नितेश नगपुरे, भावेश बघेले, सचिव दिनेश राउत, गुरूवेश बनकर, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र लिल्हारे, संजय नगपुरे, सहसचिव विजेन्द्र नगपुरे, गुल्लू नगपुरे, बुगलेश्वर दमाहे, मीडिया संरक्षक पूनम राउत सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।

आवश्यकता है
ऑफिस कार्य हेतु चपरासी युवक की आवश्यकता है, सिर्फ 35 वर्ष से नीचे के युवक ही आवेदन करें बालाघाट एवं आसपास के रहने वालेही संपर्क करें।
मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 बजे से शाम 8.00 बजे तक
संपर्क
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक मेन रोड बालाघाट (मप्र)
मो. 9244872544

आवश्यकता है
सेल्समेन एवं सेल्स गर्ल की आवश्यकता है
अनुभवी को प्राथमिकता
घूंघट साड़ी
मेन रोड, बालाघाट

आवश्यकता है
होटल कान्हा इन बालाघाट
होटल में काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है
मो. - 9993282223
9425139875

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# ट्रामा सेंटर का वाटर कूलर बंद; शौचालय में ताला जड़ दिया, प्रसूताओं के लिए नारकीय हालात!!

## विडम्बना का ओर-छोर नही:राष्ट्रीय मापदंड हासिल जिला चिकित्सालय में बदहाली

पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**जिला अस्पताल का ट्रामा सेंटर अपनी बदहाली पर आंसू बहाता नजर आ रहा हैं। यहां पहुँचने वाले लोगो को मूलभूत सुविधाए तक नही मिल पा रही है। शुद्ध पेय जल और शौचालय के लिए भी प्रसूताओं और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसका एक नजारा शनिवार को ट्रामा सेंटर में देखने को मिला। जहां प्रसूता के परिजनों को पानी पीने के लिए ,प्रथम माले से नीचे उतरकर बोतल भरते हुए और बाल्टियों में पानी लेते हुए देखा गया। वजह पता करने पर जानकारी लगी की ट्रामा सेंटर के प्रथम माले पर पानी की व्यवस्था के लिए लगाया गया वाटर कूलर पिछले 15- 20 दिनों से बंद पड़ा हुआ है तो वहीं ड्रेनेज सिस्टम खराब होने के चलते प्रसूता वार्ड का शौचालय में भी बंद है।जिंसमे सुधार कार्य करने की जगह कर्मचारियों ने उस शौचालय ताला जड़ दिया गया है। जिसके चलते प्रसव के लिए भर्ती प्रसूताओं और उनके परिजनों को खासकर महिलाओं को शौचालय जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।तो वहीं दूसरी ओर पीने के पानी के लिए उन्हें ट्रामा सेंटर के निचले गेट स्थित वाटर कूलर से पानी ले जाना पड़ रहा है। मूलभूत सुविधाएं न मिलने पर अपनी नाराजगी जताते हुए प्रस्तुताओ और उनके परिजनों द्वारा व्यवस्थाओं में सुधार किए जाने की मांग की है। तो वहीं प्रबंधन द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की बात कही गई है। अब देखना यह दिलचस्प रहेगा कि पिछले 15-20 दिनों से बिगड़ी यहां व्यवस्था ,अस्पताल प्रबंधन द्वारा कब तक दुरुस्त कर दी जाती है. या फिर यहां आने वाली या पहले से भर्ती प्रसुताओं और उनके परिजनों को और कितने दिनों तक इन मूलभूत सुविधाओं से मेंहरूम रहना पड़ता है।**






### अव्यवस्थाओं पर अब तक नहीं दिया गया था ध्यान

ज्ञात हो कि जिला को एनक्यूएएस का दर्जा हांसिल है। हैरत की बात तो यह है कि पिछले 15 20 दिनों से यहां मूलभूत सुविधाओं की कमी बनी हुई है, बावजूद इसके भी अब तक इसमें सुधार कार्य नहीं किया गया है।जिसका खामियाजा ट्रामा सेंटर में भर्ती प्रसुताओं और उनके परिजनों को भुगतना पड़ रहा है। जब इस पूरे मामले की शिकायत प्रसूताओ के परिजनों द्वारा पदमेश न्यूज़ रिपोर्टर से की गई और पदमेश न्यूज़ रिपोर्टर ने स्वयं हालातो का जायजा लेकर अस्पताल प्रबंधन को मामले से अवगत कराया तब कहीं जाकर सिविल सर्जन ने ट्रामा सेंटर का निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों से बात करके जल्द से जल्द सुधार कार्य करने के निर्देश दिए।

### शौचालय में लगा है ताला, होती है परेशानी- उमेश्वरी

ट्रामा सेंटर में भर्ती प्रसूता की परिजन अतरी हेटी निवासी श्रीमती उमेश्वरी पटेल ने बताया कि वे करीब चार दिनों से ट्रामा सेंटर में प्रसूता की सेवा करने के लिए आई है।उनके वार्ड में महिला शौचालय बना हुआ है लेकिन इसका उपयोग नहीं हो रहा है।वे जब से यहां आई है तब से शौचालय कक्ष के बाहर ताला लगा हुआ है। कोई भी प्रसूता या उनके परिजन इस शौचालय का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इसीलिए हमें कक्ष के बाहर दूसरे कक्ष के बरांडे स्थित शौचालय का उपयोग करना पड़ रहा है,उसमे भी साफ सफाई का अभाव है, जगह जगह गन्दगी रहती रही है।वही पूरा परिसर दुर्गंध से सराबोर रहता है। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी प्रसुताओं को होती है ,जिनका ऑपरेशन हुआ है और जो बेड में भर्ती प्रसूताएं है उन महिलाओं को दूर के शौचालय जाने आने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पूछने पर भी नहीं बताया जाता की शौचालय पर ताला क्यों लगाया गया है।पूरे वार्ड की महिलाएं शौचालय कक्ष तक आती हैं लेकिन यहां ताला लगा देखकर वापस चली जाती है।

### पीने के पानी के लिए करनी पड़ती है जद्दोजहद- शीबा

वहीं जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर के प्रथम कक्ष पर भर्ती मोहदा कटंगी निवासी प्रसूता की परिजन शीबा खान ने बताया कि नर्स रूम के ठीक सामने लिफ्ट के बाजू में यहां आने वाले मरीजो और उनके परिजनों की पेयजल व्यवस्था के लिए वाटर कूलर लगाया गया है लेकिन यह वाटर कूलर पिछले कई दिनों से बंद है। लोग पानी के लिए यहां आते हैं और खाली बोतल लेकर वापस चले जाते हैं।यहां तक कि हम पिछले चार दिनों से पानी भरने के लिए ट्रामा सेंटर के नीचे गेट के पास लगे वाटर कूलर जा रहे है।जहां से पानी भरकर प्रथम तल पर लाना पड़ रहा हैं।यहां केवल पेयजल ही नहीं बल्कि शौचालय के लिए भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां वार्ड में शौचालय है ,लेकिन वहां किसी ने कुछ डाल दिया है,जिससे शौचालय चोक हो गया है। इसीलिए कर्मचारियों ने शौचालय में ताला जड़ दिया है।इससे प्रसूता और उनके परिजनों को भारी परेशानियां हो रही है अस्पताल प्रबंधन ने जल्द से जल्द पानी और शौचालय की व्यवस्था करनी चाहिए।

### व्यवस्था बनाने प्रपोजल भेजा गया है- आशुतोष बांगरे

शिकायत का संज्ञान लेकर जिला अस्पताल के प्रभारी सिविल सर्जन डॉ आशुतोष बांगरे ने ट्रामा सेंटर का तुरंत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तो वही नर्स अटेंडर से मामले को लेकर पूछताछ की,चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि ट्रामा सेंटर से शिकायत आई थी,यहां प्रथम तल में महिलाओं के लिए बाथरूम है जो बंद है, यहां अटेंडर और कर्मचारियों से पता चला कि उसका ड्रेनेज सिस्टम खराब हो चुका है वही पानी की पाइपलाइन भी टूट चुकी है। जिसमें सुधार कार्य करने के लिए शासन को प्रपोजल भेजा गया है जो स्वीकार भी हो चुका है। करीब 15 -20 दिनों के भीतर या उसके पहले जल्द ही इस व्यवस्था को बना दिया जाएगा।वहीं पेयजल की समस्या को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि ट्रामा सेंटर में पेयजल की कोई कमी नहीं है, नीचे गेट के पास वाटर कूलर लगे हैं। वहीं जिला अस्पताल में भी पानी की व्यवस्था है। प्रथम तल में लगा वाटर कूलर खराब होने की जानकारी मिली है।वैसे भी एक प्रसूता के पास से 5-6 लोग रहते हैं, पानी के लिए ज्यादा दिक्कत नहीं जाती। फिर भी प्रथम तल में लगे वाटर कूलर को तीन-चार दिनों में दुरुस्त कर दिया जाएगा।दोनो ही अव्यवस्था जल्द दूर हो जाएगी।

# नागपुर निवासी अधेड़ की चिकित्सालय परिसर में मृत्यु

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** जिला अस्पताल परिसर में महाराष्ट्र राज्य के एक व्यक्ति की मौत हो गई।यह व्यक्ति संजय पिता लक्ष्मण वानखेडे उम्र करीब 45 वर्ष नागेश्वर नगर नागपुर महाराष्ट्र निवासी बताया गया है। जो पिछले दो दिन से जिला अस्पताल परिसर में ही शराब पीते हुए देखा जा रहा था। जिला अस्पताल पुलिस में इस व्यक्ति का शव जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 नवंबर की शाम राजू बावनकर नामक व्यक्ति ग्राम नेवरगांव कला निवासी ने इस व्यक्ति को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती किया गया था। जिसका नाम संजय पिता लक्ष्मण वानखेडे नागेश्वर नगर नागपुर महाराष्ट्र निवासी के नाम से दर्ज किया गया था।12 नवंबर की ही रात में यह व्यक्ति सर्जिकल वार्ड से गायब हो गया था और अस्पताल परिसर में ही वह शराब पीते देखा जा रहा था। 14 नवंबर को भी यह व्यक्ति अस्पताल परिसर में ही शराब पीते हुए देखा गया। 15 नवंबर को 11 बजे करीब जिला अस्पताल के स्टाफ कार पार्किंग हाल के बाजू नाली में पड़ा हुआ था और उसकी मौत हो गई थी। 12:30 बजे करीब जिला अस्पताल पुलिस चौकी में सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक बारेलाल पांचे,आरक्षक शरद यादव ने अस्पताल कर्मचारियों के साथ इस व्यक्ति का शव मौके से उठवा कर जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिये है और उसके परिवार वालों को सूचित किया गया है। संभावना व्यक्त जा रही है इस व्यक्ति की शराब की नशे और ठंडी की वजह से उसकी मौत हो गई।



# गोंदिया रोड पर पानी की पाइपलाइन का वाल्व फटने से सड़क पर बहा पानी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** गोंदिया रोड स्थित प्रेम नगर मुख्य प्रवेश द्वार के सामने शनिवार दोपहर अचानक पानी की पाइपलाइन का वाल्व फट गया। पाइपलाइन से तेज रफ्तार में फव्वारे की तरह पानी ऊपर उछलने लगा। अचानक हुए इस दृश्य को देखकर आसपास मौजूद लोग आश्चर्यचकित रह गए और कई लोगों ने तेजी से बहते पानी के इस दृश्य का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। एक दिन पहले एमएलबी स्कूल के पास पानी की टंकी के निचे पाइपलाइन में लगे वाल्व खराब होने के कारण शहर के लगभग 10 से अधिक वार्डों में जल आपूर्ति प्रभावित हुई थी। इसी समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका द्वारा मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा था। रिपेयरिंग के दौरान नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा मुख्य वाल्व अधिक घुमा दिए जाने से प्रेम नगर प्रवेश द्वार के सामने लगा वाल्व अचानक फूट गया, जिसके परिणामस्वरूप तेज दबाव से पानी सड़क पर बहने लगा।

13 नवंबर की शाम 5 से 6 बजे के बीच एमएलबी स्कूल के पास स्थित पानी टंकी के वाल्व सहित दो से तीन स्थानों पर पाइपलाइन में अचानक तकनीकी खामियां आ गई थीं। इस वजह से 14 नवंबर को शहर के लगभग 10 से अधिक वार्डों में पानी सप्लाई पूरी तरह बाधित रही। स्थिति को सामान्य करने के लिए नगर पालिका ने मरम्मत कार्य शुरू किया और कर्मचारियों ने आश्वस्त किया था कि 15 नवंबर से जल वितरण सुचारू कर दिया जाएगा। सुबह पानी का टेस्ट रन भी किया गया। इसके बाद कुछ तकनीकी कार्यों के उपरांत दोपहर में नगर पालिका के कर्मचारियों ने पाइपलाइन की मरम्मत जारी रखी। दोपहर लगभग 3 बजे जैसे ही पाइपलाइन को पूर्ण क्षमता पर चलाया गया, तभी प्रेम नगर मुख्य प्रवेश द्वार के सामने अत्यधिक प्रेशर आने के कारण वाल्व अचानक फूट गया। तेज रफ्तार में पानी फव्वारे की तरह ऊपर उछलते हुए गोंदिया रोड पर बहने लगा। यह दृश्य देखकर आसपास मौजूद लोग हैरान रह गए। कई लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी साझा कर दिया। नगर पालिका कर्मचारियों ने बताया कि इस स्थान पर भी वाल्व रिपेयर कार्य चल रहा था और बढ़े हुए प्रेशर के कारण वाल्व टूट गया। हालांकि, तुरंत कार्रवाई कर पाइपलाइन की मरम्मत की गई और स्थिति को नियंत्रण में लाया गया। नगर पालिका ने आश्वासन दिया है कि रिपेयर कार्य पूरा कर लिया गया है तथा अब शहरवासियों को दोनों समय निर्धारित रूप से पानी उपलब्ध कराया जाएगा।



### वार्ड में पानी की समस्या हैं - आशुतोष

वार्ड क्रमांक 27 में जल संकट लगातार बना हुआ है। पार्षद आशुतोष ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार शाम के समय भी वार्ड में पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पाई। नगर पालिका के कर्मचारी पानी उपलब्ध कराने का आश्वासन तो दे रहे हैं, लेकिन दो दिनों से पानी न आने के कारण वार्ड की स्थिति गंभीर होती जा रही है। पार्षद ने बताया कि वार्ड के नागरिकों को परेशानी से राहत दिलाने के लिए उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से टैंकरों की व्यवस्था की मांग भी की है, ताकि पेयजल संकट का समाधान किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पाइपलाइन पूरी तरह सुधार दी गई है या नहीं।

# महिला, बेटी और बेटे से पड़ोसियों ने की मारपीट

## घायल महिला रेखा यादव जिला अस्पताल में भर्ती

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कोतवाली क्षेत्र में आने वाले ग्राम गर्रा के मशीन टोला में बीती रात एक महिला और उसके बेटा और बेटी को पड़ोसियों ने हाथ बुक्के और डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए और गले में पहने मंगलसूत्र और चांदी की चेन छीन लिए। मारपीट में घायल महिला रेखा पति सुरेंद्र यादव 45 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस मारपीट में इस महिला के बेटी प्रतिमा पति मोनेश्वर यादव 29 वर्ष और बेटा दिवाकर पिता सुरेंद्र यादव 28 वर्ष को मामूली चोटे आई है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रेखा यादव मजदूरी और घरेलू काम करती है। 14 नवंबर की रात्रि रेखा यादव अपने परिवार के साथ घर में थी। रात्रि 10बजे करीब रेखा यादव ने परिवार के साथ खाना खाई और थाली धोने के लिए घर के बाहर आंगन में आई थी। उसमें पड़ोसी जुगनू उर्फ शेखर यादव, विवेक यादव, बादशाह यादव आपस में झगड़ा कर रहे थे। और गंदी-गंदी गालियां दे रहे थे। रेखा यादव आंगन में खड़ी होकर सुन रही थी। जब वे लोग ज्यादा गालियां देने लगे और सुनने में बुरी लग रही थी। तब रेखा यादव ने जाकर उन्हें समझाई की गाली क्यों दे रहे हो। उतने में विवेक यादव की मां सुगन यादव आई और रेखा से बोली की बीच में बोलने वाली कौन होती है। इसी को लेकर विवाद बढ़ गया तभी सुगन यादव लड़का मुस्ताक उर्फ विवेक यादव, बादशाह यादव,शेखर,विपिन नितेश गिरी भी आ गए और इन लोगों ने रेखा यादव के बाल पड़कर उसे हाथ बुक्के और डंडे से मारपीट करने लगे। रेखा यादव के चिल्लाने पर उसकी बेटी प्रतिमा यादव और बेटा दिवाकर यादव आये और बीच बचाव कर रहे थे। तब इन लोगों ने प्रतिमा यादव और दिवाकर यादव को भी हाथ बुक्के और डंडे से मारपीट किए। जान से मारने की धमकी दिये। मारपीट के दौरान बादशाह यादव ने रेखा यादव के गले से मंगलसूत्र और उसके बेटे दिवाकर यादव के गले से चांदी की चेन छीन कर निकाल लिए। इस विवाद के दौरान डायल 112 को फोन करके बुलाये और उसी से सभी घायलों को जिला अस्पताल बालाघाट लाया गया। मारपीट में अधिक चोट आने से घायल रेखा यादव को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया और उनके बेटी प्रतिमा यादव और बेटे दिवाकर यादव को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जिला अस्पताल पुलिस ने रेखा यादव का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली बालाघाट भिजवा दी है।



## गर्रा पेट्रोल पंप के पास मिले अज्ञात व्यक्ति की जिला अस्पताल में मौत

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** वारासिवनी रोड पर स्थित ग्राम गर्रा पेट्रोल पंप के पास रोड किनारे एक अज्ञात व्यक्ति की 108 एंबुलेंस में जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई ।इस व्यक्ति की अभी पहचान नहीं हो पाई है। जिला अस्पताल पुलिस ने इस व्यक्ति का शव जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर को शाम 5:30 बजे करीब कोतवाली बालाघाट से वारासिवनी रोड ग्राम गर्रा पेट्रोल पंप के पास रोड किनारे एक अज्ञात व्यक्ति पड़े होने की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई थी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और रोड किनारे पड़े इस बेहोश व्यक्ति को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाये। डॉक्टर के द्वारा चेक करने पर इस व्यक्ति को मृत घोषित कर दिए। इस व्यक्ति की 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाते समय रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। इस व्यक्ति की मौके पर पहचान नहीं हो पाई है। यह व्यक्ति आसपास के ही क्षेत्र का होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जिला अस्पताल पुलिस ने इस अज्ञात व्यक्ति का शव जिला अस्पताल बालाघाट के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिये है।



# अभय सेठिया के निवास पर वरिष्ठ भाजपाइयों ने मनाया बिहार विधानसभा चुनाव की जीत का जश्न

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत पर जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। जीत की खुशी में जश्न का सिलसिला लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। एक दिन पहले भाजपा कार्यालय में आयोग सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जीत का जश्न मनाया गया था। शनिवार को वरिष्ठ भाजपाइयों ने शहर के राजघाट चौक स्थित भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष अभय सेठिया के निवास पर पुन: जश्न मनाकर उत्साह व्यक्त किया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर शुभकामनाएँ दीं और भारत माता की जय, नेता-कार्यकर्ताओं के समर्थन में नारे एवं एनडीए की विजय के जयघोष लगाए।



14 नवंबर को बालाघाट भाजपा कार्यालय में आयोग सदस्य मौसम बिसेन सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए , एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई थी । अगले दिन 15 नवंबर को वरिष्ठ भाजपाइयों द्वारा मीडिया को जानकारी देते हुए बताया गया कि पार्टी के पूर्व उपाध्यक्ष अभय सेठिया के राजघाट चौक स्थित निजी निवास पर बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा पदाधिकारी लता एलकर, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश रंगलानी, भाजपा मीडिया प्रभारी अभय कोचर, राज हरिनखेडे, सुशील वर्मा, सुधीर चिले सहित कई व्यापारीबंधु और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के बाद सभी कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा आतिशबाजी करते हुए बिहार में एनडीए की जीत का जश्न मनाया। भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष अभय सेठिया ने कहा कि एनडीए की प्रचंड विजय पर उन्होंने उन कार्यकर्ताओं को बुलाया था जिन्होंने बिहार चुनाव को लेकर कार्य किया। सेठिया ने कहा यह विजय भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की बिना डंडे और झंडे के की गई मेहनत का परिणाम है। 20 वर्ष बाद बिहार में यह बड़ी जीत मिली है और आगे बंगाल, उसके बाद उत्तर प्रदेश और फिर तमिलनाडु तक यह विजय यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने भाजपा कार्यालय में पहले दिन मनाए गए जश्न को लेकर कहा कि उस समय वह शहर से बाहर होने के कारण उपस्थित नहीं हो पाए, इसलिए आज अपने निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ विजयोत्सव मनाया गया।

# छोटी पनबिहरी माइनर नहर के सीमेन्टीकरण निर्माण कार्य में अनियमितता!!

## किसानों ने निर्माण कार्य की जांच कर गुणवत्तापूर्ण काम करवाने एवं आने-जाने के लिए जगह-जगह पुलिया बनाने की मांग की

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

नगर मुख्यालय से लगभग 8 किमी. दूर ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. स्थित सर्राटी जलाशय से रामजीटोला माइनर नहर का करोड़ों रूपयों की लागत से विगत वर्ष पूर्व सीमेन्टीकरण नहर का निर्माण किया गया है। ताकि क्षेत्रीय किसानों को सिंचाई के लिए पानी पर्याप्त मिल सके परन्तु निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण कुछ स्थानों ने नहर क्षतिग्रस्त होने लगी है। साथ ही सर्राटी जलाशय से रामजीटोला माइनर नहर के साथ ही छोटी पनबिहरी माइनर नहर का भी निर्माण किया जाना चाहिए था लेकिन नही किया गया था। जिसके कारण पनबिहरी के किसानों को सर्राटी जलाशय का पानी नही मिलने से किसानों की फसल प्रभावित होती थी। जिससे परेशान किसानों के द्वारा लंबे समय से पीएचई विभाग कार्यालय के सामने से छोटी पनबिहरी माइनर नहर का सीमेन्टीकरण निर्माण करवाने की मांग कर रहे थे लेकिन उनकी मांगों की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा था। किसानों की इस समस्या को लेकर विगत माह पूर्व बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद जल संसाधन विभाग के अधिकारी हरकत में आये और छोटी पनबिहरी माइनर नहर का सीमेन्टीकरण कार्य गत दिवस से प्रारंभ कर दिया है। लेकिन निर्माण कंपनी के





द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता बरतते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य नही करवाया जा रहा है,। जिससे सीमेन्टीकरण नहर जल्द खराब हो जायेगी। साथ ही किसानों को आने-जाने के लिए पुलिया का भी निर्माण नही किया जा रहा है, अगर नहर के बीच में किसानों को खेतों तक पहुंचने के लिए पुलिया का निर्माण नही किया जायेगा तो उन्हे ट्रेक्टर सहित अन्य कृषि उपकरण लेने जाने एवं आने-जाने में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं किसानों का यह भी आरोप है कि लंबे समय बाद सीमेन्टीकरण नहर का निर्माण किया जा रहा है लेकिन गुणवत्तापूर्ण कार्य नही किया जा रहा है। जिससे ऐसा लग रहा है कि पूर्व में बनी सीमेन्टीकरण नहर जिस तरह से एक-दो साल में ही खराब होने लगी है। उसी तरह यह भी खराब हो सकती है। साथ ही किसानों के आने-जाने के लिए जगह-जगह नहर के बीच में पुलिया निर्माण की मांग कर रहे है तो निर्माण कंपनी का कहना है कि पुलिया बनाकर नही देगें। अगर किसान बनाना चाहते है तो रूपये लगेगा। जो गलत है, अगर सीमेन्टीकरण नहर का निर्माण कर रहे है तो जगह-जगह कुलापे देने के साथ ही किसानों को अपने खेतों तक जाने के लिए पुलिया का निर्माण एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाये ताकि किसानों को इस सीमेन्टीकरण नहर का लाभ अधिक समय तक मिल सके।

### निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता - बुधराम

किसान बुधराम मेहरबान ने बताया कि छोटी पनबिहरी माइनर नहर के सीमेन्टीकरण का कार्य लंबे समय बाद किया जा रहा है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण कार्य नही किया जा रहा है। ना ही निर्माण स्थल पर संबंधित विभाग का कोई इंजीनियर या सुपरवाईजर उपस्थित नहीं है, कार्य किसकी देखरेख में हो रहा है, किसी को कोई जानकारी नहीं है। भगवान भरोसे यह लाइनिंग का कार्य किया जा रहा है और कार्य में अनियमितता भी बरती जा रही है जबकि



गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए। श्री मेहरबान ने बताया कि नहर से लगी हुई छोटे-छोटे किसानों की खेती है जिनके आने जाने का भी रास्ता सिंचाई विभाग के द्वारा नहीं बनाया जा रहा है। जिससे किसानों को आवागमन में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### पुलिया का निर्माण करवाये प्रशासन - हरिलाल

किसान हरिलाल सोनबिरसे ने बताया कि यह माइनर नहर जीर्णशीर्ण हो चुकी थी। जिसके कारण किसानों के खेतों तक पानी नही पहुंच पा रहा था। वर्तमान में नहर का सीमेन्टीकरण कार्य



किया जा रहा है, लेकिन कुछ स्थानों पर कुलापे नही दिये जा रहे है एवं आवागमन के लिए रास्ते का भी निर्माण नही किया जा रहा है जिससे किसानों को अपने खेतों तक जाने में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए प्रशासन से मांग है कि पुलिया का निर्माण करवाये ताकि आने-जाने में परेशानी न हो।

### गुणवत्ताहीन निर्माण किया जा रहा है - बिसेन

औल्याकन्हार सरपंच प्रतिनिधि ओपी बिसेन ने बताया कि नहर का सीमेन्टीकरण कार्य गुणवत्ताहीन किया जा रहा है, लाइनिंग कार्य में लोहे का उपयोग नहीं किया जा रहा है एवं सीमेन्ट की पतली परत डाली जा रही है। जिसकी तराई भी नही की जा रही है, ऐसी स्थित में नहर जल्द खराब हो जायेगी क्योंकि इसके पूर्व में भी संबंधित विभाग के द्वारा नहर के लाइनिंग



का कार्य किया गया है परंतु गुणवत्ताहीन कार्य होने के कारण एक साल में ही नहर जगह-जगह से टूट-फुट चुकी है। उसी तरह छोटी पनबिहरी माइनर नहर का भी कार्य किया जा रहा है। श्री बिसेन ने बताया कि सीमेन्टीकरण नहर के साथ में किसानों के आने-जाने के लिए बीच-बीच में पुलिया का निर्माण होना चाहिए। जिसकी किसानों के द्वारा संबंधित विभाग से रास्ते की मांग की गई तो उनके द्वारा पाइप लगाने के लिये किसानों से रूपये की मांग की जा रही है जो गलत है। जबकि निर्माण कंपनी को ही रास्ता बनाकर देना चाहिए।

# वीर शहीद बिरसा मुंडा की हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जयंती

## लोक जननायक क्रांतिवीर बिरसा मुंडा और महापुरूषों के बताये मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** जल, जंगल, जमीन व आदिवासियों के अस्तित्व की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले लोक जननायक क्रांतिवीर बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती म.प्र. आदिवासी विकास परिषद के द्वारा 15 नवंबर को जनपद पंचायत कार्यालय के सामने स्थित शहीद बिरसा मुंडा सामुदायिक भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाई। यह जयंती कार्यक्रम म.प्र. आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने शहीद बिरसा मुंडा सहित अन्य महापुरूषों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्र%वलित कर माल्यार्पण किया। जिसके पश्चात 'बिरसा मुण्डा ना सेवा-सेवा, सजोर पेन ता सेवा-सेवा' सहित अन्य नारे लगाते हुए शहीद बिरसा मुण्डा को नमन करते हुए उनके जीवन आदर्शों पर चलने की शपथ ली। साथ ही गोंडवाना साम्रा%य के अन्य महान क्रांतिकारियों के आदर्शों पर चलकर सर्व आदिवासी समाज को सही दिशा में ले जाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित सामाजिक पदाधिकारियों ने वीर बिरसा मुंडा के जीवनगाथाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन महापुरूषों की कुर्बानी से देश को अंग्रेजों से आजादी मिली है। इनके बलिदान को भूला नही जा सकता है, आज पूरे देश में शहीद बिरसा मुंडा की जयंती मनाकर उन्हे याद किया जा रहा है और सभी से अपील है कि ऐसे महापुरूषों के बताये मार्ग पर चलकर समाज व देशहित में काम करें। म.प्र. आदिवासी विकास परिषद लालबर्रा सचिव अनिल उइके ने बताया कि वीर बिरसा मुण्डा जयंती को शासन के द्वारा गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।इसी कड़ी में म.प्र. आदिवासी विकास परिषद के तत्वाधान में लालबर्रा नगर मुख्यालय में भी बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई और उपस्थितजनों ने गोंडवाना साम्रा%य के अन्य महान क्रांतिकारियों के आदर्शों पर चलकर देशहित एवं समाजोत्थान के क्षेत्र में काम करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर म.प्र. आदिवासी विकास परिषद सहित अन्य संगठन के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# बिरसा मुंडा हम सभी के गौरव और आदर्श है - अनुभा

## नेवरगांव वा. में धरती आबा बिरसा मुंडा की मनाई गई 150 वीं जयंती





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नेवरगांव वा. के ग्राम नंगाटोला में धरती आबा बिरसा मुंडा समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में 15 नवंबर को आदिवासी समाज के महान स्वतंत्रता सेनानी और जननायक धरती आबा बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।यह जयंती कार्यक्रम विधायक अनुभा मुंजारे के मुख्य आतिथ्य, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरसवार के प्रमुख आतिथ्य एवं आदिवासी विकास परिषद के दिनेश धुर्वे सहित आदिवासी समुदाय के पदाधिकारियों के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने शहीद बिरसा मुंडा सहित अन्य महापुरूषों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर महिलाओं और युवाओं ने पारंपरिक परिधान में रंगारंग एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। जिसका सभी ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने कहा कि बिरसा मुंडा हम सभी के लिये प्रेरणास्त्रोत है, जिनकी आज 150 वीं जयंती है।जिनकी जन्म जयंती को हम जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाते है। साथ ही यह भी कहा कि कम उम्र में उन्होने समाज को जागृत करने का कार्य किया है, निश्चित ही समाज के लिये हम सभी के लिये उनके योगदान अविस्मरणीय है। जन्म जयंती मनाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि हम अपनी संस्कृति व सभ्यता को संजोये रखे और वीर महापुरूषों के योगदान व बलिदान को याद करे, उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। श्रीमती मुंजारे ने कहा कि सभी अपने-अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जायेगा। वहीं कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंट सरस्वार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर धरती आबा बिरसा मुंडा समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कोसमी में पट प्रतियोगिता में शामिल हुई विधायक

ग्राम पंचायत रटेगांव के ग्राम कोसमी में बिरसा मुंडा जयंती पर आयोजित पट प्रतियोगिता में बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे शामिल हुई और आयोजन समिति की सराहना करते हुए विजेता बैलजोड़ी मालिक को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विधायक अनुभा मुंजारे ने पट प्रतियोगिता में विजयी पशुओं के कृषक मालिकों को जीत के लिए शुभकामनाएं और उपविजेता कृषकों को भी निराश ना होने की सलाह देते हुए कहा कि पट प्रतियोगिता हमारे किसानों से जुड़ा आयोजन है। जिसमें वे पशुओं के बीच प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी मवेशियों के प्रति जिम्मेदारियों को प्रदर्शित करते है। मवेशियों को किस तरह से देखभाल एवं उनकी देख-रेख और उनके प्रति वे कितना संघर्ष करते है यह प्रतियोगिता के माध्यम से देखने को मिलता है। साथ ही यह भी कहा कि इस प्रतियोगिता का उदेश्य है कि हम सभी मिलकर रहते है और सौहार्द व भाईचारा भी एक-दुसरे के प्रति बढ़ता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के पट प्रेमी उपस्थित रहे।

# मिरेगांव में नैनो उर्वरक आधारित प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**पद्मेश न्यूज।लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी दूर ग्राम पंचायत मिरेगांव के कृषक सदस्य मिश्रीलाल बिसेन के खेत में इफको बालाघाट के द्वारा शुक्रवार को प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सरपंच प्रतिनिधि हेमंत कुर्वेती, जनपद सदस्य ज्ञानीराम पंचेश्वर, पूर्व सरपंच छोटेलाल बिसेन, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट शाखा लालबर्रा के पर्यवेक्षक डी के लिल्हारे, प्रबंधक एमपी ठाकरे, एमआर गोंदुडे, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं कृषकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्र%वलित कर माल्यार्पण किया। इस इफको नैनो उर्वरक पर आयोजित कार्यक्रम में इफको बालाघाट के जिला प्रतिनिधि वैदिक अगाल के द्वारा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, सागरिका, सल्फेट, नैनो जिंक ,नैनो कॉपर, नैनो डीएपी के द्वारा गेहूं चना एवं धान के बीज का उपचार कर रबी की बुवाई करने हेतु विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही नैनो यूरिया, नैनो डीएपी का उपयोग कैसे किया जाना है एवं कब किया जाना है जिसके बारे में विस्तृत रूप से उपस्थित कृषकों एवं अधिकारी कर्मचारियों को अवगत करवाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक शाखा लालबर्रा पर्यवेक्षक डीके लिल्हारे के द्वारा खाद के उपयोग के साथ-साथ सहकारिता के माध्यम से शून्य प्रतिशत पर नगद ऋण वितरण, रबी ऋण वितरण, खाद वितरण एवं गेहूं चना का बीज वितरण और कृषकों को मध्यम कालीन ऋण वितरण के अंतर्गत धान काटने की मशीन, परहा लगाने की मशीन, ट्यूबवेल खनन, थ्रेसर, नागर एवं अन्य कृषि उपकरण के प्रकरण तैयार कर ऋण लेने। साथ ही गाय, भैंस, पशुपालन, मत्स्य पालन हेतु शून्य प्रतिशत पर ऋण देने की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। रत्लेश शुक्ला इफको ब्लॉक प्रतिनिधि ने बताया कि ग्राम मिरेगांव के कृषक मिश्रीलाल बिसेन के द्वारा अपने खेत में धान की फसल लगाई गई है, जिसमें कृषक के द्वारा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सागरिका का उपयोग किया गया। साथ ही नैनो डीएपी से बीज उपचार कर धान का रोपण किया गया, जिसके अंतर्गत कृषक की धान की फसल का खेत में अवलोकन किया गया एवं कृषको को समझाइए दी गई है कि आने वाला समय नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं जैविक खाद का रहेगा। कार्यक्रम का मंच संचालन कृषि विस्तार अधिकारी संजयकुमार मड़के के द्वारा किया गया। इस अवसर पर एमआर गोंदुड़े, शेषकुमार बिसेन, साधुराम पंचेश्वर, बी एल ठाकरे, सुभाष बोपचे, अतुल ठाकरे, बीसी कटरे, गोपाल लानगे, राजकुमार चंद्रवार, द्वारकाप्रसाद चंद्रवार, सोमलाल बिसेन , रामजी बिसेन, नरेंद्र बिसेन, दीपलाल, पूनाराम चौधरी, ताराचंद पंचेश्वर, यशवंत पटेल, धनसिंह, फूलचंद अड़में, गजानन चंद्रवार, कृषि विस्तार अधिकारी शीतल शुक्ला, प्रतिभा रंगारे, लक्ष्य जनेवार, जीएस मोतेकर, आंचल खोब्रागढ़े, संजयकुमार मडके, श्रुति भलावी, रेखा सिंह एवं कृषकगण उपस्थित रहे।





# आज निकलेगी श्री सत्य सांई विशाल पालकी यात्रा

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत मानपुर के अस्पताल कालोनी स्थित मनकामेश्वर शिव मंदिर परिसर में श्री सत्य सांई सेवा समिति लालबर्रा के तत्वाधान में 16 नवंबर को श्री सत्य सांई पालकी यात्रा निकाली जायेगी।जिसके साथ ही भगवान श्री सत्य सांई जन्म शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ हो जायेगा। चर्चा में श्री सत्य सांई सेवा समिति जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि युगावतार भगवान श्री सत्य सांई बाबा का 100 वां जन्मोत्सव सप्ताह 16 नवंबर से 23 नवंबर तक मनाया जायेगा। जिसमें 16 नवंबर को सिध्देश्वर मंदिर से मनकामेश्वर मंदिर तक श्री सत्य सांई पालकी विशाल यात्रा निकाली जायेगी। जिसके साथ ही भगवान श्री सत्य सांई जन्म महोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ हो जायेगा एवं प्रतिदिन प्रात: 5:30 बजे से 6:30 बजे तक ओमकारम्, सुप्रभातम् एवं नगर संकीर्तन, शाम 6:30 बजे से 8:30 बजे तक भजन, सांई कथा, आध्यात्मिक प्रश्नोत्तरी, बाल विकास बच्चों के कार्यक्रम, सांई संदेश, महामंगल आरती की जायेगी। श्री तिवारी ने बताया कि 23 नवंबर को दोपहर 12 बजे ध्वजारोहण, अस्पताल विजिट किया जायेगा एवं शाम 6:30 बजे से माँ सरस्वती प्रांगण लालबर्रा में विशेष भजन, बाल विकास बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण, महामंगल आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस 8 दिवसीय भगवान श्री सत्य सांई जन्म शताब्दी महोत्सव के अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील श्री सत्य सांई सेवा समिति के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने की है।



# धरती आबा बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती वारा में सम्पन्न

## आदिवासी समाज ने धूमधाम के साथ मनाया लोकनायक का जन्मोत्सव





पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत वारा के वाराटोला में भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मुंडा जनजाति के लोकनायक धरती आबा बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें शोभायात्रा निकालकर बिरसा मुंडा परिसर में सतरंगी ध्वज का ध्वजारोहण कर बड़ा देव की एवं प्रकृति की विशेष पूजा अर्चना कर जननायक बिरसा मुंडा एवं अन्य महापुरुषों को याद कर उनके गीतों पर सामूहिक नृत्य कर हर्षोल्लास के साथ जयंती मनाया गया। इस दौरान उपस्थित जनों ने कहा कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को एवं मृत्यु 9 जून 1900 को हुई वह एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19 वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी अब झारखंड में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया। जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गयें। उन्हें भारत के आदिवासी भगवान मानते हैं और धरती आबा के नाम से भी जाना जाता है। अंग्रेज जानते थे कि बिरसा मुंडा कुछ ही दिनों में छूट जाएंगे क्यों कि उनपर लगाई गई धाराओं के अंतर्गत उनके ऊपर दोष साबित नहीं किया जा सकता। वो ये भी जानते थे कि बिरसा मुंडा छूटने के बाद विद्रोह को वृहद रूप देंगे और तब यह अंग्रेजों के लिए और घातक होगा। इसलिए उन्होंने उनके दातुन पानी में विषैला पदार्थ मिला दिया। आज भी बिहार, उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ और पश्चिम बंगाल के आदिवासी इलाकों में बिरसा मुंडा को भगवान की तरह पूजा जाता है। 1900 में बिरसा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया गया और रांची जेल में बिरसा की मृत्यु हो गयी बिरसा मरे नहीं अपितु अमर हो गए। जब जब आदिवासी विद्रोह के बारे में हम बात करेंगे। बिरसा मुंडा का नाम प्रथम पंक्ति में लिया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे।

### ग्राम में निकली शोभायात्रा

बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर आरती की शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा ग्राम के माता मंदिर से प्रारंभ हुई। जहाँ सर्वप्रथम माता मंदिर मे पूजा कर गांव के विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए बालाघाट रोड स्थित बिरसा मुंडा परिसर पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन किया गया। इस दौरान आदिवासी समाज के महिला, पुरुष एवं ब'चे बड़ी संख्या में शामिल हुए जो भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे सहित महापुरुषों के उद्घोष लगाते रहे। जहां पर भुमका के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के छाया चित्र का पूजन कर बड़ा देव की पूजा अर्चना करवायी गई।

### सामूहिक नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम के समापन के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर समाज के समस्त बालक ,बालिकाएं ,बुजुर्ग एवं महिलाओं के द्वारा सामूहिक नृत्य किया गया। यह नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा इस दौरान बालाघाट रोड़ से गुजर रहे लोगों के द्वारा वाहनों को रोककर नृत्य भी देखा गया। जिसमें महापुरुषों के गीतों एवं समाज के लोकगीत पर सभी के द्वारा आकर्षक नृत्य आदिवासी शैली में किया गया।

### माता मंदिर से आरती की

### शोभायात्रा निकालकर गांव का किया भ्रमण-कमलसिंह

कमलसिंह धुर्वे ने पदमेश से चर्चा में बताया कि भगवान बिरसा मुंडा का जयंती प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम के माता मंदिर से आरती की शोभायात्रा निकालकर गांव का भ्रमण करते हुए बिरसा मुंडा परिसर में पहुंचे है। जहां विधि विधान से बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर प्रकृति एवं बड़ा देव की पूजा अर्चना की गई है। ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर हमारा मुख्य उद्देश्य रहता है कि हमारे जो आने वाली पीढ़ी है वह हमारी परंपरा को धारण करें और उन्हें यह बताने का कार्य हमारे द्वारा किया जा रहा है। जबकि हमारा एक लंबा संघर्ष रहा है उसी से अपने बालक बालिकाओं को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पूरे विश्व में आदिवासी प्रकृति प्रेम के लिए पहचाना जाता है क्योंकि हम प्रकृति की पूजा करते हैं।

### बिरसा मुंडा ने देश और समाज के लिए काम किया है-मानसिंह

मानसिंह परते ने बताया कि वारा के यह ऐतिहासिक स्थान पर बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें समाज के सभी लोग शामिल हुए हैं जिस प्रकार बिरसा मुंडा ने जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ी इसी के तहत हम प्रकृति की पूजा कर रहे हैं और बिरसा मुंडा ने देश और समाज के लिए जो काम किया है उसे याद कर अपने आने वाले भविष्य के नागरिक हमारे बालक बालिकाओं को बता रहे हैं। इसी के साथ हमारे समाज को संदेश है कि जिस प्रकार बिरसा मुंडा ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष किया तो यह भी अपने समाज के लिए सकारात्मक प्रयास करें। मुख्य रूप से शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करें हमारा काम प्रकृति को बचाना है और उसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं।

# सबका मालिक एक संस्था ने जरूरतमंदों को नि:शुल्क वितरित किये हेलमेट

**पद्मेश न्यूज।वारासिवनी।** सबका मालिक एक संस्था के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत




नि:शुल्क हेलमेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री, अभय वर्मा जेलर , निरंजन बिसेन और थाना प्रभारी एवं उनकी टीम उपस्थित रही। जिसमे सर्वप्रथम सरस्वती वंदना की प्रस्तुती श्रीमती रेखा खंडेलवाल के द्वारा दी गयी। इस अवसर पर प्रदीप जायसवाल ने कहा की यातायात नियमों का पालन करने के साथ जैसे गति सीमा का पालन करना और नशे में गाडी ना चलाना, सड़क दूर्घटनाओं को कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है। जनसंख्या बढ़ने के साथ यातायात के बढ़ते दबाव के इस समय में विशेषकर युवाओं को वाहन चलाने के नियमों का पालन अवश्य करना चाहिये। जिसमें हेलमेट की अनिवार्यता भी शामिल है। यह कार्यक्रम कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित समारोह में नुक्कड़ नाटकों व नृत्य के माध्यम से स्कूली ब'चों ने भी सड़क हादसों को कम कर जिंदगियां बचाने व यातायात के नियमो का पालन करने का संदेश दिया। समारोह में अनेक लोगो को नि:शुल्क हेलमेट वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिव्या श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस दौरान निर्दोष मॉडल,प्रणय श्रीवास्तव, मनीष खंडेलवाल, श्रीमती राखी खंडेलवाल, सुरेंद्र बिसेन, जागेश्वर अजीत, श्रीमती भावना श्रीवास्तव, श्रीमती शुभ्रा श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ड्रग इस्पेक्टर के निरीक्षण से मेडिकल संचालकों में मचा हड़कंप

## मेडिकल दुकानों का किया निरीक्षण दिये दिशा निर्देश




**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर में शनिवार को ड्रग इंस्पेक्टर का आना हुआ। यह सूचना मिलते ही मेडिकल दुकान संचालकों में हड़कंप देखने को मिलेगा। इसमें कई दुकान संचालक अपनी अपनी दुकान बंद कर विभिन्न स्थानों के लिए निकल गए। इस दौरान ड्रग इंस्पेक्टर को निरीक्षण के लिए पहुंचा तो संबंधित दुकान बंद प्राप्त होने पर दुकान संचालकों की दुकान के नाम वाले बोर्ड पर लिखा मोबाइल नंबर पर संपर्क कर जानकारी ली गई। इस दौरान नगर में करीब चार से पांच दुकानें निरीक्षण के दौरान बंद पाई गई वहीं प्रारंभ दुकानों में निरीक्षण का सुधार की समझाइए दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर के द्वारा समय समय पर समस्त विभागों को संबंधित क्षेत्र में निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किए जाते हैं। ऐसे ही जिला ड्रग इंस्पेक्टर बालाघाट को उक्त संबंध में निर्देशित किया गया था जिसको लेकर लगातार जिले के अंदर मेडिकल स्टोर्स की जांच की जा रही है। इसमें बीते दिनों बिना कोई डिग्री मेडिकल स्टोर चलाने संचालक का मामला सामने आया था जिसके बाद से यह जांच विस्तृत रूप से कर दी गई है। जिसको लेकर शनिवार को ड्रग इंस्पेक्टर स्वप्निल सिंह अपने साथी के साथ नगर में पहुंचे जहां नायब तहसीलदार तिलक प्रसाद अक्षरिया के साथ नगर का भ्रमण किया। इसमें विभिन्न स्थानों पर स्थित मेडिकल स्टोर की जांच की गई। इसमें देखने में आया कि मेडिकल स्टोर संचालकों में ड्रग्स अधिकारी के द्वारा निरीक्षण एवं जांच की बात सुनते ही कुछ स्थानों पर ताला लगाकर नौ दो ग्यारह हो गए। ऐसे में संबंधित अधिकारियों के द्वारा मौके पर जाकर देखा गया तो मेडिकल स्टोर में ताले लटके हुए थे जहां बोर्ड में लिखे हुए नंबर पर संपर्क किया गया। जिसमें कुछ संचालकों के द्वारा बहाने बनाए गए तो वहीं एक से दो संचालक के द्वारा शनिवार को बंद रखने की बात कहते हुए अधिकारी के कहने पर वापस दुकान खोलकर जांच करवाई गई। इस दौरान नगर की विभिन्न मेडिकल दुकानों का निरीक्षण देर रात तक जारी रहा। इसमें प्रमुख रूप से अधिकारियों के द्वारा दुकान का लाइसेंस उसमें संचालक दवा किस प्रकार रखी गई है। कहीं कोई एक्सपायरी डेट की दवाइयां तो नहीं रखी गई है। वहीं वेटरनरी दवाई किस प्रकार संधारण की जा रही है इस प्रकार बारीकी से समस्त दुकानों का निरीक्षण किया गया।

**इनका कहना हैं**

मौखिक चर्चा में बताया कि वारासिवनी के मेडिकल स्टोर्स की जांच करने के लिए आए हुए थे। कुछ मेडिकल स्टोर बंद मिले तो उन्हें संपर्क कर बुलाया गया है। वहीं बाकी खुले हुए मेडिकलों की जांच की जा रही है।

**स्वप्निल सिंग**
**ड्रग इस्पेक्टर बालाघाट**

# आदिवासी हमेशा सच बोलता है कभी झूठ नहीं बोलता - विवेक

## डोके में बिरसामुंडा की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम डोके में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा मूर्ति का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक विवेक पटेल मौजूद रहे। विवेक पटेल ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान गणेश कुंभरे,खुमेंद्र मड़ावी,उदेलाल मड़ावी,उगलाल मर्सकोले, झनक मर्सकोले, नानो मडावी, राजकुमार चौधरी, हनेश मडावी, राजकुमार उइके, आकाश मर्सकोले, राजेंद्र मर्सकोले, कोमल मर्सकोले,अमित मड़ावी,कमल मर्सकोले, दीपक मडावी, अतुल उइके, सोनू मर्सकोले,सुमित मर्सकोले, जवाहर वट्टी,गोसनलाल उइके,गणेश मडावी सहित समाजिकगण मौजूद रहे।




आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष गणेश कुंभरे ने कहा की हमारे भगवान बिरसा मुंडा ने बचपन से ही संघर्ष किए है। अंग्रेजो का शासन चल रहा था तब अंग्रेजो ने उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। मगर अंग्रेजो से बिरसा मुंडा डरे नहीं बल्कि अंग्रेजो का डटकर सामना किया अंग्रेजो से युद्ध किया। उनका बहुत बड़ा इतिहास है उन्होंने विपक्ष में भी आंदोलन किया। भगवान बिरसा मुंडा जब अंग्रेजो के वश में नहीं आये तो उन्हें पराजित करने की योजना बनाई। अंग्रेजो को यहां से भगाने में भगवान बिरसा मुंडा का बहुत बड़ा योगदान है। अंग्रेज तो चले गए मगर वर्तमान की सरकार ने शिक्षा को बहुत महंगी कर दी है। आज के समय गरीब अपने ब'चों को पढ़ा नहीं रहा है इसलिए आप अपने ब'चों को पढ़ाकर अ'छी शिक्षा दें। वहीं विधायक विवेक पटेल ने कहा कि जल जंगल जमीन को बचाने वाले बेजुबानों को जुबान देने वाले हम बिरसा मुंडा के लोग है। बुंदेलशाह और कुंवर शाह के लोग हैं ,आदिवासी हमेशा स'चा होता है कभी झूठ नही बोलता जो कहता है वही करता है। मेरे विधायक बनने के बाद मुझसे जो भी काम आदिवासी समाज में मांगा है मैंने सब दिया। मैं आप लोगो के साथ हमेशा खड़ा हुं आप लोगो को जब भी मेरी जरूरत पड़े मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हुं। हमारे भगवान बिरसा मुंडा का जन्म झारझंड में हुआ था उस समय तीर उठाने की जरूरत थी। अब कलम उठाने का समय हैँ अभी हमारे आदिवासी भाईयो को पट्टा मिल रहा है माता.पिता अपने ब'चों को अ'छी शिक्षा दे। अ'छा संस्कार दे याद रखना हमें अपने जल जंगल जमीन को बचाना है आदिवासी भाइयों को बहला फुसला कर बहारी लोग उनकी जमीन खरीद रहे है। अपनी जमीन को बचाए रखे और ब'चों को बिरसा मुंडा कौन थे उन्हें

# कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में बाल दिवस मनाया गया

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह के प्रारंभ में मॉं सरस्वती,पं. जवाहरलाल नेहरू एवं स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र के समक्ष शैक्षणिक प्रभारी शिक्षक डी पी चैतगुरू के द्वारा दीप प्र'जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत छात्र छात्राओं की कुर्सी दौड़, खो-खो प्रतियोगिता सहित क्रिकेट मैच भी संपन्न कराया गया। जिसके परिणाम इस प्रकार है। क्रिकेट में कक्षा 11 वीं के छात्रों ने कक्षा 12 वीं के छात्रों को 20 रन से पराजित किया तथा रिजवान खान ने सर्वाधिक 42 रन बनाया एवं 100 मीटर दौड़ में कु. सलोनी पटले कक्षा 10 वीं प्रथम,कु. सलोनी आमाडारे 10 वीं द्वितीय एवं कु.श्रुति गौतम कक्षा 11वीं तृतीय स्थान पर रही। पूर्व माध्यमिक विभाग से 100 मीटर दौड़ में कु. स्नेहा डेकाटे कक्षा 8 वीं प्रथम, कु. विभा गजभिये कक्षा 8 वीं द्वितीय एवं कु. खुशबू सोनटक्के कक्षा 7 वीं द्वितीय स्थान पर रही। खो-खो मैच में कक्षा 9 वीं एवं कक्षा 12वीं के मध्य संपन्न हुआ जिसमें कु. इकरा खान कक्षा 12 वीं ग्रुप विजयी हुआ। प्राथमिक विभाग की भी प्रतियोगिता कक्षावार संपन्न हुई जिसमें 100 मीं. दौड़ में अंशु खरोले कक्षा पहली प्रथम, अथर्व कुशराम द्वितीय, यश पंचेश्वर कक्षा 5 वीं प्रथम, आभास पंचेश्वर द्वितीय, आर्यन खान कक्षा 5 वीं प्रथम, कु. अनन्या क्षीरसागर द्वितीय ,आदित्य बाहेश्वर कक्षा 6 वीं प्रथम, प्रिंस चौधरी द्वितीय, जलेबी दौड़ में कु. सिया तांडेकर एल के जी प्रथम, कु. दिशा कोसल द्वितीय, शिवांश दरलेकर, यू के जी प्रथम, दिवांश नागेश्वर द्वितीय स्थान पर रहे। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता भी संपन्न हुई जिसमें विजयी प्रतियोगियों में कृष्णा ठाकरे एल के जी , अनायस कुशराम यू के जी , आराधना कराड़े ,काव्या भौतेकर ,तनवीर पंचेश्वर विजयी रहे। समारोह का सफल संचालन एवं आभार व्यक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। उपरोक्त प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवकों एवं सेविकाओं ने भी अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होकर विभिन्न स्थान प्राप्त किये। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

# अख़बार थोड़े कम सिकुड़ रहे हैं




देश के लगभग सभी समाचार चैनलों ने जिस तेजी से कुछ चेहरे, कुछ मुद्दे, कुछ शब्द और चंद मुहावरे तक खुद को सीमित कर लिया है, उनसे गुज़रते हुए लगेगा कि संभावनाओं से भरी एक बहुत बड़ी दुनिया लगातार अतिक्रमण से, नदी जैसी सूख गयी है. इस देश में टेलिविज़न क्यों आया, इसके इतिहास की थोड़ी भी समझ रखनेवाले को यह बात समझने में मुश्किल नहीं होती कि यह न केवल नागरिक समाज की अपनी ज़रूरत के विरुद्ध जाकर काम करने लगा है बल्कि इसमें जो कुछ है, उससे नागरिक और उनके बीच की विविधता ग़ायब है. मेरा तो काम ही है कि न चाहते हुए भी इन्हें देखना और विकृत होते इसके अंदाज़ को रेखांकित करते चलना. लेकिन रविवार का अख़बार आप पलटते हैं तो एकबारगी लगता है कि यह दुनिया अपेक्षाकृत थोड़ी कम सिकुड़ी है. यहां अभी भी ऐसे मसअले शामिल किए जा रहे हैं जो सीधे-सीधे तात्कालिक मुद्दे भले न हों लेकिन धीरे-धीरे उसका कितना गहरा असर हम पर पड़ता जा रहा है, इन सबकी खोज-ख़बर अख़बार ले रहा है.

हम जिन्हें मैच्योर होना, परिपक्व होना कहते हैं, कई बार लगता है कि ये बिना स्वार्थी और शातिर हुए संभव ही नहीं है. परसों देर शाम बालकनी में खड़े-खड़े मैं इसी सिरे से सोच रहा था. आज दि हिन्दू के परिशिष्ट 'मैगजीन' में देखा कि dulthood,Edited:How Young India(Still) Lives शीर्षक से ओलिमिता रॉय का फुल पेज राइट अप है।

पिछले दिनों मैंने कृश अशोक की किताब ' Masala Lab: The Science if Indian Cooking' पढ़कर पूरी की है जिसमें वो बार-बार सूडो साइंस की बात करते हैं. अपनी इन्सटा रील में भी इसे वो दोहराते रहते हैं. The Indian E&press Magazine, Eye में आज रिंकू घोष का "The Supplements Soup" शीर्षक से फुल पेज राइट अप है जो ठीक इन्हीं उदाहरणों से शुरु होता है. इसी तरह काम के दबाव को लेकर आलेख है. सिनेमा का वास्तविक ज़िंदगी और उनकी पेंचीदगियों को समझने में क्या भूमिका हो सकती है, टमाटर की भारतीय भोजन में आगमन को लेकर जी बालसुब्रह्मयन का लेख है. Magazine में ही विनीता माखीजा का '100 Elephants And Their Designer Blankets' शीर्षक से आलेख पढ़ते हुए Rachel Dwyer मैम का ध्यान हो आया. वो भारतीय सिनेमा की शानदार अध्येता और प्रोफेसर होने के साथ-साथ हाथी प्रेमी हैं और इसकी जानकार भी. हाथी, फैशन, इतिहास और संरक्षण के सवाल एक साथ कैसे जुड़े हैं, इस आलेख में विस्तार से बताया गया है. बाक़ी देश-दुनिया से जुड़ी सामयिक ख़बरें तो हैं ही. मैं एक-एक करके इस तरह से दस राइट अप पढ़ गया.

इन सामग्री से गुज़रते हुए लगा कि अख़बार( आप चाहें तो पहले अंग्रेजी शब्द जोड़ लें) कम से कम इस देश और अपने पाठकों की विविधता का सम्मान करता है. एक हद तक खुलेपन का भी और बदलती परिस्थितियों के बीच खड़े अपने पाठकों का भी. ऐसा बिल्कुल भी नहीं है कि अंग्रेजी अख़बार मैनेज नहीं होते हैं किन्तु एक हद इसने कुछ और नहीं तो कम से कम इतना भरोसा बरक़रार रखा है कि मीडिया का मतलब चंद चेहरे, चंद मुद्दे और चंद मुहावरे नहीं होता. नागरिक और पाठक का प्रतिनिधित्व किए बिना इसके होने का कोई मतलब नहीं है. हां, तब आप ज़रूर सवाल कर सकते हैं- कौन पाठक, कैसा पाठक ?

**- विनीत कुमार**

# कूकर-कड़ाही के बीच परवरिश पाते बच्चे

ये ज़ियान है. ज़ियान की स्कूल की छुट्टियां शुरु हो गयी हैं. इसकी माँ शबनम(Shabnam Khan) ने इसकी यह तस्वीर फेसबुक पर साझा की है. कूकर-कड़ाही-चूल्हे के बीच ये प्यारा सा, फुर्सत और माँ का साथ पाया बच्चा।



रसोई के बीच से और बच्चों की तस्वीर आनी चाहिए. मेरी अपनी समझ है कि इससे स्कूल की भौतिकी और रसायनशास्त्र( पीसी) की कक्षाओं की समझ बेहतर होगी. रसोई एक ऐसी जगह है जहां मात्रा, अनुपात, रासायनिक बदलाव, इन सबसे जुड़ी घटनाएं सबसे ज़्यादा होती हैं. ऐसे में बच्चे समझ सकेंगे कि भोजन में रस, गंध, स्वाद और आकार का इनसे क्या रिश्ता है !

दूसरी तरफ रसोई श्रम और धैर्य स्थली है. खाना कोई भी बनाए, उन्हें ये दोनों चीज़ें बरतनी पड़ती हैं. जाहिर है, ज़ियान की परवरिश उनकी माँ और पिता जिस अंदाज़ में कर रहे हैं, बड़ा होकर दानिशमंद शख़्स बनेगा और उसके भीतर का ज्ञान ऊसर जमीन तैयार करने के बजाय एक संवेदनात्मक परिवेश बनाने में मदद करेगा. अभी से ही जब-तब वो रसोई में थोड़ा वक़्त बिताता है तो वो किसी की मेहनत, लगाव और धैर्य रखने की बात समझता चला जाएगा।

मैं ग़लत भी हो सकता हूं लेकिन जितना आसपास के परिवेश पर नज़र डालता हूं, लोगों के बीच इन दो चीज़ों के प्रति भारी कमी महसूस करता हूं. सारी चीज़ें मेहनत से बनती और हासिल होती हैं लेकिन इसके प्रति सम्मान और भरोसा नहीं और दूसरा जीवन में स्पीड इतने आक्रामक ढंग से घुस आया है कि धैर्य के लिए जगह ही नहीं बची है. ऐसे में मोबाईल फोन अपने प्रोसेसर और इंटरनेट के बूते छलांग मारता है और ट्रैफिक चींटी की तरह रेंगती है तो बिना गाली के सड़क से गुज़रना असंभव लगने लगता है. शहर के हर दूसरे-तीसरे कोने में धैर्य चूकता है और हम सब कुछ हासिल करते हुए धैर्य के बिना के इंसान होते चले जाते हैं।

हम उम्मीद करते हैं कि ज़ियान के भीतर ये दोनों चीज़ें सुंदर ढंग से पनपेगीं और बड़ा होने पर महसूस कर सकेंगे कि जीवन में इनका होना कितना ज़रूरी है. रसोई माँ से और आगे अपनी पार्टनर से जोड़े रखने में मदद तो करेगी ही।

**- रवि सहगल**

# मौत के समाचार का उतावलापन

## सन्दर्भ : अभिनेता धर्मेंद्र के निधन की अफवाह

न्यूज़ चैनलों में होड़ लगी रहती है । किसी न्यूज़ या घटना को कवर करते हुए चैनल यह दावा करना नहीं भूलते कि इस घटना को सबसे पहले हमारे चेनल ने देखा और प्रसारित किया ।यह एक व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा है जिसमे हर चेनल दूसरे चेनल से आगे दिखना चाहता है ।इसका सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि वे अपने द्वारा सबसे पहले दिखाई गई स्टोरी को अपना अविष्कार मानकर बार - बार दिखाते है । चेनल वाले इतनी जल्दबाजी में होते है कि वे अपने द्वारा दिखाए जा रहे समाचार की पुष्टि करना भी उचित नहीं समझते । ऐसा ही नजारा ऑपरेशन सिंदूर में देखा गया था । हर चेनल में पाकिस्तान को तबाह करने की होड़ लगी थी । ऐसा लगने लगा था कि अगले 24 घण्टे में पाकिस्तान का अस्तित्व खत्म हो जाएगा । हमारी सेना से पहले हमारा मीडिया पाकिस्तान के हर सैन्य अड्डा पर पहुंच गया था और वहाँ से बर्बादी और तबाही की तस्वीरे टीवी पर दिखाई जा रही थी । मीडिया ने इतना बड़ा झूठ फैलाया लेकिन न मीडिया को पछतावा है और न देखने वालों को कोई शिकवा । अभी दिल्ली में धमाके के जांच चल ही रही है लेकिन मीडिया निष्कर्ष तक पहुंच गई । धमाके के मास्टर माइंड और षड्यंत्रकारियों को मीडिया ने पहचान लिया है । उनके अंतरराष्टीय कनेक्शन भी खंगाल लिए है । उनकी खबरों का स्रोत क्या है यह किसी को नहीं मालूम । लगभग यही सब कुछ अभिनेता धर्मेंद्र के साथ हुआ । वे गम्भीर रूप से बीमार थे वेंटिलेटर पर थे कि इस बीच एक सबसे तेज वाले चेनल ने उनकी मौत की खबर चला दी . श्रद्धांजलियों का तांता लग गया . अखबारों में भी खबर आ गई । जबकि उनकी पत्नी हेमामालिनी ने इन खबरों का खंडन




किया । हम श्री धर्मेंद्र जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते है ।

यह तो हुई मीडिया की बात । अब थोड़ा सोशल मीडिया पर भी गौर करें ।यहां भी एक खास किस्म का उतावलापन दिखाई देता है ।किसी प्रारंभिक सूचना की पुष्टि किये बिना इस दावे से पोस्ट करते हैं मानो उन्होंने सत्य का सबसे पहले पता लगा लिया है ।सोशल मीडिया में इसी तरह की प्रवृत्ति के शिकार हम स्वयं रहे है ।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता कॉमरेड ए बी वर्धन की हालत गंभीर थी वे अस्पताल में भर्ती थे जहां उनका इलाज चल रहा था । इस बीच फेसबुक पर किसी की वाल पर मैंने यह सूचना देखी कि ए बी वर्धन नहीं रहे । मैंने इस सूचना की पुष्टि किये बिना कॉमरेड ए बी वर्धन की फ़ोटो और जीवन परिचय के साथ उनके निधन की पोस्ट फेसबुक पर डाल दी।

पोस्ट डालने के बाद सबसे पहले स्व. ललित भैया सुरजन ने कहा था कि गोपाल यह खबर गलत है तुरंत पोस्ट हटाओ।

बाद में बहुत से लोगों ने इस सूचना को गलत बताया ।मैंने तत्काल अपनी पोस्ट डिलीट की और शर्मसार होते हुए सभी से माफी मांगी ।कॉमरेड ए बी वर्धन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की ।

इसके बाद इस तरह की किसी भी सूचना की पुष्टि किये बिना अपनी वाल पर पोस्ट नहीं करता ।मौत जैसी सूचना वाली पोस्ट डालने में एक दो दिन सब्र रखता हूँ ।

मौत जैसे गंभीर मसले पर बिना पुष्टि किये सूचना प्रसारित करने का उतावलापन ठीक नही है । इससे मृतक के परिजन और चाहने वाले दुखी और भ्रमित होते हैं क्योंकि व्यक्ति के मृत होने के पहले ही श्रद्धांजलि का तांता लग जाता है । स्वयं शर्मिंदा होना पड़ता है । इसलिए भाइयो निवेदन है कि सबसे तेज चेनल बनने का लोभ छोड़िए।

**- हेमेन्द्र शर्मा**

# अफसरशाही छोड़, सूफ़ी गायन चुनने का मतलब

कशिश मित्तल की इन दिनों कारोबारी मीडिया से लेकर सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर धूम मची हुई है. इस धूम के पीछे समाज और उसकी सोच का एक स्याह पक्ष भी उभरकर सामने आता है. कशिश मित्तल ने अपने फैसले से उस स्याह पक्ष पर हमें सोचने का इशारा किया है।



जीईई में ऑल इंडिया रैंक 04 हासिल कर मित्तल ने आईआईटी, दिल्ली से बी.टेक. की पढ़ाई की. उसके बाद साल 2011 में महज 21 साल की उम्र में यूपीएससी की परीक्षा में 58वीं रैंक हासिल करके आईएएस हुए. कई महत्वपूर्ण पदों पर काम करने के बाद सब पीछे छोड़ दिया और संगीत की दुनिया को चुना.

एनडीटीवी इंडिया पर जब मैंने कशिश मित्तल के सूफ़ी गाते हुए सुना, उसके बाद उनकी इन्सटा अकाउंट पर नुसरत फ़तेह अली साहब के अंदाज़ में गाने की कई रील तो दिमाग़ में पहली बात यही आयी कि उन्होंने पहली जो हासिल की,वो देश के लाखों लोगों का सपना हुआ करता है. उन्होंने जो दूसरी बड़ी चीज़ हासिल की, दिल्ली के मुखर्जीनगर-नेहरू विहार में उसके पीछे लोग अपनी जवानी गला देते हैं. जिन पदों पर काम किया, उनके मिल जाने की हसरत हजारों अधिकारियों की ताउम्र रह जाती है लेकिन हासिल नहीं कर पाते. मित्तल ने दस साल वो सब हासिल कर, सब पीछे छोड़ दिया.

एनडीटीवी इंडिया पर जब वो गा रहे थे तो गायन तो उनका सुनता रहा लेकिन नज़रें एंकर की भाव-भंगिमा पर टिकी रही. उनके चेहरे से साफ़ झलक जा रहा था कि सूफी गायन सुनने के प्रति अभ्यस्त नहीं हैं. मित्तल को वो इसलिए सुन रहीं हैं क्योंकि एक ए श्रेणी के अधिकारी होकर ऐसा फैसला लिया है. मित्तल को आप जब गाते हुए सुनेंगे तो लगेगा कि आईआईटी के होने की टैबू और भीतर का अफसर एकदम ऐसे निकल गया है जैसे खुले में रखे-रखे कपूर उड़ जाते हैं लेकिन एंकर के भीतर उनके हिस्से की अफसरशाही घुस आयी है. उनके सुनने में एक संगीतकार की मौजूदगी नहीं, एक आईआईटियन और भूतपूर्व अफसर के होने की उपस्थिति हावी है और यही वो समाज का स्याह पक्ष है जिसे तोड़ने की ज़रूरत है.

जाहिर है, कशिश मित्तल आईआईटी से नहीं होते, आईएएस अधिकारी होकर कुर्सी नहीं छोड़ी होती तो शायद ही कोई चैनल उन्हें बुलाकर इस तरह सुनता. सालभर में आप संगीत, किताब, दर्शन और विचार से जुड़े कितने कार्यक्रम चैनलों पर देखते हैं ? ऐसा तो है नहीं कि इस देश में इन पेशे और दुनिया से जुड़े लोगों की कमी है !

कशिश मित्तल ने समाज द्वारा तय किए गए सफल व्यक्ति के मानक को पूरा करने और उसके बाद उन्हें छोड़कर संगीत चुनकर यह बहुत ही शालीन ढंग से जाहिर कर दिया-

**'ऐसे दस्तूर को सुब्ह-ए-बे-नूर को**
**मैं नहीं मानता मैं नहीं जानता'**
**( हबीब जालिब )**

कश़िश मित्तल जैसे हजारो युवा हैं जो पढ़ाई वो कर रहे हैं, जिस पेशे को चुना हैज्वो सब उनके मन से, उनके हुनर और मिज़ाज़ से मेल नहीं खाता. वो बस कर रहे हैं क्योंकि समाज ने सफल इंसान होने का जो पैमाना तय कर दिया, उस पैमाने के वो ज़्यादा क़रीब खुद को खड़ा पाते हैं, भले ही उनके भीतर एक हारा हुआ मन रोज़ पराजित होकर घर लौटता हो. मित्तल खुद बचपन से ही संगीतकार होना चुनते तो बहुत संभव है कि वो न अपने माता-पिता के अरमानों के क़रीब होते और न समाज के मानकों के ही. बहरहाल, समाज के ऐसे तयशुदा फैसले और मानकों को ध्वस्त करने का यह भी एक तरीक़ा है- पहले वो सब हासिल करो और फिर सब छोड़ दो. ऐसा जितना ज़्यादा लोग करेंगे, समाज के दमघोंटू मानक उतने कमज़ोर पड़ेंगे और तब हमारे समाज के बच्चे और युवा न ही अपने माँ-बाप के अधूरे सपने को लादकर जीवन जीने को विवश होंगे और न ही हमारा जेन जी स्किल्ड जेनरेशन के नाम पर किराना दूकान बनकर रह जाएगा. स्टॉक में कहने को थोड़ा-थोड़ा सबकुछ लेकिन उस सबकुछ में खुद को मजबूती स संभालने की क्षमता का नितांत अभाव. साधन और सुविधा से लैस होकर भी एक जीत की दुनिया के बीच हारे हुए मन के साथ जीन के विवश।

**तसवीर साभारः कशिश मित्तल इन्सटा अकाउंट**

**- आर्यन दुबे**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर (एजेंसी)।** लेवाली के चलते शनिवार को अनाज मंडी में चना सुधार पर रहा। उड़द-मूंग में टिकाव रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सरसो व सोयाबीन में मजबूती आयी। किराना जिंसों में नारियल व खोपरा गोला सुस्ती पर रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में छुटपुट लेवाली के बीच भावों में सुधार देखा गया। उड़द व मूंग में टिकाव रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। सरसो व सोयाबीन में कमजोर आवकों से बाजार मजबूती के रहे। उधर, किराना जिंसों में नारियल व खोपरा गोला सुस्त रहे। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना-** शक्कर 4190-4260, खोपरा गोला 320-370, खोपरा बूरा 4100-6500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 211-215, ऊंझा हल्का 245-228, मीडियम 232-240, बेस्ट 251-265, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 751-781, गरबल 715-725, मटरदाना 790-801, खसखस अनक्लीन 750-950, क्लीन 1050-1250, दालचीनी 220-245, जायफल 715-785, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 1650-1975, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-750, बेस्ट 780-791, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची 2850-2925, मीडियम 2975-3175, बेस्ट 3225-3375, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3551, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1475-1575, बेस्ट1825-2050, तरबूज मगज 520-575, काजू (240) 885-925, काजू (320) 850-861, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 840-851, कैलिफोर्निया 771-785, अखरोट 575-725, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1650-1750, बेस्ट 1850-1950, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 675-875, बेस्ट 975-1115, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2900-2950, (160) 2950-3050, (200) 3200-3250, (250) 3300-3350

**तेल-** सींगदाना 1410-1420, मुम्बई 1440, राजकोट तेलिया 2290, सोया साल्वेंट 1180-1185, सोया रिफाइंड 1240-1250, कपास्या 1240, धूलिया 1245, कड़ी 1245,

**रात की धारणा-** गुजरात लुज 1500, मुम्बई पाम 1255, मुम्बई सोया 1270,

**खली-** कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2260, देवास-उज्जैन 2260, खंडवा-बुरहानपुर 2150, अकोला 3500 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन-** सरसो 8700-9000, रायडा 6300-6500, सोयाबीन 4500-4700, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन-** चना कांटेवाला बेस्ट 5775-5825, एवरेज 5000-5200, डंकी चना 5000 से 5200, विशाल 5600-5625, काबूली डॉलर 8200-8500, मसूर बेस्ट 5950-6000, एवरेज 5850-5900, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6800-6900, एवरेज 6600-6700, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6800-6900, उड़द बेस्ट 7600-7700, एवरेज 7400-7500, शंकर 7200-7300, हल्की 7000-7100,

**दाल-** चना दाल एवरेज 7200-7400, मीडियम 7400-7500, बोल्ड 7700-7900, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज-** गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल-** चावल हंसा सफेद 2900-3150, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4500-4700, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6000, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा-** इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 290 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर (एजेंसी)।** शनिवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार कमजोर ही रहा। दोनों कीमती धातुओं में बाजार नरमी के देखे गये। भाव इस प्रकार रहे -

चॉंदी (9999) 158000, चॉंदी (99) 157500, टंच 157000, सिक्का 1800, सोना 10 ग्राम 124500,

# एसबीआई बंद कर रहा एमकेश सेवा, डिजिटल विकल्पों पर जोर

**मुंबई (एजेंसी)।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) अपनी एमकेश सेवा बंद कर रहा है। एमकेश फीचर ग्राहकों को मोबाइल नंबर या ईमेल से तुरंत पैसे भेजने की सुविधा देता था। इसके तहत प्राप्तकर्ता को एक सुरक्षित लिंक और आठ अंकों का पासकोड मिलता था, जिससे राशि किसी भी बैंक खाते में ट्रांसफर की जा सकती थी। यह सुविधा छोटे और त्वरित लेनदेन के लिए बेहद उपयोगी मानी जाती थी। एसबीआई ने घोषणा की है कि 30 नवंबर के बाद एमकेश सेवा बंद हो जाएगी। बैंक का कहना है कि यह पुरानी तकनीक पर आधारित थी, जबकि आज के डिजिटल विकल्प जैसे यूपीआई, आईएमपीएस, एनईएफटी और आरटीजीएस ज्यादा तेज़, सुरक्षित और भरोसेमंद हैं।

# सेंसेक्स और निफ्टी ने उतार-चढ़ावों के बावजूद मजबूती बनाए रखी

**मुंबई (एजेंसी)।** पिछले हफ्ते भारतीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव देखा गया। सप्ताह की शुरुआत कुछ नकारात्मक सत्रों के बाद तेजी के साथ हुई, लेकिन वैश्विक और घरेलू घटनाओं ने बाजार की चाल को लगातार प्रभावित किया। टैरिफ युद्ध, जियोपॉलिटिकल तनाव और सुस्त अर्निंग ग्रोथ जैसी चिंताओं के बावजूद, एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख और ब्लू-चिप शेयरों में लिवाली ने बाजार को मजबूती दी। सोमवार को सेंसेक्स 267.74 अंक बढ़कर 83,484.02 पर खुला और अंत में 83,535.35 पर बंद हुआ। निफ्टी ने भी 84.90 अंक की बढ़त के साथ 25,577.20 पर खुलकर 25,574.35 पर बंद किया। विशेषज्ञों ने कहा कि ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह ने निवेशकों के मनोबल को मजबूती दी। मंगलवार को शुरुआत में सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ खुले, लेकिन अंत में तेजी लौट आई। सेंसेक्स ने 335.97 अंक की तेजी के साथ 83,871.32 पर और निफ्टी ने 120.60 अंक की बढ़त के साथ 25,694.95 पर सप्ताह का मध्यवर्ती कारोबार समाप्त किया। इस दिन बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी ने बाजार को समर्थन दिया।




बुधवार को मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया। सेंसेक्स 595.19 अंक की बढ़त के साथ 84,466.51 पर और निफ्टी 180.85 अंक की उछाल के साथ 25,875.80 पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और भारती एयरटेल जैसी प्रमुख कंपनियों में लिवाली ने इस तेजी में अहम भूमिका निभाई। गुरुवार और शुक्रवार को बाजार में अस्थिरता दिखी। गुरुवार को सेंसेक्स 12.16 अंक और निफ्टी 3.35 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। शुक्रवार को कमजोर वैश्विक संकेतों और बिहार चुनाव से पहले की आशंकाओं के चलते बाजार में शुरुआती गिरावट देखने को मिली, लेकिन अंत में सेंसेक्स 84,562.78 और निफ्टी 25,910.05 पर स्थिर हुआ। सप्ताह के समग्र रुझान को देखें तो बाजार ने कई उतार-चढ़ावों के बावजूद मजबूती बनाए रखी। विदेशी निवेश, ब्लू-चिप शेयरों की खरीदारी और वैश्विक संकेतक बाजार के प्रमुख प्रेरक रहे। निवेशकों को अगले सप्ताह भी वैश्विक घटनाओं और घरेलू कारकों पर नजर बनाए रखने की सलाह दी जा रही है।

# केंद्र ने स्वास्थ्य बीमा में सुधार के लिए उठाए कदम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने इंश्योरेंस कंपनियों और अस्पतालों से नेशनल हेल्थ क्लेम एक्सचेंज (एनएचसीई) में तेजी से शामिल होने को कहा है। यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती और सभी के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने हाल ही में आयोजित बैठक में इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। बैठक में स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल तैयार करने और निर्बाध कैशलेस क्लेम प्रोसेसिंग लागू करने पर चर्चा हुई। सचिव ने कहा कि सभी इंश्योरेंस कंपनियों के पास स्टैंडर्ड हॉस्पिटल पैनल नियम होने चाहिए, जिससे पॉलिसीहोल्डर्स लगातार कैशलेस इलाज का लाभ उठा सकें। इससे अस्पताल प्रशासन पर दबाव कम होगा और संचालन सरल बनेगा। बैठक में स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ती मेडिकल महंगाई और प्रीमियम लागत जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। सचिव ने कहा कि लागत नियंत्रण और मानकीकरण के माध्यम से हॉस्पिटल और इंश्योरेंस कंपनियों के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि पारदर्शिता और दक्षता के साथ पॉलिसीहोल्डर्स को बेहतर मूल्य मिल सके। बैठक में जनरल इंश्योरेंस काउंसिल, एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इन इंडिया, मैक्स हेल्थकेयर, फोर्टिस हेल्थकेयर, अपोलो हॉस्पिटल्स के प्रतिनिधि और इंश्योरेंस कंपनियों के प्रमुख शामिल थे। प्रमुख प्रतिभागियों में इंद्रजीत सिंह, डॉ. सुनीता रेड्डी, शिवकुमार पट्टाभिरामन, अभय सोई, डॉ. गिरधर जे. ज्ञानी, कृष्णन रामचंद्रन और अमिताभ जैन शामिल थे।




# 8वां वेतन आयोग और डिजिटल डेटा संरक्षण नियम लागू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने 28 अक्टूबर को 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस (टीओआर) को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के साथ आयोग अब केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, भत्तों और पेंशन लाभों की विस्तृत समीक्षा शुरू करेगा। सामान्यत: हर दस वर्ष में बनने वाले इस आयोग को रिपोर्ट तैयार करने के लिए लगभग 18 महीने मिलते हैं। आयोग के कार्यों में वेतन संरचना, फिटमेंट फैक्टर, एचआरए और टीए जैसे भत्तों में संशोधन, पेंशन फॉर्मूला में बदलाव और आवश्यक हो तो नौकरी वर्गीकरण में सुधार की सिफारिशें शामिल होंगी। सरकार ने इस बार टीओआर में स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों की भलाई के साथ-साथ आर्थिक स्थिति, पेंशन बोझ और राज्यों पर पड़ने वाले असर को भी ध्यान में रखा जाएगा। 6ठे और 7वें वेतन आयोग की तरह इस बार भी रिपोर्ट तैयार होने और मंजूरी मिलने में कुल मिलाकर लगभग दो साल लगने की संभावना है। सिफारिशों का सीधा लाभ 47 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को होगा। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आयोग की सिफारिशें लागू होने पर सरकार का सालाना खर्च 2.4-3.2 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है, जो जीडीपी का लगभग 0.6-0.8 फीसदी होगा। हालांकि, इससे उपभोक्ता मांग बढ़ने की उम्मीद भी है। सरकार ने डिजिटल निजी डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम के तहत प्रशासनिक नियम अधिसूचित कर दिए हैं। इन नियमों के लागू होने के साथ भारत एक मजबूत डिजिटल गोपनीयता कानून वाले देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है। कंपनियों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों और इंटरनेट सेवाओं को नियमों का पूर्ण पालन करने के लिए 18 महीने का समय दिया गया है, जबकि कंसेंट मैनेजरों को पंजीकरण हेतु 12 महीने मिलेंगे।




# आज का राशिफल



**मेष-** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में आपको सावधानी बरतनी होगी। बिजनेस को लेकर कोई अच्छी डील आपको मिल सकती हैं। किसी जोखिम भरे काम में आपको सावधानी बरतनी होगी। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा न रखें। कार्यक्षेत्र में आपकी अपने बॉस से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती हैं। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

**वृषभ-** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। नौकरी में आपको प्रमोशन आदि मिल सकता है, लेकिन किसी दूर रहने पर परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिलेगी। आप कोई प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करने की सोचेंगे। संतान को आप कहीं बाहर पढ़ाई के लिए भेज सकते हैं। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा जो बाद में आपकी मुश्किलों को बढ़ा सकता है।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है, लेकिन आपने यदि किसी अजनबी पर भरोसा किया, तो वह आपको धोखा दे सकता है, इसलिए आप किसी को धन उधार देने से बचें। जीवनसाथी के साथ कुछ समय बिताएंगे और आप उनके मन में चल रही कुछ उलझनों को भी दूर करने की कोशिश करेंगे। आप किसी अजनबी से कोई बात गुप्त न रखें, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। दांपत्य जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी और आपका कोई काम यदि पेंडिंग पड़ा हुआ था, उसे भी पूरा करने की कोशिश करेंगे। आपके अंदर आज एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप प्रत्येक कामों को आसानी से कर पाएंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। माताजी से किए हुए वादे को आप समय रहते पूरा करें।

**सिंह-** आज आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे और अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे। धर्म-कर्म के कार्यो में भी आपके काफी रुचि रहेगी और आपको अपनी शौक-मौज की चीजों की खरीदारी पर भी अच्छा खर्चा करेंगे। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को सावधान रहना होगा। मित्रों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप किसी यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए यश और कीर्ति को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको जरूरत के हिसाब से खर्च करना बेहतर रहेगा। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे। आप नए मकान आदि की खरीदारी की योजना बनाएंगे, जिसके लिए आप कोई लोन आदि अप्लाई कर सकते हैं। वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें। आप किसी भी शारीरिक समस्या को छोटा ना समझें। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छी सफलता मिलेगी और पार्टनरशिप में काम करना भी आपके लिए अच्छा रहेगा। आप एक बजट प्लान करके चलेंगे, जिससे आप किसी सेविंग को करने में भी सफल रहेंगे। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। आप अपने जरूरी कामों को समय से निपटने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है, उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। आपको कुछ और खर्चे पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। आपको किसी निवेश को बहुत ही सोच समझकर करना होगा। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको मन मुताबिक काम मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। किसी सामाजिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपका प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद-विवाद चल रहा था, तो आप उसे बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करेंगे। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा। आप अपने माता-पिता से काम को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं।

**मकर-** आज आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सजग रहने की आवश्यकता है। कुछ अनचाहे खर्च हो सकते हैं, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जिससे आपकी कुछ नये लोगों से जान पहचान बढ़ेगी।

**कुंभ-** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। रोजगार के भी नए अवसर प्राप्त होंगे और आपको अपनी सेहत को लेकर एतियात बरतनी होगी। किसी से आप कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले। आपको अपने दोस्तों का पूरा सहयोग मिलेगा। जो विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई को लेकर परेशान थे, तो उनकी वह इच्छा पूरी होगी।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। कारोबार में स्थिति पहले से बेहतर रहेगी, लेकिन आप किसी से पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें और जीवनसाथी से चल रही अनबन भी दूर होगी। आपको किसी काम के चलते अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आप अपने घर परिवार के कामो में कोई बदलाव न करें। पिताजी यदि काम को लेकर कोई सलाह देंगे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी।

## शब्दजाल - 8081

*शब्द जाल में दिलीप कुमार की 10 फिल्मों नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

मिलन, नया दौर, जोगन, शहीद, देवदास, मधुमति, दिल दिया दर्द लिया, राम और श्याम, बैराग, क्रांति.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क | प्र | ग | बै | शी | ल | ब | ना | क | म |
| ती | ल | ती | ति | रा | क | क्रां | ति | ग | कृ | धु |
| क्षा | ज | दि | त | ग | ल | प्र | छ | ति | आ | म |
| ख | क | क | या | ज | रा | पु | मि | ल | न | ति |
| प | जो | क | का | द | ग | म | अ | प्र | तू | ग |
| झ | क | ग | प्र | ल | र्द | ह | औ | पू | ना | ण |
| घ | को | ती | न | षी | म | लि | जा | र | व | क |
| दे | व | दा | स | तै | ई | धा | या | क | श्या | लो |
| श | प | श | बा | हि | प्र | ई | क | प्र | री | म |
| प | जा | ही | र | न | या | दौ | र | र्त | ऐ | ता |
| प | प्र | द | क | प्र | प्र | है | या | रा | बा | प्र |

### शब्दजाल - 8080 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| [illegible] | | | | | | | | | | |
| वि | वे | क | ओ | बे | रॉ | य | दे | या | ज | त्री |
| अ | मि | ता | भ | ला | गु | य | रा | य | प | दे |
| ऋ | र | ल | प | व | ज | ना | ल | ओ | के | ओ |
| क | ति | ल | प | अ | या | दि | व्य | ब | स | ल |
| ज | जं | क | प | ख | सं | ज | य | द | त्त | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**16 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 06.20 ब.से |
| चंद्र | कन्या में | धनु | 08.36 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 10.41 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.27 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 14.00 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 15.31 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 17.11 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 19.09 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 21.22 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | सिंह | 23.38 बजे से |
| | | कन्या | 01.50 बजे से |
| | | तुला | 04.01 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 320 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 04.48 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** हस्त 02.11 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 06.46 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 15.41 बजे तदनन्तर तैतिल 04.48 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 18° 44' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872530 **जूलियन दिन** 2460995.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 24 **विशेष** वृश्चिक संक्रांति।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: अनोखा दंड

बहुत पुरानी बात है। दक्षिण भारत में वीरसेन नामक एक राजा राज्य करते थे। वीरसेन थे तो बहुत प्रतापी पर उन्हें अपनी प्रशंसा सुनना काफी अच्छा लगता था। चापलूस दरबारी उनकी तथा राज्य के शासन-व्यवस्था की हमेशा प्रशंसा करते रहते थे, जिससे राजा को राज्य की वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल पाता था। राज्य में पंडित विष्णुदेव नामक एक निर्धन ब्राह्मण थे, जो भिक्षा मांगकर किसी तरह अपने परिवार का पेट पालते थे। एक बार अकाल पड़ा और भिक्षा भी बंद हो गई। बच्चों के पेट में अन्न गए तीन दिन बीत गए। पंडितजी जब तीसरे दिन भी खाली हाथ लौटे तो पत्नी रोते हुए बोली, 'अब मुझसे बच्चों की हालत देखी नहीं जाती। कोई भी मां अपने बच्चों को इस तरह मरते हुए नहीं देख सकती। तुम्हें कुछ-न-कुछ करना ही होगा।' पंडितजी ने झल्लाकर कहा, 'क्या करूं? चोरी करूं?' पत्नी ने कहा 'हां, चोरी करो क्योंकि इसके सिवा और कोई चारा नहीं बचा है।' पंडितजी ने अनेक तर्कों द्वारा पत्नी को मनाने का प्रयास किया पर वह पत्नी की जिद के आगे नतमस्तक हो गए। रात को वह राजमहल के भंडार गृह में पहुंचे। उन्होंने अपनी पगड़ी उतारी और उसमें अनाज रखकर गट्ठर बांधा और तेजी से बाहर आ गए। लेकिन घर लौटकर पंडित जी को नींद नहीं आई। रात भर करवटें बदलते रहे और सुबह होते ही सीधे राजदरबार जा पहुंचे। अपना अपराध सुनाने के बाद उन्होंने राजा से अनुरोध किया कि वह उन्हें चोरी की सजा दें। सारी कथा सुनकर राजा उदास हो गए। थोड़ी देर सोचने के बाद उन्होंने कहा, 'सजा तो मैं अवश्य दूंगा पर आपको नहीं बल्कि स्वयं को। आज से मैं घूम-घूमकर प्रजा के सुख-दु:ख की जानकारी लूंगा जिससे फिर किसी को चोरी करने की आवश्यकता ही न पड़े। चूंकि आपने अपनी ईमानदारी प्रमाणित कर दी है इसलिए आपको दंड मुक्त किया जाता है।' इस प्रकार एक ईमानदार व्यक्ति के कारण पूरे राज्य की प्रजा सुखी हो गई।

## फिल्म वर्ग पहेली - 7025

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | | ■ | 4 |
| | ■ | | ■ | 5 | | ■ | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | 10 | ■ | |
| ■ | | ■ | 11 | 12 | | ■ | 13 | | ■ |
| 14 | | 15 | ■ | | ■ | 16 | | ■ | 17 |
| | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ | 20 | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | 23 | | 24 | ■ | |
| ■ | 25 | | ■ | 26 | | ■ | 27 | | ■ |
| 28 | | ■ | 29 | ■ | | ■ | | ■ | 30 |
| 31 | | | | ■ | 32 | | | ■ | |

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. १९७१ के भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी जे.पी. दत्ता की फिल्म-३
३. 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखों' गीत वाली फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. फिल्म 'खुशी' में फरदीन खान की नायिका कौन है?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो प्यार कैसा होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ दिलवाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की 'फूलों से जो खुशबु' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. फिल्म 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि, जेबा, अश्विनीभावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. जॉन, बिपाशा की एक फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 7024

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | दा | र | ■ | शे | मां | स | ■ | आ | शा |
| शी | ■ | त | ला | श | ■ | प | ड़ो | स | न |
| ■ | ध | न | वा | न | ■ | ने | ■ | श | ■ |
| ध | र्मा | ■ | रि | ■ | जू | ■ | झु | ■ | सु |
| ■ | त्मा | ■ | स | हे | ली | ■ | म | सी | हा |
| फा | ■ | श | ■ | मा | ■ | गु | रू | ■ | ग |
| गु | म | रा | ह | ■ | मे | ला | ■ | डॉ | ■ |
| न | ■ | बी | ■ | आ | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | काँ | ■ | आ | शि | की | ■ | द | ■ | ल |
| वां | टे | ड | ■ | क | ■ | इं | सा | फ | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7334

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7333 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8549

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | 3 | | | 4 |
| 5 | | | 6 | | | | | |
| | | 7 | | | 8 | 9 | | |
| 10 | 11 | | | | | 12 | 13 | |
| | | | | | 14 | | | |
| 15 | | 16 | | 17 | | 18 | | 19 |
| | | 20 | 21 | | 22 | | | |
| | | | 23 | | | | | |
| 24 | | | | | 25 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. दांपत्य संबंध विच्छेद-3
3. रहस्य का ज्ञाता-4
6. खुशबू, सुगंध-3
7. सौ, सैकड़ा, शतक-2
8. दुलारा, लाड़ला-2
10. नाम रखना-5
12. दाम, मूल्य, दर-3
15. अग्नि, आग-3
17. सम्मान देना -2,3
20. जन्नत, अप्सरा-2
22. दाम, कीमत-2
23. स्थान-3
24. अचरज भरा कार्य-4
25. गागर, घड़ा-3

**ऊपर से नीचे**

2. न्यूनता, कमी-5
3. अटक-अटक कर बोलने वाला-3
4. आवश्यकता-4
5. राजी करना, मान मनुहार करना-3
7. वहम, संदेह-2
9. भाग्यशाली(अंग्रजी-2)
11. मैला, दागदार-3
13. धोखेबाज, कपटी-3
14. मन मोहने वाला-5
15. अशांति फैलाने वाला, उपद्रवी-4
16. रक्त, खून-2
18. आनेवाला दिन-2
19. नृत्य करना-3
21. चांदी-3

### शब्द पहेली -8548 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | ह | र | ■ | क | ल | ह | ■ |
| श | ब | ■ | ह | ■ | मी | ■ | क | म |
| री | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | ■ | ह |
| फ | की | र | ■ | ही | ■ | ब | हु | ल |
| ■ | ■ | द | ल | ■ | कै | द | ■ | ■ |
| स | न | म | ■ | रा | ■ | ना | र | द |
| ली | ■ | ■ | स | त | ना | म | ■ | म |
| का | न | ■ | र | ■ | वि | ■ | जा | न |
| ■ | त | र | ल | ■ | क | हा | र | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनायी गयी

## जनजातीय गौरव दिवस पर हुआ व्याख्यान माला का आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड लांजी में जिला समन्वयक सुशील बर्मन के दिशानिर्देश पर नवांकुर संस्था स्पोर्ट एंड स्काउट्स गाइड ऑर्गेनाइजेशन एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति लांजी के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर क्रमांक 01 के अंतर्गत निर्माण इंस्टीट्यूट के सभाकक्ष में भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती जनजातीय गौरव दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि एवं मुख्यवक्ता समलसिंह मसराम, कार्यक्रम के अध्यक्ष मुन्नालाल मलगाम पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी, विशिष्ट अतिथि संदीप कुमार रामटेककर उपाध्यक्ष नगर परिषद लांजी, संतोष नगपुरे विकासखंड समन्वयक लांजी, लवकुश यादव सचिव स्पोर्ट एंड स्काउट्स गाइड ऑर्गेनाइजेशन एवं कैलाश ब्रह्मपुरे अध्यक्ष, भानुप्रताप प्रजापति सचिव नगर विकास प्रस्फुटन समिति लांजी की उपस्थिति में किया गया। जिसमें संतोष नगपुरे विकासखंड समन्वयक द्वारा कार्यक्रम की भूमिका को स्पष्ट किया, साथ ही कार्यक्रम के मुख्यवक्ता समलसिंह मसराम ने बताया कि बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक ऐसे महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी, धार्मिक सुधारक और लोक नायक थे, जिन्होंने ब्रिटिश शासन और ज़मींदारी व्यवस्था के अत्याचारों के विरुद्ध आदिवासी समाज को संगठित किया और उन्हें उलगुलान (महान विप्लव) के लिए प्रेरित किया। उन्हें उनके अनुयायियों द्वारा धरती आबा (पृथ्वी का पिता) और भगवान का दर्जा दिया गया है। इसी क्रम में समाजसेवी मुन्नालाल मलगाम ने अपने वक्तव्य में कहा कि बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिन्होंने न केवल अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, बल्कि आदिवासी समाज को उनकी जड़ों, संस्कृति और स्वाभिमान से भी जोड़ा लोगो में जागरूकता लाने के लिए आप के द्वारा नारा दिया गया कि अपना देश-अपना राज। तथा कम आयु में निधन के बावजूद, बिरसा मुंडा ने महान रणनीति, साहस और नेतृत्व का परिचय दिया। वे एक साहसी नेता, आध्यात्मिक मार्गदर्शक और दूरदर्शी के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने आदिवासी समाज के लिए जो संघर्ष किया, उसी के कारण उन्हें भगवान बिरसा मुंडा के रूप में पूजा जाता है। अन्य वक्ताओं ने भी अपने वक्तव्य प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र छात्रा नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम का सफल संचालन नगर परिषद लांजी उपाध्यक्ष एवं परामर्शदाता संदीप कुमार रामटेककर के द्वारा किया गया।



### ग्राम सोगलपुर में धूमधाम से मनाई क्रांति सूर्य अमर शहीद बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती



मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद तहसील शाखा लांजी के तत्वावधान में 15 नवंबर दिन शनिवार को ग्राम सोगलपुर के सामुदायिक भवन में क्रांति सूर्य अमर शहीद बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम मुख्य अतिथि एस.डी. धारणे (पूर्व जिला उपाध्यक्ष, मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद), विशिष्ट अतिथि नेतराम अविनाशी, चैतराम घोरमारे उप सरपंच, सेवकराम मेश्राम सेवानिवृत्त शिक्षक, शेषराम धारणे सेवानिवृत्त प्राचार्य, चमारूलाल धारणे सेवानिवृत्त पुलिस विभाग, होमेश्वर घोरमारे तहसील अध्यक्ष मांझी सरकार लांजी, अनीराम चौहान की प्रमुख उपस्थिति में किया गया जिसमें आदिवासी समुदाय के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शहीद बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत अमर शहीद बिरसा मुंडा की छायाचित्र पर माल्यार्पण और नारों से हुई। इसके बाद सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एस.डी. धारणे ने होमेश्वर घोरमारे को भगवान बिरसा मुंडा की फोटो भेंट कर सम्मानित किया। जयंती के अवसर पर ग्राम सोगलपुर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बरगद का पेड़ भी लगाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बिरसा मुंडा के आदिवासी अधिकारों और स्वाधीनता संग्राम में योगदान को याद किया। कार्यक्रम का मंच संचालन विजय सोनवाने ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में हेतराम अविनाशी, खरेन्द्र वाकडे, राजेंद्र वाकड़े, ज्ञानीराम कारमेघे, जागेश्वर वाकड़े आदि का सहयोग रहा।

### निर्माण इंस्टीट्यूट में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई

निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी, लांजी में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, प्रदर्शनी, निबंध लेखन, प्रश्नमंच, भाषण, लोकगीत, लोक नृत्य और लोक नाट्य जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। मुख्य अतिथि भूतपूर्व वायु सैनिक राजेंद्र रामटेक्कर ने बिरसा मुंडा के जीवन संघर्षों और आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही संस्थान के 70 विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नाट्य प्रस्तुति, जो भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्षों पर आधारित थी। इसमें रिंकू कलपुरे, विधा पारधी, सलोनी पिपरे, स्नेहा वाकड़े, दृष्टी पटले, निशा राउत, वंदना कलपुरे, सपना अस्तने, टिकेंद्र नेवारे, विकास बरसागड़े, अमित भिमटे और हर्षिखा श्रीवास जैसे छात्र-छात्राओं ने प्रमुख भूमिकाएं निभाईं। संस्थान के निदेशक डॉ. प्रणय कुमार ने विद्यार्थियों की इस उत्कृष्ट प्रस्तुति की भरपूर सराहना की। कार्यक्रम प्रभारी भानू प्रताप प्रजापति ने सभी आयोजनों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। समारोह में निदेशक डॉ. प्रणय कुमार, दीक्षा बारेकर, प्रतीक्षा कुचलाहे, देवेंद्र क्षीरसागर, आकाश बाहें, सागर आसटकर, शिवम रामटेककर, भानू प्रताप प्रजापति, समीर खान, कैलाश ब्रम्हपुरे सहित समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में, भगवान बिरसा मुंडा, आदिवासी जनजाति, उनकी परंपरा एवं संस्कृति पर आधारित विभिन्न गतिविधियों के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा सभी उपस्थितों को स्वल्पाहार वितरित किया गया।



### जन अभियान परिषद ने भानेगांव में मनाया बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती



मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के विकास खंड लांजी में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् जिला बालाघाट के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन विकास खंड लांजी सेक्टर क्रमांक 04 के अंतर्गत प्रयोगशाला ग्राम पंचायत भानेगांव में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला समन्वयक सुशील बर्मन और विकास खंड समन्वयक संतोष नागपुरे ने संयुक्त रूप से किया। नवांकुर संस्था गुणवंता और युवा जन कल्याण समिति सावरी कला ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम अध्यक्ष गणेश आवरे रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक श्री उमेद सिंह कोढापे और नरेन्द्र मर्सकोले उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना से हुई। अतिथियों का स्वागत करने के बाद कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अध्यक्ष गणेश आवरे ने बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र और उनके आदिवासी समाज के लिए संघर्ष पर विस्तृत व्याख्यान दिया, जिसने उपस्थित जनों को प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लीलाधर रावते, सीताराम रावते, लक्ष्मण छुट्टानी, जागेश्वर रावते, श्रीमती सुनीता मरावी (MSW), BSW छात्र-छात्राएं, ग्रामीण जन, विकास खंड समन्वयक संतोष नागपुरे, परामर्शदाता अशोक घरते और नवांकुर समिति अध्यक्ष मुनेश पटले सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। समाज के लोगों में बिरसा मुंडा के प्रति गहरा लगाव देखने को मिला।

## सेन नाई समाज का प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठजनों का भव्य सम्मान समारोह संपन्न





**पद्मेश न्यूज। लांजी।** सेन शक्ति महासंघठन एवं सेन नाई समाज लांजी के तत्वावधान में आयोजित वृहत सामाजिक कार्यक्रम गुरुवार को सिद्धेश्वर मंगल भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत श्री सेन जी महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुई। मुख्य अतिथि राजेश्वर सेन प्रदेश अध्यक्ष, सेन शक्ति महासंघठन मध्य प्रदेश, तथा विशेष अतिथि अनिल सेन, डॉ. भुनेश्वर भारद्वाज जिला संरक्षक, सेन समाज बालाघाट, सहित स्थानीय गणमान्य अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। अतिथियों ने समाज के उत्थान, एकता एवं स्वजातीय बंधुओं के हित में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में रिटायर्ड पेंशनधारी बुजुर्गों को साल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। विशेष रूप से, विशिष्ट अतिथियों ने संतोष श्रीवास को सेन शक्ति महासंघठन की जबलपुर संभाग अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी, जिस पर उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने हर्षोल्लास के साथ बधाई दी। सेन शक्ति महासंघठन ने समाज हितैषी कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीवास, डॉ. भुनेश भारद्वाज, श्रवण श्रीवास, मदनलाल चावके, राजन भारद्वाज, राकेश श्रीवास, पीताम्बर उर्कुडे, भजनलाल सराठे, यशवंतराव लक्षणे, डॉ. शिवानकर, मनोज पारधी, आत्माराम चन्ने जिला उपाध्यक्ष, संतोष श्रीवास अध्यक्ष सेन नाई समाज लांजी, श्रवणलाल भारद्वाज, सुनीता चन्ने तथा जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समापन की घोषणा अध्यक्ष संतोष श्रीवास ने की। सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें समाज के लिए नई पहल की शुरुआत की गई।

## बोलेगांव में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गई

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं मप्र जन अभियान परिषद बालाघाट के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति लांजी द्वारा विकासखंड लांजी के सेक्टर-05 ग्राम बोलेगांव में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक सुशील बर्मन एवं विकासखंड समन्वयक संतोष नागपुरे के निर्देशन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बोलेगांव के सचिव भुवन कबीरे ने भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य वक्ता रमेश आसटकर ने बिरसा मुंडा की जीवनी एवं संघर्ष गाथा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका विद्रोह केवल भूमि अधिकारों तक सीमित नहीं था, बल्कि स्वधर्म, सनातन चेतना एवं जनजातीय संस्कृति की रक्षा का महायुद्ध था। मतांतरण की बढ़ती शक्तियों के विरुद्ध उन्होंने बिरसैत पंथ की स्थापना की, जिसका आधार शुचिता एवं सिंगबोंगा (सूर्य देव) की उपासना था। बुआ दिशुम, अबुआ राज (हमारा देश, हमारा राज) के नारे ने जल, जंगल, जमीन पर जनजातीय अधिकारों को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में स्थापित किया। 15 नवंबर 1875 को उलीहातू गांव में जन्मे धरती आबा बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में अंग्रेजी हुकूमत एवं मिशनरियों के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह कर प्राण न्योछावर किए। केंद्र सरकार ने 10 नवंबर 2021 को उनकी जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया तथा 150वीं जयंती पर 1-15 नवंबर तक जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा मना रही है। कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिक अनिल भारद्वाज, राजेंद्र बिहोने (रो.सहा.), खिलेश्वर बापुरे, ललित निकुसे, गणेश बापुरे, शुभम वाघाडे, मुकेश रण्दिवे, शुभम रामटेके, आकाश कस्तुरे तथा मातृशक्ति श्रीमती यशोधरा निकुसे, हीरू कालबेले, प्रमीला बाई वाघाडे, धनेश्वरी करहाटकर, जना बाई रंगारी उपस्थित रहीं। प्रस्फुटन समिति के सचिव भोजराम गुडेवार, परामर्शदाता श्रीमती ज्योति शक्करपुडे, विकासखंड समन्वयक संतोष नागपुरे एवं कार्यक्रम समन्वयक रमेश आसटकर ने आयोजन को सफल बनाया।



## एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव में मनाया गया बाल दिवस कार्यकम

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** 14 नवम्बर 2025 दिन शुकवार को एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें संस्था के संचालक ए.आर. कुशले एवं प्रधानपाठिका श्रीमती ममता कुशले के द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलीत किया गया व छात्राओं एवं शिक्षको के द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। कार्यकम में विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न सांस्कतिक कार्यकम प्रस्तुत किए गए साथ ही कार्यकम में विद्यार्थियो के द्वारा आर्ट एण्ड काफट प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, फैशिन डिजाइनिंग, की प्रस्तुति बच्चों के द्वारा दी गई, साथ ही छात्रों के द्वारा आनंद मेला का आयोजन भी किया गया। कार्यकम मे पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, विजय पटले, उपाध्यक्ष प्रकाश पटले, रोहितलाल बिलधैया सचिव भुमेश्वर तुरकर, गणेश बाहे सहसचिव दुलीचन्द कावडे, खुशराज राहंगडाले महिला संघ समिति में अध्यक्ष श्रीमती सविता मिसारे, योगिता राहंगडाले उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का भरें, सुजाता रामटेके सचिव श्रीमती वर्षा पटले, सीमा इनवाती सहसचिव श्रीमती कविता कुशले, पदमा बिहोने एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं पालकगणों की उपस्थित रही। कार्यकम के अंत में उत्कष्ट प्रस्तुती देने वाले छात्रों को पुरुस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया व विद्यालय के समस्त छात्रों को लंच व मिठाई का वितरण किया गया।



लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# यूपी के 10वीं पास युवक ने भोपाल में तैयार किया नकली नोट छापने का मैकेनिज्म

## - किराये के मकान में रहकर तैयार कर रहा था 5-5 सौ के नकली नोट
## - प्रिंटिंग का काम सीखा, फिर बेस्ट क्वालिटी की प्रिंटिंग के लिए जर्मन राइटर्स की किताबें पढ़ी

भोपाल। पिपलानी पुलिस ने मूल रुप से यूपी के रहने वाले 10वीं पास एक ऐसे शातिर युवक को गिरफ्तार किया है, जिसने जल्द पैसा कमाने की लालच में अपने किराये के घर में ही नकली नोट छापना शुरु कर दिये। इसके लिये आरोपी ने पहले न सिर्फ प्रिंटिंग प्रेस में जाकर प्रिंटिंग का काम सीखा बल्कि बेस्ट क्वालिटी की प्रिंटिंग के लिए जर्मन राइटर्स की किताबें भी पढ़ी। इसके बाद प्रिंटिंग प्रेस में काम करने के अनुभव का इस्तेमाल कर उसने घर में प्रिंटिंग का सारा सामान जमा कर पाँच-पाँच सौ के नकली नोट तैयार करना शुरु कर दिये। पुलिस ने उसके पास से 2 लाख 25 हजार के जाली नोट और नोट बनाने का सामान बरामद किया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन शुक्रवार शाम करीब 4 बजे टीम को सूचना मिली कि एक युवक शान्तिनगर निजामुद्दीन के पास नकली नोट लेकर उन्हें चलाने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने घेराबंदी कर





आरोपी विवेक यादव पिता मनोज यादव (21) निवासी मन ए-12 कोरल लाईफ फेस-2 मुरली नगर करोद थाना निशातपुरा भोपाल, स्थाई निवासी ग्राम जमुआ धरमेर थाना मईल जिला देवरिया (उ.प्र.) को घेराबंदी कर पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास 500-500 रूपए के 23 नकली नोट मिले जो हु-बहू नकली नोटो की तरह नजर आ रहे थे। उसके मोबाईल को चेक करने पर मोबाईल मे नकली नोट बनाने के सामान के संबंध मे जानकारी मिली। पुलिस टीम ने उससे नकली नोट बनाने के संबंध में पूछताछ की तब उसने बताया की यह नकली नोट वह घर ही तैयार करता है। और उसकी योजना 500 रूपए नकली नोट से बाजार मे कम कीमत का सामान खरीदकर असली रकम कमाने की थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके किराए के मकान मुरली नगर से सवा दो लाख के 500 रुपए के नकली नोट सहित जाली करेंसी बनाने का सामान कम्प्यूटर, प्रिन्टर, पचमशीन, नोट बनाने की डाई, गोंद, स्क्रीन प्लेट कटर, बाईवल कागज, पेसिल, स्केल, लाईट वाक्स, एय होट स्टपिग फोईल सहित नोट बनाने के कागज जप्त किये है। बताया गया है आरोपी से नकली नोट बनाने का इतना रॉ मटेरियल जप्त किया गया है, जिससे वह लगभग 30 लाख से ज्यादा के जाली नोट छाप सकता था।

### इस तरह छापता था नकली नोट

पुलिस पूछताछ में आरोपी विवेक ने बताया की नकली नोट छापने की योजना के मुताबिक उसने पहले प्रिंटिंग प्रेस में काम किया था, वहाँ से डिजाइनिंग और प्रिंटिंग का अनुभव आने के बाद उसने घर में ही सामान जुटाकर जाली नोट छापना शुरु कर दिये थे। उसने जाली नोट तैयार करने का सामान ऑनलाइन खरीदा था। नकली नोट बनाने के कागज मंगाकर वह उन कागजों को पहले ब्लेड से काट लेता और फिर पेंसिल से मार्किंग करके तथा दूसरे कागज पर आरबीआई भारत की पट्टी चिपका देता था। इसके बाद दोनो कागजों को चिपकाकर एक साथ जोडकर पेपर की कटिंग करता फिर प्रिंटर से प्रिंट निकालकर नोट के आकार मे उन्हें काट लेता था। इस नोट की बाहरी चीजें जैसे 500 रू एवं वाटर मार्किंग कर वह नकली नोट तैयार करता था। फिलहाल पुलिस आरोपी से यह जानकारी जुटा रही है, कि वह कितने समय से जाली नोट छाप रहा था, और अब तक कितने नकली नोट बाजार में खपा चुका हैं। हालांकि सूत्रों के मुताबिक आरोपी विवेक बीते एक साल से जाली करेंसी तैयार कर रहा था, और लाखो के नकली नोट बाजार में खपा चुका है।

# सिवनी मंदिर विवाद में बड़ी कार्रवाई...

## एसडीओ, चार रेंजर समेत 16 पर एफआईआर तीन श्रमिकों को भी हटाया

सिवनी। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के वन विकास निगम (बरघाट प्रोजेक्ट) स्थित बहरई जंगल में सड़क किनारे बने 50 साल पुराने हनुमान मंदिर को क्षतिग्रस्त करने पर एसडीओ, चार रेंजर समेत वन विभाग के 16 कर्मचारियों व चौकीदार पर बरघाट पुलिस ने शुक्रवार देर रात एफआईआर दर्ज की। इसके बाद मंडल प्रबंधक डेविड चनाप ने उपसंभागीय प्रबंधक अनिल कुमार क्षत्रिय, कार्यवाहक परियोजना क्षेत्रपाल रवि गेडाम व दिनेश झारिया को निलंबित करने का प्रस्ताव क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक जबलपुर को भेजा है।

### तीन श्रमिकों को भी हटाया

विभागीय जांच प्रारंभ करने की संस्तुति भी की गई है। मंडल प्रबंधक ने क्षेत्र के वानिकी कार्यों में लगे श्रमिक वाहिद खान, असीम खान व जावेद खान को तत्काल बहरई परिक्षेत्र से हटा दिया है। क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक ब्रजेंद्र झा ने बताया कि वन विभाग का अमला बहरई जंगल में बालाघाट-सिवनी मार्ग के किनारे स्थित हनुमान मंदिर में बिना अनुमति के अतिरिक्त निर्माण कराए जाने पर मंदिर के पुजारी व अन्य भक्तों को समझाने गया था। इसी दौरान वहां विवाद हो गया। वन विभाग ने इस कार्रवाई की जानकारी न तो राजस्व विभाग को दी और न ही पुलिस को। इस दौरान टीन शेड, सोलर पैनल तोड़ दिया।

### मंदिर को क्षतिग्रस्त करने का मामला

आरोप हैं कि मंदिर के पुजारी को हिरासत में लेकर मंदिर के घंटे, पूजन सामग्री, दान पेटी, कलश को क्षति पहुंचाकर जब्त करने का प्रयास किया गया। इस दौरान गाली-गलौच भी की। राजस्व अधिकारियों के साथ बरघाट थाना मोहनीश सिंह बैस, विधायक कमल मर्सकोले ने ग्रामीणों व हिंदूवादी संगठनों को शांत कराने का प्रयास किया। बरघाट के रंजित धुर्वे व पुजारी जटाशंकर पांडे की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ ने मनाई बिरसा मुण्डा जयंती

पद्मेश न्यूज (बालाघाट)। शनिवार 15 नवंबर को मध्य प्रदेश वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ जिला बालाघाट के कार्यालय में धरती आभा बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती पर जनजाति गौरव दिवस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।संभाग अध्यक्ष



रोशनलाल पडवार की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी कर्मचारियों के द्वारा जननायक धरती आभा क्रांति सूर्य बिरसा मुंडा जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा भारत के लिए किए गए योगदान कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष श्रीराम घरते जिला महासचिव नारायण सिंह टेकाम ,जिला उपाध्यक्ष सचिन पदमें, पुरानी पेंशन बहाली संगठन जिला अध्यक्ष विनीत सिंह तहसील अध्यक्ष बालाघाट संतोष पारधी, संगठन के सदस्य अयाज अली, कल्याण दास मेश्राम, गौरव मिश्रा, मदन लाल चौधरी एवं अन्य वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी की गरिमा में उपस्थिति रही।

## एमडी ड्रग्स के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

भोपाल। पुराने शहर की टीलाजमालपुरा पुलिस ने एमडी ड्रग्स के साथ महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के कब्जे से 9 ग्राम एमडी ड्रग्स और एप्पल मोबाईल सहित 1 लाख 52 हजार का माल जप्त किया गया है। थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया की मादक पदार्थ तस्करो की धरपकड़ के थाना स्तर पर विशेष टीम बनाई गई थी। शनिवार को मुखबिर से टीम को सूचना मिली की इस्लामी गेट के पास ग्राउंड मे सुनसान जगह पर एक संदिग्ध महिला अंधेरे में खडी है, जो संभवत नशीले पदार्थो की तस्करी से जुड़ी हो सकती है।

## लिंक रोड नं. एक पर बीसीएलएल बस में लगी भीषण आग, बड़ा हादसा टला

भोपाल। राजधानी के लिंक रोड नंबर 1 पर शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) की टीआर-4 रूट पर चल रही लो-फ्लोर बस के पिछले हिस्से से अचानक धुआं उठने लगा। बस बोर्ड ऑफिस चौराहे से न्यू मार्केट की ओर जा रही थी। जैसे ही धुआं बढ़ना शुरू हुआ, ड्राइवर और कंडक्टर ने तुरंत बस रोककर सभी यात्रियों को नीचे उतार लिया। इस तेजी से लिए गए निर्णय की वजह से कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के मुताबिक, बस के इंजन वाले हिस्से में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगने की स्थिति बन गई। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन बस का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। नगर निगम के एमआईसी मेंबर मनोज राठौर के अनुसार, उस समय बस में 8 से 10 सवारियां मौजूद थीं, जो सुरक्षित बाहर निकाल ली गईं। बस के सभी दस्तावेज पूर्ण बताए गए हैं, फिर भी कारणों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की दुर्दशा को लेकर पूर्व में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी विधानसभा में तारांकित प्रश्न लगाकर चिंता व्यक्त की थी। लगातार बंद होती बसों और यात्रियों की बढ़ती मुश्किलों पर सरकार और बीसीएलएल प्रबंधन से समाधान की मांग की गई थी।

### -बीसीएलएल बसों की खराब स्थिति

इस घटना ने एक बार फिर बीसीएलएल बसों की मेंटेनेंस व्यवस्था और तकनीकी जांच पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। शहर में लंबे समय से बीसीएलएल बसों की खराब हालत और लगातार बंद होती बसों को लेकर विवाद बना हुआ है।

### - 368 बसों में से केवल 60 चल रहीं

भोपाल में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। कभी शहर की सड़कों पर 368 बसें दौड़ा करती थीं, वहीं अब इनकी संख्या घटकर केवल 60 रह गई है। बीते कुछ वर्षों में अलग-अलग एजेंसियों के बस संचालन बंद करने से यात्री भारी परेशानी में हैं। बीसीएलएल के माध्यम से शहर में चार एजेंसियां मां एसोसिएट्स, ए पी मोटर्स, श्री दुर्गांबा और आई-मोबिलिटी बसों का संचालन कर रही थीं। सबसे पहले पिछले वर्ष 4 जुलाई को मां एसोसिएट्स ने अपनी 149 बसें बंद कर दीं। मुख्य कारण था 'चलो एप' द्वारा प्रति किलोमीटर भुगतान राशि घटाने की मांग, जिसके चलते विवाद बढ़ता गया। डेढ़ साल तक समाधान नहीं निकलने के बाद अन्य एजेंसियों ने भी सेवाएं बंद कर दीं और बसों की संख्या तेजी से घटती चली गई।

## सतीश बोस बनाए गए अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष



पद्मेश न्यूज (बालाघाट)। अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धिंगान, संस्थापक डॉ ए पी बेगी की अनुशंसा पर, अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रमुख जनरल सेक्रेटरी अशोक कुमार झा ने बालाघाट जिले के सतीश बोस को मध्य प्रदेश के जबलपुर संभाग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है।सतीश बोस की नियुक्ति संगठन के प्रति निरंतर निष्ठा एवं समर्पण को ध्यान में रखते हुए की गई है, वही संगठन ने श्री बोस से अपेक्षा की है कि वे कर्मचारी मजदूर एवं समाज के सर्वांगीण विकास हेतु सामाजिक, राजनीतिक ,शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए संवैधानिक उपायों को अपनाते हुए कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करेंगे। सतीश बोस को जबलपुर संभाग का अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

# बिहार चुनाव में मध्यप्रदेश के बीजेपी नेता और सीएम यादव का स्ट्राइक रेट 90 प्रतिशत

## जहां प्रचार किया ऐसी करीब 88 सीटों पर एनडीए को जीत मिली

भोपाल। मध्यप्रदेश भाजपा ने फिर अपनी संगठनात्मक क्षमता को साबित करके दिखाया है। बिहार गए मप्र के दिग्गज नेताओं की करीब 88 सीटों पर एनडीए को जीत मिली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रचार के लिए 25 सीटों पर गए, इसमें से 21 सीटों पर एनडीए जीता है। बाकी नेताओं के क्षेत्र में स्ट्राइक रेट 90 प्रतिशत से अधिक रहा। गुजरात चुनाव में भी गए मप्र के नेताओं ने गुजरात-मध्यप्रदेश से सटी सीटों पर भाजपा को भारी जीत दिलाई थी।

मुख्यमंत्री यादव को खासतौर पर उन सीटों पर भेजा गया जहां यादव-मुस्लिम समीकरण बन रहे थे। मसलन, वजीरगंज, आलमनगर, पूर्वी चंपारण और सीतामढ़ी सीट। चुनाव के बीच जब राहुल गांधी पचमढ़ी में जंगल सफारी कर रहे थे, तब डॉ. यादव ने ही कहा था कि कांग्रेस नेता राहुल ने हार मान ली।

विधानसभा चुनाव में बिहार को बीजेपी ने 5 जोन में बांटा गया। सबसे बड़े जोन मिथिला एवं तिरहुत में 58 विधानसभा 12 जिले एवं 10 लोकसभा की जिम्मेदारी डॉ. महेंद्र सिंह को दी गई। बिहार में कैंपेन के लिए बंशीलाल गुर्जर, आशुतोष तिवारी, शैलेंद्र बरुआ, सांसद अनिल फिरोजिया, अजजा मोर्चा के



राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद गजेंद्र पटेल, प्रदेश प्रवक्ता केपी सिंह यादव भी गए थे।

इधर, एनडीए की जीत पर भोपाल के पार्टी दफ्तर में जमकर जश्न मनाया गया। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं मंत्री प्रहलाद पटेल भी इस दौरान मौजूद रहे। ढोल बजे और आतिशबाजी हुई। खंडेलवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासवादी नीतियों से बिहार में एनडीए को ऐतिहासिक विजय मिली। जनता ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार को सबक सिखा दिया। बिहार गए मप्र के सभी नेताओं को भी उन्होंने बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को बिहार की जनता ने पूरी तरह से नकार दिया।

## पुलिस ने धान चोर को पकड़कर भेजा जेल

बहादुरपुर। थाना क्षेत्र के गीलारोपा गांव में एक युवक धान की चोरी करते हुए पकड़ाया है। जिसे पुलिस ने 151 की कायमी कर जेल भेज दिया है। बताया गया है कि गीलारोपा निवासी श्रीराम पटेल बड़े किसान हैं। उनकी जमीन में करीब एक हजार क्विंटल धान का उत्पादन हुआ है। यह धान किसान के घर के आगे मैदान में फैलाकर सूखने के लिए करीब पंद्रह से रखी है। बीते कुछ दिनों से धान के ढेरियों में से चोरी का संदेह किसान को हो रहा था। ऐसे में किसान ने बीते शुक्रवार को सीसीटीवी कैमरे लगवाए। शाम को टेक्नीशियन कैमरे लगा कर गया। रात में एक युवक आया और धान की ढेरियों में से बोरियां भर कर ले गया। यह घटना कैमरे में कैद हो गई। किसान ने सुबह कैमरे चेक किए तो यह घटना दिखाई दी। युवक की पहचान प्रीतम पुत्र रामकिशन अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी गीलारोपा के तौर पर हुई, जिसे किसान और उसके परिजन पकड़ कर पुलिस थाने ले गए। जहां पुलिस ने युवक पर 151 कायम कर मुंगावली एसडीएम कार्यालय भेजा। जहां से युवक को जेल भेज दिया गया है। किसान का कहना है कि शुक्रवार रात को करीब डेढ़ दो क्विंटल धान चोरी हुई है। उन्हें शक है कि युवक लगातार धान चोरी कर रहा था, जिससे और पूछताछ होनी चाहिए।

## किसानों के लिए गुड न्यूज, अब घर-घर पहुंचेगी खाद, इनके इन 3 जिलों में शुरू होगी सुविधा

विदिशा। ई-टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अब किसानों को एक और सुविधा मिलने जा रही है। खाद की बुकिंग के दौरान ही किसान अब होम डिलीवरी के लिए भी बुकिंग कर सकेंगे। इसके लिए किसान से न्यूनतम किराया लिया जाएगा। हालांकि यह व्यवस्था फिलहाल डबल लॉक केन्द्र के पांच किलोमीटर क्षेत्र के गांव तक उपलब्ध कराई जाएगी। बता दें कि पायलेट प्रोजेक्ट के तहत विदिशा के अलावा शाजापुर और जबलपुर इन तीन जिलों में होम डिलीवरी की सुविधा शुरू करने की तैयारी चल रही है।

# मेला समिति और सकल समाज ने सौंपा ज्ञापन

पद्मेश न्यूज (कटंगी)। तहसील क्षेत्र के ग्राम वरूड़ में बीते कुछ समय से कथित तौर पर आदिवासी समाज के कुछ युवाओं के व्यवहार से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। इन युवाओं ने गांव में आयोजित मेले में भी विवाद किया। जिसके बाद शनिवार को मेला समिति और गांव के लोगों ने थाना पहुंचकर इन युवाओं की शिकायत कर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। मिथिलेश मड़ावी और दीपक मड़ावी नाम के आदिवासी युवकों पर गांव के आयोजित मेले में पान दुकान लगाने वाले रोहित के साथ विवाद करने का आरोप लगाया है। शिकायत करने पहुंचे लोगों का यह आरोप है कि गांव में आदिवासी समाज के कुछ लोग जबरन गांव में सामाजिक माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही माहौल खराब करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग रखी है। ग्रामीण हितेश बिसेन, नैनसिंह बिसेन, राजहंस बोमचेर, प्रकाश बिसेन, रोहित पटले, मोहन लाल गभने, सेवक प्रसाद पटले, विजय सोनवाने, गेंदलाल बोपचे शिकायत करने के दौरान मौजूद रहे।



## बाल दिवस पर पीएमश्री विद्यालय माटे में विविध कार्यक्रम हुए

पद्मेश न्यूज (किरनापुर)। तहसील अंतर्गत पी.एम.श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माटे (किरनापुर) में बाल दिवस कार्यक्रम बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू की 136 वी जयंती के उपलक्ष्य में बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने हेतु कई आकर्षक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य और सभी शिक्षक शिक्षिकाओ द्वारा नेहरू जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, गीत-संगीत, नृत्य, कविता पाठ, चित्रकला प्रतियोगिता और खेलकूद में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बाल अधिकार, शिक्षा के महत्व और बच्चों के सुरक्षित भविष्य पर प्रेरणादायी संदेश भी दिए ।बाल दिवस का यह आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और नेतृत्व गुणों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि यश नागेश्वर कक्षा पहेली का छात्र था।और संरक्षक श्यामकरण पटले प्रभारी प्राचार्य ,एम ए कुरैशी,और सभी शिक्षक शिक्षिका की गरिमामई उपस्थिति रही।अंत में छात्र छात्राओं को स्वल्पाहार प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कोलकाता टेस्ट में भारत की पकड़ मजबूत, दक्षिण अफ्रीका संकट में

## दक्षिण अफ्रीका पहली पारी 159, दूसरी पारी 93/7 - भारत पहली पारी 189

कोलकाता। कोलकाता के ईडन गार्डन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम जीत की ओर तेजी से बढ़ रही है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 93 रन पर सात विकेट खो दिए थे। पहली पारी में भारत से 30 रन पीछे रहने के चलते उसकी कुल बढ़त अभी सिर्फ 63 रन की हैं। स्टंप्स के समय कप्तान तेम्बा बावुमा 29 रन और कोर्बिन बॉश एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत के लिए रविंद्र जडेजा ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके, जबकि कुलदीप यादव ने दो और अक्षर पटेल ने एक सफलता हासिल की। मेहमान टीम की बल्लेबाजी भारतीय स्पिनरों के सामने बेबस नजर आई और लगातार विकेट गिरने से उनकी स्थिति और कमजोर होती चली गई।




इससे पहले भारत की पहली पारी 189 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम व्यावहारिक रूप से नौ विकेट पर ही रुक गई क्योंकि कप्तान शुभमन गिल गर्दन में ऐंठन के चलते रिटायर हर्ट हो गए और दोबारा बल्लेबाजी के लिए मैदान पर नहीं लौट सके। उनकी जगह विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टीम की कमान संभाली। भारत की पारी में सबसे बड़ा बाधक दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर बने, जिन्होंने अपनी क्लासिकल ऑफ स्पिन गेंदबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 रन देकर चार महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। हार्मर की टर्न लेती गेंदों ने भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया और उन्होंने वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल को क्रमश: 29, 27 और 16 रन पर पवेलियन भेजा। तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने भी 35 रन देकर तीन विकेट हासिल किए और हार्मर का बखूबी साथ निभाया।

दिन की शुरुआत भारत ने एक विकेट पर 37 रन से की थी। केएल राहुल और वाशिंगटन सुंदर ने संयम से बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए 57 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। दोनों ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों का मजबूती से सामना किया, लेकिन ड्रिंक्स ब्रेक के बाद मैच का रूख अचानक बदल गया। हार्मर ने वाशिंगटन को स्लिप में एडेन मार्करम के हाथों कैच कराकर भारत को बड़ा झटका दिया। इसके बाद जडेजा और अक्षर ने 45-45 गेंदें खेलकर संघर्ष तो किया, लेकिन टीम के स्कोर में बड़ा अंतर नहीं ला सके। ध्रुव जुरेल ने आक्रामक अंदाज में शुरुआत करने की कोशिश की, लेकिन हार्मर को रिटर्न कैच थमा बैठे।

दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और दक्षिण अफ्रीका को शुरू से ही दबाव में रखा। बल्लेबाज एक-एक कर पवेलियन लौटते गए और टीम बड़ी बढ़त हासिल करने में नाकाम रही। मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारत तीसरे दिन ही यह टेस्ट मैच अपने नाम कर सकता है।

## रवींद्र जडेजा ने अपने नाम दर्ज की एक और ऐतिहासिक उपलब्धि

मुंबई । टीम इंडिया के भरोसेमंद ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने फिर साबित किया हैं कि वह आधुनिक क्रिकेट के सबसे बड़े मैच-विनर्स में शामिल हैं। ईडन गार्डन में खेले जा रहे भारत-साउथ अफ्रीका पहले टेस्ट के दौरान जडेजा ने अपने करियर में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जोड़ ली। जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में 4,000 रन पूरे करते ही उस एलीट क्लब में प्रवेश पा लिया हैं, जिसमें सिर्फ तीन दिग्गज शामिल इयान बॉथम, कपिल देव और डेनियल वेटोरी। अब इस क्लब में चौथे सदस्य रवींद्र जडेजा बन गए है।




जडेजा ने कारनामा 87 टेस्ट में पूरा किया। यह बॉथम के बाद दूसरा सबसे तेज प्रदर्शन है। जडेजा की रन मशीन में अब 6 शतक और 27 अर्धशतक शामिल हैं। स्लिप, पॉइंट और शॉर्ट कवर पर उनकी बिजली सी फुर्ती मैच को पलट देने की क्षमता रखती है। विकेटों के बीच उनकी तेज दौड़ और रनिंग बिटवीन विकेट्स भी उन्हें तीनों पहलुओं में मैच-विनर बनाती है।

अक्सर एशियाई पिचों के स्पिनर माने जाने वाले जडेजा ने विदेशों में भी शानदार प्रदर्शन किया है— इंग्लैंड में 2022 की सेंचुरी, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका में मैच-विनिंग स्पेल, जिससे साबित होता है कि वह सिर्फ होम ट्रैक स्टार नहीं, बल्कि एक ग्लोबल टेस्ट चैंपियन हैं। जडेजा अपनी फिटनेस, कंसिस्टेंसी और बैट-बॉल दोनों से योगदान देकर टीम इंडिया की 'बैलेंस की रीढ़' हैं। उनके आने से ही भारत 5 बॉलर कॉम्बिनेशन आराम से खिलाता है।

## केएल राहुल ने टेस्ट करियर में पूरे किए 4,000 रन

नई दिल्ली। ईडन गार्डन्स में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट में भारतीय ओपनर केएल राहुल ने अपने टेस्ट करियर का बड़ा माइलस्टोन हासिल किया। शनिवार को खेले गए मैच में राहुल ने 4,000 रन का आंकड़ा पार किया। इस उपलब्धि के साथ वे टेस्ट क्रिकेट में भारत के भरोसेमंद बल्लेबाजों में एक और नाम जोड़ने में सफल रहे। इस दिन राहुल ने 119 गेंदों में 39 रन बनाए, जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल रहा। हालांकि वे इस अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाए, लेकिन अपने करियर के इस मुकाम को पार करना उनके लिए खास रहा। अब तक राहुल ने 66 टेस्ट मैचों में 115 पारियों में 4,024 रन बनाए हैं, उनका औसत 36.58 है और सर्वश्रेष्ठ स्कोर 199 रन का रहा है। इसके अलावा उन्होंने 11 शतक और 20 अर्धशतक भी लगाए हैं।

राहुल के लिए यह साल शानदार रहा है। 2025 में उन्होंने 9 टेस्ट मैचों में 784 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। इस दौरान उनका औसत 52.26 रहा और सर्वश्रेष्ठ पारी 137 रन की रही। इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में उन्होंने 532 रन बनाए और दो शतक जमाए। अहमदाबाद टेस्ट में उन्होंने 9 साल बाद घरेलू मैदान पर शतक भी लगाया, जो 2016 के बाद भारत में उनका पहला टेस्ट शतक था। डे-2 के लंच तक भारत की पारी 138/4 पर पहुंची, जिसमें कप्तान शुभमन गिल भी गर्दन में दर्द के कारण रिटायर्ड हर्ट होकर वापस लौट गए। टीम के लिए यह दिन कुछ चिंता के साथ उत्साह का भी रहा, क्योंकि राहुल का माइलस्टोन और भारतीय गेंदबाजों का आक्रमक प्रदर्शन दोनों ही मैच की दिशा तय कर सकते हैं। इस प्रदर्शन के साथ केएल राहुल ने न केवल व्यक्तिगत रूप से बड़ा माइलस्टोन छुआ, बल्कि भारतीय टीम को टेस्ट मैच में मजबूत स्थिति में बनाए रखने में भी अहम योगदान दिया। फैंस और विशेषज्ञ अब उनके अगले शॉट्स और

## ऋषभ पंत बने भारत के नए सिक्सर किंग

### टेस्ट में तोड़ा वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। टीम इंडिया के विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कोलकाता टेस्ट में एक नया इतिहास रच दिया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलते हुए पंत ने केशव महाराज की गेंद पर लंबा छक्का लगाते हुए भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड वीरेंद्र सहवाग के पास था, जिन्होंने अपने करियर में कुल 90 छक्के जड़े थे। ऋषभ पंत ने इंग्लैंड दौरे पर सहवाग की बराबरी कर ली थी, लेकिन अब उन्होंने यह रिकॉर्ड पार कर दिया। इस तरह 91 छक्कों के साथ पंत टेस्ट क्रिकेट में भारत के नए 'सिक्सर किंग' बन गए हैं। इस उपलब्धि के साथ पंत ने रोहित शर्मा और एमएस धोनी जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को भी पीछे छोड़ दिया है।




**भारत के लिए टेस्ट मैचों में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों की सूची इस प्रकार है-**

91 - ऋषभ पंत
90 - वीरेंद्र सहवाग
88 - रोहित शर्मा
80 - रवींद्र जडेजा
78 - एमएस धोनी

पंत ने यह रिकॉर्ड मैच के 38वें ओवर में हासिल किया। केशव महाराज की तीसरी गेंद पर चौका लगाने के बाद उन्होंने अगली गेंद पर मिड ऑफ की दिशा में शानदार छक्का लगाया। उनके इस बेखौफ और आक्रामक अंदाज ने दर्शकों और क्रिकेट फैंस को रोमांचित कर दिया। ऋषभ पंत की बल्लेबाजी का यह अंदाज उन्हें टेस्ट क्रिकेट में अलग पहचान दिलाता है। वे न केवल तेज रन बनाने में माहिर हैं, बल्कि टीम के लिए जरूरी मौके पर बड़े शॉट खेलने से भी नहीं हिचकिचाते। उनका यह रिकॉर्ड भारतीय क्रिकेट में नया अध्याय जोड़ता है और आने वाले समय में युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

इस प्रदर्शन के साथ पंत ने अपने करियर को और ऊँचाई दी है और साबित कर दिया है कि वे केवल विकेटकीपर नहीं, बल्कि टेस्ट क्रिकेट में भी आक्रामक बल्लेबाज के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। फैंस और विशेषज्ञ अब उनके खेल पर और ध्यान दे रहे हैं और पंत की अगली उपलब्धियों को लेकर उत्साहित हैं।

## रोनाल्डो पर विश्वकप के शुरुआती मैचों में लग सकता है प्रतिबंध

डबलिन। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आगामी फीफा विश्वकप के शुरुआती मैच शायद ही खेल पाएंगे। इसका कारण है कि रोनाल्डो पर प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है। इसका कारण है कि क्वालीफाइंग मैच मे रोलाल्डो ने आयरलैंड के डिफेंडर दारा ओशे को कोहनी मार दी थी जिसके कारण उन्हें लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया था।




इस मैच में पुर्तगाल को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था। इसी कारण रोनाल्डो आर्मेनिया के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच से भी बाहर रहेंगे। पुर्तगाल के लिए विश्वकप क्वालीफाई करने ये मैच जीतना जरुरी है। फीफा के अनुशासनात्मक नियमों के अनुसार, रोनाल्डो पर कम से कम तीन मैचों का प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

'फीफा का प्रतिबंध प्रतिस्पर्धी मैचों पर लागू होगा और टूर्नामेंट से पहले के अभ्यास मैचों में नहीं लगाया जा सकता है। रोनाल्डो ने आयरलैंड के ओशे की पीठ पर दाहिनी कोहनी मारी थी। रेफरी ने पहले पीला कार्ड दिखाया, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद उसे लाल कार्ड में बदल दिया था।

आयरलैंड के प्रशंसकों द्वारा हूटिंग किये जाने के बाद रोनाल्डो मैदान से बाहर जाते समय कुछ पल के लिए रुके और प्रशंसकों की ओर अंगूठा दिखाया जिससे भी फीफा अनुशासन समिति ने नियमों के खिलाफ बताया है और इसके लिए भी उनपर कार्रवाई हो सकती है।

## क्रोएशिया ने विश्व कप में बनाई जगह

रिजेका । क्रोएशिया ने विश्व कप क्वालीफायर के नौवें दौर में फरो आइलैंड्स को 3-1 से हराकर जीत दर्ज की। इस जीत के साथ क्रोएशिया ने 2026 विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। मैच के 16वें मिनट फरो आइलैंड्स ने मुकाबले में बढ़त हासिल कर ली थी। गेजा डेविड तुरी ने मिडफील्ड में ब्रेक का फायदा उठाते हुए एक तेज शॉट लगाया, जो क्रोएशिया के गोलकीपर के पास से निकल गया। हालांकि, क्रोएशिया ने परिपक्वता और सटीकता के साथ कुछ ही देर में इस गोल का जवाब दिया। सात मिनट बाद, डिफेंडर जोस्को ग्वार्डिओल ने कोने में शॉट मारकर मैच 1-1 की बराबरी पर ला दिया। 23वें मिनट तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर था।

यहां से क्रोएशिया ने मिडफील्ड में खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। मुकाबले के 57वें मिनट जोसिप स्टैनिसिक ने दाईं ओर से आगे बढ़कर पेटार मूसा को एक शानदार पास दिया। मूसा ने चतुराई से गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और गोलकीपर के ऊपर से शॉट लगाया।

## शुभमन गिल की चोट ने बढ़ाई टीम इंडिया की चिंता

### गर्दन में मोच के कारण छोड़ना पड़ा मैदान

नई दिल्ली। कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया और उनके फैंस की चिंता बढ़ गई, जब कप्तान शुभमन गिल चोट के कारण मैदान छोड़ने को मजबूर हो गए। शुभमन गिल को बल्लेबाजी के दौरान गर्दन में मोच लगी, जिसके कारण वे आगे बैटिंग जारी नहीं रख सके। फिलहाल बीसीसीआई ने गिल की चोट की गंभीरता के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, लेकिन मैदान पर दिखाई देने वाला दर्द काफी गंभीर प्रतीत हुआ।

शुभमन गिल की चोट भारतीय पारी के 35वें ओवर में लगी। साउथ अफ्रीका के गेंदबाज साइमन हार्मर ने इस ओवर में वॉशिंगटन सुंदर को आउट किया। इसके बाद गिल बैटिंग करने आए और उन्होंने पहले दो गेंदों को अच्छे से डिफेंड किया। तीसरी गेंद पर उन्होंने लेग साइड में स्वीप खेला और बैकवर्ड स्क्वॉयर लेग की दिशा में चार रन जोड़े। लेकिन इस शॉट को खेलने के तुरंत बाद जब वे उठे तो उनकी गर्दन में अचानक तेज दर्द महसूस हुआ। गिल का यह दर्द इतना असहनीय था कि उनका



चेहरा ही इसे दर्शा रहा था और वे अपनी गर्दन तक हिला नहीं पा रहे थे।

मैदान पर फिजियो तुरंत मौजूद हुए और गिल ने चोट दिखाते हुए कुछ देर आराम किया। हालांकि, स्थिति यह हो गई कि उन्होंने आगे बल्लेबाजी जारी रखने में असमर्थता जताई और अंतत: मैदान छोड़ने का फैसला किया। गिल के मैदान से बाहर जाने के बाद भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा, क्योंकि कप्तान की चोट किसी भी स्थिति में टीम के लिए चिंता का विषय बन सकती है।

इस चोट ने मैच में टीम इंडिया की रणनीति पर भी असर डालने की संभावना बढ़ा दी है। शुभमन गिल का होना या न होना भारत की बल्लेबाजी लाइन-अप को प्रभावित कर सकता है, खासकर साउथ अफ्रीका के आक्रमक गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ। फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञ अब इस बात पर नजर रखे हुए हैं कि गिल के फिटनेस अपडेट कब आएंगे और वे अगले दिन मैदान में वापसी कर पाएंगे या नहीं। ईडन गार्डन्स के ऐतिहासिक मैदान पर यह घटना भारतीय टीम के लिए चिंता का कारण बनी हुई है, क्योंकि शुभमन गिल के बिना टीम को बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने पड़ सकते हैं और विपक्षी गेंदबाजों को बढ़त मिल सकती है। टीम इंडिया के फैंस और विशेषज्ञ इस समय गिल की जल्दी फिटनेस और सुरक्षित वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।

## केकेआर के गेंदबाजी कोच बने साउथी

कोलकाता। न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर टिम साउथी अब आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के गेंदबाजी कोच के तौर पर नजर आयेंगे। केकेआर ने साउथी को टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। साउथी ने 107 टेस्ट मैचों, 161 वनडे और 126 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया और 776 विकेट लिए हैं। साउथी ने केकेआर की ओर से साल 2021, 2022, 2023 सत्र में खेला था। इस कीवी खिलाड़ी ने कोच बनाये जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'केकेआर मुझे हमेशा से ही घर जैसा लगा है और इस नयी भूमिका में वापसी करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। इस फ्रैंचाइज़ी की संस्कृति अनूठी है, प्रशंसक जुनूनी हैं और खिलाड़ियों का एक काफी अच्छा समूह हमारे पास है।

## वैभव सूर्यवंशी ने 32 गेंदों में शतक जड़कर टी20 क्रिकेट में भारतीय रिकॉर्ड बनाया

दोहा। भारत ए के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने एशिया कप राइजिंग स्टार्स के पहले ही मैच में अपनी विस्फोटक बल्लेबाज़ी से क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया। यूएई के खिलाफ खेलते हुए सूर्यवंशी ने महज 32 गेंदों में शतक जमाकर इतिहास रच दिया। उनकी पारी 10 चौकों और 9 छक्कों से सजी रही और यह भारत की ओर से संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज़ टी20 शतक बन गया। वैभव सूर्यवंशी का यह 32 गेंदों का शतक भारतीय बल्लेबाजों में दूसरा सबसे तेज़ माना जाता है। सबसे तेज़ टी20 शतक का रिकॉर्ड उर्विल पटेल और अभिषेक शर्मा के नाम 28 गेंदों में है। 14 वर्षीय बिहार के इस प्रतिभाशाली बल्लेबाज ने इससे पहले आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए 35 गेंदों में शतक जमाया था।




**भारतीय बल्लेबाजों द्वारा सबसे तेज़ टी20 शतक की सूची इस प्रकार है-**

उर्विल पटेल - 28 गेंदें, गुजरात बनाम त्रिपुरा, 2024
अभिषेक शर्मा - 28 गेंदें, पंजाब बनाम मेघालय, 2024
ऋषभ पंत - 32 गेंदें, दिल्ली बनाम हिमाचल प्रदेश, 2018
वैभव सूर्यवंशी - 32 गेंदें, भारत ए बनाम यूएई, 2025

भारत ए की टीम इस टूर्नामेंट में युवा सितारों और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण लेकर उतरी है। इसमें कई उभरते आईपीएल खिलाड़ी शामिल हैं, और टीम चयनकर्ताओं ने अंडर-23 टूर्नामेंट होने के बावजूद जितेश शर्मा जैसे कुछ अनुभवी नामों को भी जगह दी है। वैभव सूर्यवंशी की यह धमाकेदार पारी न केवल टीम के लिए बड़ी मदद साबित हुई, बल्कि उनकी प्रतिभा और आक्रामक खेल ने भारतीय क्रिकेट के युवा सितारों की क्षमता को भी दर्शाया। इस प्रदर्शन के बाद सूर्यवंशी को भविष्य का बड़ा खिलाड़ी माना जा रहा है और उनके प्रदर्शन ने क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह की नई लहर पैदा कर दी है।

## आईपीएल रिटेंशन 2026- संजू सैमसन और जडेजा सहित आठ बड़े खिलाड़ी हुए ट्रेड

नई दिल्ली। आईपीएल रिटेंशन 2026 के लिए आज आखिरी दिन है और शाम 5 बजे तक सभी टीमों के रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट सामने आ जाएगी। इसके पहले ही बीसीसीआई ने आठ खिलाड़ियों की ट्रेड सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे बड़ी चर्चित ट्रेड संजू सैमसन और रवींद्र जडेजा की रही। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान और भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन अगले सीजन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलेंगे, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के वरिष्ठ ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान रवींद्र जडेजा राजस्थान रॉयल्स की जर्सी पहनेंगे।

रवींद्र जडेजा ने सीएसके के लिए 12 सीज़न में 250 से अधिक मैच खेले हैं और उनकी लीग फ़ीस 18 करोड़ रुपये से घटाकर 14 करोड़ रुपये कर दी गई है। संजू सैमसन ने आईपीएल में 177 मैच खेले हैं और अब सीएसके के लिए खेलेंगे, यह उनके करियर की तीसरी फ्रैंचाइज़ी होगी। सैमसन ने 2013 में आईपीएल में पदार्पण किया था और अधिकांश सीज़न में राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया, सिवाय 2016 और 2017 के, जब उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेला।

इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन भी एक सफल ट्रेड के बाद चेन्नई सुपर किंग्स से राजस्थान रॉयल्स में शामिल होंगे। 27 वर्षीय करन ने 64 आईपीएल मैच खेले हैं और अब आरआर उनकी तीसरी फ्रैंचाइज़ी होगी। वहीं, अनुभवी तेज़ गेंदबाज मोहम्मद शमी सनराइजर्स हैदराबाद से लखनऊ सुपर जायंट्स में शामिल होंगे। शमी ने 2013 में पदार्पण के बाद पांच फ्रैंचाइज़ियों के लिए 119 मैच खेले हैं और 2023 में जीटी के लिए 20 विकेट लेकर खिताबी जीत में योगदान दिया था।

लेग स्पिनर मयंक मार्कंडे कोलकाता नाइट राइडर्स से मुंबई इंडियंस में वापसी करेंगे। उन्होंने 2018, 2019 और 2022 में एमआई का प्रतिनिधित्व किया और अन्य सीज़न में राजस्थान रॉयल्स और एसआरएच के लिए खेले। बॉलिंग ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर मुंबई इंडियंस से लखनऊ सुपर जायंट्स में शामिल होंगे।

बाएं हाथ के बल्लेबाज नितीश राणा अब राजस्थान रॉयल्स से दिल्ली कैपिटल्स में खेलेंगे। उनकी मौजूदा फीस 4.2 करोड़ रुपये रहेगी। इसके अलावा ऑलराउंडर डोनोवन फरेरा दिल्ली कैपिटल्स से राजस्थान रॉयल्स में लौटेंगे और उनकी फीस 75 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये हो गई है।

इस तरह आईपीएल रिटेंशन 2026 के पहले चरण में आठ प्रमुख खिलाड़ियों की नई टीमें तय हो गई हैं। यह ट्रेड आगामी सीजन में टीमों की रणनीति और संतुलन पर बड़ा असर डाल सकती हैं। आईपीएल फैन्स के लिए यह




ट्रेड और रिटेंशन अपडेट अगले




सीजन की रोमांचक रणनीतियों




और मैचों के लिए उत्साह बढ़ाने




वाला साबित होगा।

# भगवान बिरसा मुंडा के विचारों को आत्मसात करना हर भारतीय का कर्तव्य - सांसद पारधी

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती का जिला स्तरीय कार्यक्रम बैहर में हुआ सम्पन्न

**पद्मेश न्यूज़ ।बालाघाट।** 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का जिला स्तरीय कार्यक्रम जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बैहर में आयोजित किया गया। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अनुपमा नेताम, जनपद अध्यक्ष परसवाड़ा सम्मल धुर्वे, पूर्व विधायक भगत नेताम व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### भगवान बिरसा मुंडा के विचारों को आत्मसात करें - सांसद पारधी

इस अवसर पर सांसद श्रीमती पारधी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त किया। उन्होने बताया की भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजो से लड़ते हुए अपने प्राणों कों न्योछावर कर दिया। उन्होंने बताया की समस्त आदिवासी समाज के द्वारा ही आज जंगल सुरक्षित है। भगवान बिरसा मुंडा ने आने वाले पीढ़ियों के लिए बहुत ही प्रताड़ना सही है। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजो का खुलकर विरोध किया व उनका सामना किया। सांसद श्रीमती पारधी ने कहा कि यदि हम बिरसा मुंडा के जीवन के कुछ गुण अपने अंदर समाहित कर ले तो हमारा जीवन भी धन्य हो जाएगा।

### जल जंगल से जुड़े है भगवान बिरसा मुंडा - श्रीमती बिसेन

कार्यक्रम में मप्र पिछड़ा वर्ग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भारत माता की जयघोष के साथ कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होने बताया की भगवान बिरसा मुंडा ने अपना सम्पूर्ण जीवन जल, जंगल के रूप में व्यतीत किया इसलिए उन्हें धरती आबा के नाम से जाना जाता है। उन्होने अंग्रेजो का डटकर सामना कियां और अपने प्राणों की आहुति दे दी। आज 150 वर्षों बाद भी हम सभी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मना रहे है, यह उनके साहस और पराक्रम का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### हितग्राहियों को हुआ हितलाभ वितरण

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के जिला स्तरीय समारोह के दौरान विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोहबट्टा की ननकू बाई पति सुखलाल एवं सुगर्ता बाई नेताम सिंह मरकाम, दलदला के ढोलूराम सुके सिंह एवं सोनुलाल बुधराम तथा मोवाला की श्रीमती शकुंतला राजेन्द्र को प्रधानमंत्री आवाज की चाबी प्रतीकात्मक रूप से प्रदान की गई। इसी तरह जनपद पंचायत बिरसा अंतर्गत ग्राम पंचायत डाबरी के ग्राम लातरी के बेनीसिंह तिलगाम, बिजूसिंह मरकाम, खेलसिंह तिलगाम, गांडासिंह तिलगाम, सुननुसिंह तिलगाम, पुनुसिंह तिलगाम, गंदा सिंह तिलगाम, महेतर सिंह धुर्वे एवं रामसिंह धुर्वे को वन अधिकार पट्टे वितरित किये गए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मिशन ऑन इडिबल आयल तिलहन योजना अंतर्गत रजमा की कृषक श्रीमती श्यामाबाई एवं बिरवा के कृषक धनीराम को 10-10 किलो अलसी, हीरापुर के बुधराम को 05 किलो सरसो बीज प्रदाय किये गए। इसके साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन दलहन योजना अंतर्गत ग्राम रौंदाटोला के मोहरसिंह, ग्राम केवलारी के रविशंकर एवं तीरथ, बिरवा के छत्तर सिंह और ग्राम कटंगी के संजीव को 8-8 किलो मसूर बीज वितरित किये गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री महुआ समृद्धि योजना अंतर्गत झींगा पालन के लिए बैहर तहसील अंतर्गत बिरवा के राजेश उइके को 01 लाख 60 हजार रुपये की अनुदान राशि तथा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत तालाब निर्माण के लिए रौंदाटोला के बक्खत सिंह उइके को 03 लाख 30 हजार रुपए की अनुदान राशि वितरित की गई।

कार्यक्रम में कलेक्टर मृणाल मीना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन अजय बैस एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय प्राचार्य आलोक चौरे द्वारा किया गया।

# राज्य स्तरीय रोड साइकलिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी रहा बालाघाट जिले के बच्चों का दबदबा

**पद्मेश न्यूज़ ।बालाघाट।** बालाघाट के नेशनल हाईवे पर स्तिथ भमोड़ी से रेंगाटोला के मध्य शुरू हुई राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता मे दूसरे दिन जबलपुर संभाग के बालाघाट जिले के बच्चों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री दीपक गिरी गोस्वामी ने बताया की 69 वी राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में दूसरे दिन बालाघाट के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग ने बालक/बालिका 17 वर्ष में व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक और मास स्टार्ट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। नेशनल हाईवे पर आयोजित दूसरे दिन रोड साइकिलिंग का शुभारंभ एसडीएम बालाघाट गोपाल सोनी और जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय तथा जिला परियोजना समन्वयक घनश्याम बर्मन ने किया। प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग समेत 8 संभाग हिस्सा ले रहे है, जिसमें 10 स्टेट ऑफिशियल सहित 45 कर्मचारी और ऑब्जर्वर शामिल रहे। जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय ने बताया ट्रैक पर सुरक्षा कर्मी, यातायात पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग मैं डॉ. साक्षी गौतम के नेतृत्व मैं स्वास्थ्य दल उपस्थित रहा। उन्होंने बताया कि कुल 16 मे से जबलपुर संभाग ने 12 गोल्ड मैडल प्राप्त किये है।



# रेल यात्रियों को हो रही समस्या पर डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

## रेलवे अप डाउनर्स प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ने

**पद्मेश न्यूज़ ।कटंगी।** गोंदिया, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी रेल खंड में मेमू ट्रेन का डिडक्ट रैक से परिचालन किए जाने की मांग को लेकर रेलवे अप डाउनर्स प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष विवेक शर्मा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के डीआरएम को एक ज्ञापन सौंपा है। विवेक शर्मा ने बताया कि उक्त रेल खंड में मेमू ट्रेन के परिचालन में रैक शेयरिंग पद्धति का प्रयोग कर ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इस पद्धति का प्रयोग सीमित रोलिंग स्टॉक होने की स्थिति में किंतु उपयोग में ज्यादा मांग होने से रैक का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग हो इसलिए किया जाता है यह पद्धति रेलवे के तकनीकी दृष्टिकोण से बहुत ही कारगर है किंतु रैक शेयरिंग पद्धति का सबसे बड़ा नुकसान किसी भी एक ट्रेन का लेट होना है अगर किसी भी ट्रेन का कोई एक नंबर भी लेट हो जाता है तो उस रैक से अन्य पेयरिंग ट्रेन नंबर स्वत: लेट हो जाती है। मौजूदा वक्त में गोंदिया बालाघाट वारासिवनी कटंगी तिरोड़ी रेल खंड में यात्रा करने वाले यात्री बहुत अधिक परेशान है क्योंकि हर दिन गाड़ी संख्या क्रमांक 68803 बल्लारशाह गोंदिया मेमू ट्रेन की गोंदिया आने में करीब दो से ढाई घंटे लेट चलकर गोंदिया पहुंच रही है जिस कारण गाड़ी संख्या 68809/10 गोंदिया तिरोडा गोंदिया स्वत: ही लेट हो जाती है। इस ट्रेन के लेट होने से पेयरिंग रैक गाडी संख्या 68811ध12 गोंदिया कटंगी गोंदिया भी लेट हो रही है। विवेक शर्मा ने अपने ज्ञापन के जरिए गाडी संख्या क्रमांक 68803 बल्लारशाह गोंदिया मेमू ट्रेन का रेट शेयरिंग गाड़ी संख्या 68809ध10 गोंदिया तिरोडी गोंदिया से ब्रेक कर इसे डेडिकेटेड रैक से जल्द से जल्द परिचालन करवाने की मांग रखी है। ताकि गोंदिया बालाघाट वारासिवनी कटंगी तिरोड़ी रेल खंड में चलने वाली मेमू समय से पहले प्लेटफार्म में पहुंचे और समय पर ही अपनी गंतव्य के लिए निकल जाए जिससे इस रेल खंड में यात्रा करने वाले यात्रियों को इस मेमो ट्रेन का परिचालन का सही लाभ मिल सके और ट्रेन को अनावश्यक होने वाली लेटलतीफी से रोका जा सके।



# आदिवासियों के गौरव जननायक बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रतिमा का हुआ अनावरण

**पद्मेश न्यूज़ ।किरनापुर।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हल्बीटोला (किरनापुर)मे देश की स्वतंत्रता एवं आदिवासियों के अधिकारों (जल, जंगल,जमीन) के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले आदिवासियों के गौरव जननायक क्रांतिसूर्य, धरती आबा बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा स्थापना कर अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हीना कावरे अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यकारिणी की सचिव, विशेष अतिथि युसुफ पटेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश जोशी, जिला पंचायत सदस्य चेतना अजय कुर्राहे, ग्राम पंचायत बड़गांव सरपंच कृष्णा गुरूबेले, टीकाराम आगरे, टी एल भोयर, चवनलाल राहंगडाले, बी आर नायक,इंद्रजीत भोयर, पूर्व सरपंच जितेन्द्र सिहोरे, हेमेंद्र तुरकर, पूरन लाल काटेकर उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता आई एल नायक द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण कर पूजन किया गया। इस कार्यक्रम मे अपने उद्बोधन मे अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यकारिणी की सचिव सुश्री हीना कावरे ने कहा कि हम सभी के लिए बहुत ही पवित्र दिन है, आज महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयंती मना रहे हैं। उन परिस्थितियों में भी जल,जंगल,जमीन के लिए अंग्रेजो से भिड़ पड़े। जो मूर्ति लगाई गई है वह बहुत ही सुन्दर मूर्ति है। बिरसा मुंडा जी के संघर्षों को घर घर मे बताना चाहिए। आज भी बहुत सारी चुनौतियां हैं हमारे जीवन में, सही और गलत की पहचान कर अपने अधिकारों के लिए सही तरीके से लड़ने की जरूरत है। प्रतिमा लगा कर महापुरूषों के आदर्शों से सीखने की आवश्यकता हैं ।वही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष युसुफ पटेल अंग्रेजों के विरुद्ध उग्र आंदोलन की क्रांति फूंकने वाले महान जननायक बिरसा मुंडा की जयंती पर बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा स्थापित कर अनावरण किया गया। देश के अपने जनजातीय बंधुओं मे स्वतंत्रता की अलख जगाई। देश ऐसे महापुरुष नही हुए होते तो आज हम यहां नहीं होते। संविधान ने हर किसी को बराबरी का हक दिया है। हमे अपने इन सभी महापुरूषों के कार्यों को याद करते हुए इनसे प्रेरणा लेते रहनी चाहिए। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से सफल बनाने में तेजराम नायक, नरेन्द्र नायक, रूपेश खंडवाहे, रीति नायक, महेन्द्र काटेवार, सखाराम परते, सेवेंद्र कांटेवार दुर्गा खंडवाहे, बुधराम नायक, सेवक राम राउत, शंकर खंडवाहे, भूरेलाल नायक एवं सर्व आदिवासी समाज संगठन, हलवा हलबी आदिवासी समाज संगठन हल्बीटोला किरनापुर के सदस्यगण एवं ग्रामीण नागरिकों की मौजूदगी रही।



# जनपद सदस्य एकता संघ द्वारा कल पंचायत मंत्री को सौपा जाएगा ज्ञापन

**पद्मेश न्यूज़ ।बालाघाट।** जनपद सदस्य एकता संघ जिला बालाघाट जिला अध्यक्ष महेश शरणागत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जनपद सदस्यो के पास विकास निधि कम होने व वित्तीय अधिकार नहीं होने कि वजह से ना मान है ना सम्मान है, इसलिए जनपद सदस्य एकता संघ जिला बालाघाट के द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल को उनके किरनापुर आगमन पर 17 नवंबर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें विभिन्न मांगे पूरी करने की गुहार लगाई जाएगी जिसमे प्रमुख रूप से जनपद सदस्य अपने कार्य क्षेत्र कि पंचायत बैठको में सम्मिलित होने के लिए पदेन सदस्य होना चाहिए ।जिस प्रकार से गौण खनिज कि राशि विकास कार्य के लिए विधायक एवं सांसद कि अनुशंसा पर स्वीकृत होती है उसी प्रकार से जनपद सदस्यों व जिला सदस्यों कि अनुशंसा पर विकास कार्य के लिए गौण खनिज कि राशि स्वीकृत होना चाहिए ।जिस प्रकार से विधायक सांसद महोदय जनता का नेतृत्व करते है उन्हें पद से हटने के बाद पेंशन का प्रावधान है उसी प्रकार से त्रिस्तरीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधि भी जनता का ही नेतृत्व करते हैं, उन्हें भी पेंशन मिलने का प्रावधान होना चाहिए, और जब लाड़ली बहनों को 1500 रू महिने का सरकार दे सकती है तो जनपद सदस्यो को भी सम्मानजनक राशि देनी चाहिए, इन मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा जाएगा।



# जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई बिरसा मुंडा जयंती

## कटंगी और नंदोरा में आयोजित हुए कार्यक्रम

**पद्मेश न्यूज़ ।कटंगी।** धरती आबा जन नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रुप में समूचे देश में मनाया गया। शनिवार 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती को बेहद उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर विकासखंड कटंगी में अलग-अलग स्थानों पर विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम नंदोरा में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के नेतृत्व में जयंती समारोह का आयोजन हुआ। जयंती समारोह में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसर बिसेन, ग्राहक पंचायत के संभागीय संगठन मंत्री ब्रजेश जैन, जिलाध्यक्ष आशुतोष बिसेन, तहसील अध्यक्ष तिरोड़ी योगेश राहंगडाले, आदिवासी समाज अध्यक्ष नंदोरा दिनेश परते, सरपंच, उपसरपंच और आदिवासी समाज के वरिष्ठजन मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत में सबसे पहले सभी अतिथियों और ग्रामीणों ने सतरंगी गोडवाना ध्वज फहराया। जिसके बाद बिरसा मुंडा के छायाचित्र का गोंडी रीति-रिवाज से पूजा अर्चना की। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ने परंपरा अनुसार कटंगी शहर के पाथरवाड़ा रोड़ स्थिति भगवान बिरसा मुंडा और वीरागंना रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थल पर जयंती समारोह मनाया।

### संविधान की ताकत से लड़ो-आशुतोष बिसेन

नंदोरा में आयोजित जयंती समारोह में ग्रामीणों और आदिवासी समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष आशुतोष बिसेन ने कहा कि भारत के जनजातीय नेताओं ने दमनकारी ब्रिटिश शासन और सामंती व्यवस्था का विरोध करने में अहम भूमिका निभाई है। इनमें से कई विद्रोह, बगावत और आंदोलनों को मुख्यधारा के भारतीय इतिहास में कम प्रतिनिधित्व मिला है, हालाँकि इन आंदोलनों ने आज के भारत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज आदिवासी समाज के लोग पूछते है कि भगवान बिरसा मुंडा के पास तो तीर-कमान था जिससे वह दमनकारी शक्तियों से लड़े हमारे पास क्या है तो समाज के लोगों को यह बात ध्यान रखना चाहिए कि हमारे पास बाबा साहब अंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान है और इसी संविधान की ताकत से हमें दमनकारी लोगों से लड़ना है।



### धर्मांतरण के खिलाफ लड़ना और संस्कृति को बचाना होगा- केसर बिसेन

जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने कहा कि आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान चलाया ताकि आदिवासी समाज की संस्कृति बची रहे और धर्मांतरण पर रोक लगे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने धार्मिक और सामाजिक आधार पर आदिवासियों के बीच फूट डालने के लिए धर्मांतरण को एक माध्यम बनाया था। इसके साथ ही ईसाई मिशनरियों ने शिक्षा और सहायता के बहाने धर्मांतरण को बढ़ावा दिया। इस प्रक्रिया में आदिवासी अपने पारंपरिक धर्म और संस्कृति से कटे, सामाजिक और आर्थिक रूप से शोषित हुए और उन्हें अपनी भूमि से विस्थापित भी होना पडा। धर्मांतरण के विरोध में कई आदिवासी नेताओं ने विद्रोह किए। आज भी आदिवासियों के साथ शोषण की घटनाएं होती है इस बात से कतई इंकार नहीं किया जा सकता इसलिए आदिवासी समाज को धर्मांतरण के खिलाफ लड़ना और संस्कृति को बचाना होगा। उन्होंने ग्राम नंदोरा में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा की स्थापना कराने की भी घोषणा की है।

# बोथवा और सोनेगांव में मनाई भगवान बिरसा मुंडा जयंती

**पद्मेश न्यूज़ ।बालाघाट।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटंगी द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बोथवा एवं सोनेगांव और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं द्वारा 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता और अवनी समाज सेवा समिति के पदाधिकारी डॉ. नरेन्द्र भैरम, सुशील बर्मन (जिला समन्वयक), सुरेन्द्र कुमार भगत (विकासखंड समन्वयक), किशोर परते (बिरसा मुंडा सेवा समिति अध्यक्ष) ने जन जाति गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर डॉ. भैरम ने कहा कि धरती के आबा भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 1875 में वर्तमान झारखंड के छोटा नागपुर में हुआ और बचपन से ही अच्छे अच्छे काम करते रहे और संस्कृति परंपरा जल जमीन जंगल धरती को बचाने का काम करते रहे । चौपाल कार्यक्रम को सुशील बर्मन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपने समाज के लोगों को संगठित किया। सुरेन्द्र कुमार भगत ने कहा कि जन जाति समाज को संगठित कर भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, अंग्रेजों को जंगल से भगाने का काम किया । कार्यक्रम में सुश्री अंजू डोंगरे राज ब्योत्रा, श्रीमती ममता देवी चौधरी, शिव जी परते ताम्रध्वज पटले, चंद्रशेखर मानकर सहित बड़ी संख्या में जन जाति समाज की माता से बहने और ग्रामीण लोग उपस्थित रहे ।

# भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष हमें साहस प्रदान करता है- केसर बिसेन

## अभा ग्राहक पंचायत ने नंदोरा में मनाई बिरसा मुंडा जयंती, जिपं.सभापति ने प्रतिमा स्थापना की घोषणा की

**पद्मेश न्यूज़ ।कटंगी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ईत्रंतिकारी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के तत्वाधान् में ग्राम नंदोरा स्थित रानी दुर्गावती चौक में भगवान बिरसा मुंडा को याद किया गया। इस अवसर पर जिपं. सभापति केसर बिसेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। वहीं अभा ग्राहक पंचायत के संभागीय संगठन मंत्री ब्रजेश जैन, जिलाध्यक्ष आशुतोष बिसेन, तहसील अध्यक्ष योगेश राहंगडाले की प्रमुख उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत नंदोरा की सरपंच श्रीमती लक्ष्मी लेखचंद सोनगढ़े, उप सरपंच जनार्दन चौधरी, देवराज इनवाती, सुनील उईके, शेषराम कुमरे, अमरसिंह उइके, मानसिंह उइके, दिनेश परते, जितेन्द्र उइके सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाजजन एकत्र हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा एवं रानी दुर्गावती को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिपं.सभापति केसर बिसेन ने कहा कि देश में अंग्रेजी हुकूमत के विरूद्ध भगवान बिरसा मुंडा द्वारा देश एवं समाज के उत्थान में लड़ी गई लड़ाई एवं उनका संघर्ष हमें अपने हक एवं अधिकार के लिए लड़ने का साहस प्रदान करता है। महज 25 वर्ष की अल्पआयु तक जर, जंगल एवं जमीन की रक्षा के लिए ब्रिटिश शासनकाल की नाक में दम कर देने वाले ईत्रंतिकारी बिरसा मुंडा का जीवन अत्यंत प्रेरणादायक है। श्रीमती बिसेन ने कहा कि ईत्रंतिकारी बिरसा मुंडा की प्रेरणा से ही आज आदिवासी समाज किसी भी मोर्चे पर पीछे नहीं है, हर क्षेत्र में समाज के लोग तरक्की कर रहे हैं। आदिवासी समुदाय से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी से लेकर हर तक के व्यक्तियों की विशेषता उनका सरल, सहज स्वभाव है। श्रीमती बिसेन ने इस अवसर पर ग्राम नंदोरा में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना की घोषणा की। इसके लिए उपस्थितजनों ने उनका आभार माना।



### आदिवासियों को ईसाई बनाने के खिलाफ से बिरसा मुंडा- आशुतोष

अभा ग्राहक पंचायत जिलाध्यक्ष आशुतोष बिसेन ने ईत्रंतिकारी बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़ा एक वाक्या सुनाते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जब अंग्रेजी मिशन स्कूल में पढ़ने गए तो अंग्रेजी हुकूमत का स्कूल प्रबंधन संस्था में अध्ययनरत भोले भाले आदिवासियों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए तरह-तरह का प्रलोभन दे रहा था। इस बहाने आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर उनकी संस्कृति को खत्म करने का काम चल रहा था। आशुतोष ने कहा कि झारखंड के खूंटी जिले के जिस गांव में बिरसा मुंडा का जन्म हुआ वहीं से उन्होंने जागीरदारों और अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ उल्गुलान आंदोलन शुरू किया था। आज जो हमारी संस्कृति और संस्कार सुरक्षित है यह भगवान बिरसा मुंडा की शिक्षा एवं प्रेरणा से सुरक्षित है। उनके बारे में कुछ कहना मतलब जलते हुए दीपक को प्रकाश दिखाने की भांति है।

पद्मेश न्यूज
शहरनामा



/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### कलेक्टर ने बैहर एवं मोहबट्टा में एसआईआर का जायजा लिया

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी मृणाल मीना ने 15 नवंबर को बैहर अंतर्गत तहसील मुख्यालय बैहर में वार्ड नं.01 एवं ग्राम मोहबट्टा में मतदाता सूची के पुनरीक्षण एसआईआर कार्य का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सर्राफ, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, एसडीएम बैहर अर्पित गुप्ता एवं तहसीलदार बैहर अनुराग सिंह मरावी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मृणाल मीना ने बीएलओ को निर्देशित किया कि वे घर घर जाकर अनिवार्य रूप से मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एसआईआर के कार्य मे किसी भी तरह की लापरवाही बरदाश्त नही की जाएगी। पूर्ण लगन से सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

### 3 करोड़ से अधिक का बिल वसूला

**पद्मेश न्यूज (बालाघाट।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बालाघाट द्वारा विगत चार मॉह में अत्यधिक लाईन लॉस वाले फीडरो पर विशेष अभियान चलाकर उपभोक्ताओं के परिसर की जांच की गई। जाँच में 1987 उपभोक्ताओं के परिसर में अनियमितता के आधार पर पंचनामा तैयार किया गया जिन पर 31लाख 68 हजार 967 युनिट पर 03 करोड़ 01 लाख 62 हजार 810 रूपये की बिलिंग की गई, जिनमे 688 उपभोक्ताओं द्वारा 30 लाख 86 हजार 855 रुपये का भुगतान कर दिया गया है।

अधीक्षण अभियंता अमित कुमार मेरावी ने बताया कि इसके अतिरिक्त V-MITRA APP में प्राप्त शिकायतो पर जॉच के आधार पर वर्तमान तक कुल 209 न. पंचनामें बनाये गये तथा 203 उपभोक्ताओं को 93 हजार 825 रुपये का रिवार्ड भी दिया जा चुका है। विद्युत विभाग द्वारा जिले के अनेक स्थानो में शिविर लागाकर उपभोक्ताओं को V-MITRA APP के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है ।

**3.20 लाख रुपये का सरचार्ज माफ**

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बालाघाट द्वारा निरंतर विभिन्न वितरण केंद्रों में शिविरों का आयोजन कर जिले के विद्युत उपभोक्ताओं का समाधान योजना अंतर्गत सरचार्ज माफ किया जा रहा है।

अधीक्षण अभियंता अमित कुमार मेरावी ने बताया कि इस योजना अब तक 59 शिविरो का आयोजन किया गया है, जिसमें लगभग 1345 उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों का 3.20 लाख रुपये का सरचार्ज माफ किया जा चुका है तथा शेष 51 हजार 871 उपभोक्ताओं के लिए लगातार शिविर, जनसंवाद, फोन कॉलिंग, एवं उपभोक्ताओं से घर-घर जाकर सम्पर्क की कार्यवाही जारी है।

### स्कूटी की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

**पद्मेश न्यूज (बालाघाट।** बैहर रोड भरवेली चौक के पास तेज रफ्तार स्कूटी ओवरटेक के दौरान मोटरसाइकिल को ठोस मार कर फरार हो गई। यह दुर्घटना में एक युवक मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गया घायल युवक युवराज पिता संजय उइके 20 वर्ष ग्राम चिल्लोद थाना लालबर्रा निवासी है। जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार युवराज उइके बीए थर्ड वर्ष का छात्र है। 15 नवंबर को दोपहर 2 बजे युवराज उइके मोटरसाइकिल में गांगूलपारा बांध घूमने के लिए जा रहा था। तभी बैहर रोड भरवेली चौक के पास पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक स्कूटी मोटरसाइकिल से ओवरटेक करते हुए मोटरसाइकिल को पीछे से ठोस मार कर फरार हो गई (स्कूटी की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार युवराज उइके मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गया। जिसे 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है। मोटरसाइकिल को ठोस मार कर फरार स्कूटी का नंबर एमपी 50 एस बी 71 23 बताया गया है। जिला अस्पताल पुलिस ने युवराज उइके का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना भरवेली भिजवा दी है।

### 36 बटालियन कनकी के आरक्षक ने किया चूहा मार का सेवन

#### सोने की चेन चोरी करने के आरोप के मानसिक तनाव में थे सुधीर चोरिया

**पद्मेश न्यूज (बालाघाट।** जिले के कनकी बटालियन में तैनात एक आरक्षक चूहा मार दवाई का सेवन कर लिया यह आरक्षक सुधीर पिता जगदीश चोरिया उम्र 35 वर्ष ग्राम बिसापुर कोकड़ा थाना मोहखेड़ जिला छिंदवाड़ा निवासी है। जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कनकी 36 बटालियन में पदस्थ सुधीर चोरिया अपने परिवार के साथ ग्राम कनकी शासकीय हाई स्कूल के पास शासकीय क्वार्टर में रहते है। जिनके पड़ोस में ही हाकफोर्स कर रेवाराम अमरोदे अपने परिवार के साथ रहते हैं। रेवाराम अमरोहा ने अपनी पत्नी रानी अमरोदे ने सुधीर चोरिया पर सोने का हार चोरी करने का आरोप लगाये थे। जिसके कारण सुधीर चोरिया मानसिक तनाव मै चल रहे थे। 15 नवंबर को 10:30 बजे करीब सोने का हार चोरी करने लगाये आरोप के मानसिक तनाव में आकर आरक्षक सुधीर चोरिया ने चूहा मार दवाई का सेवन कर लिया। जिसे उसकी पत्नी सरिता चोरिया ने बटालियन के ही एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती की है।




# ...तो बैनगंगा नदी घाटी क्षेत्र में तबाही आ जाती !!

## 5 नवंबर को मिट्टी का सबसे बड़ा बांध छलक रहा था

### 10 दिनों पूर्व भीमगढ़ बांध को क्षमता से अधिक भरने से त्राहिमाम की स्थिति बन गयी थी! उस दिन बिना पूर्व सूचना के भीमगढ़ बांध का गेट खोला गया था!!



पदमेश विशेष। बालाघाट ।

**एशिया की पहली और सबसे बड़े मिट्टी के बने भीमगढ़ बांध से बीते 5 नवंबर को बिना पूर्व सूचना के पानी छोड़ा गया था । यह स्थिति तब बनी थी जब बांध का पानी छलकने लगा था.इसका एक वीडियो वायरल होते ही अफसरों ने आनन फानन में बांध के गेट खोल दिए. गनीमत यह रही कि कोई अनहोनी नहीं घटी। वरना बांध के फूटने से निचले बालाघाट जिले के गाँवों के डूबने का अंदेशा बढ़ जाता. बचाव के लिए भी कोई समय नहीं मिलता। ऊपरी बैनगंगा नदी पर 1972 मे निर्माण शुरु होने के बाद 1988 में बनकर तैयार हुआ यह बांध अब बेहद खतरनाक है. क्योंकि यह केवल मिट्टी और मुरुम से बना है. इसके टूटने से सबसे ज्यादा घातक बालाघाट जिले के लिए होगा. 5 नवंबर को कोई सूचना दिए बिना गेट खोलना गंभीर घटना है।**

उल्लेखनीय है कि देखरेख के अभाव और लापरवाही से उतना ही सिवनी और बालाघाट जिले के लिए विध्वंशक भी हो सकता है और इन्हीं सब दुर्घनाओं को देखते हुए सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं और सैकड़ों अधिकारी कर्मचारी इसकी सुरक्षा और देखरेख के लिए लगाए गए है ताकि बांध के जलस्तर और सुरक्षा का खयाल रखा जा सके।

उक्त वीडियो में दिख रहे बांध का जल स्तर बेहद खतरनाक स्थिति में पहुँच चुका था.भीमगढ़ बांध में 5 नवंबर को हुई एक गंभीर लापरवाही ने हजारों लोगों की जान खतरे में डाल दी थी। यह गंभीर लापरवाही थी.बताया जा रहा है कि बांध में क्षमता से अधिक पानी भर जाने के छलकने लगा था।जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल कारण पानी गेट के ऊपर से जा रहा था। स्थिति बिगड़ते देख जल संसाधन विभाग सिवनी के अधिकारियों ने आनन फनन में बिना किसी मुनादी और निचले बालाघाट तथा गोंदिया जिले के अफसरों और जिला प्रशासन को बिना पूर्व सूचना के गेट खोल दिये थे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अब विभाग की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

दरअसल, भीमगढ़ बांध को क्षेत्र की जीवनरेखा माना जाता है, लेकिन इस बार विभागीय से लापरवाही से एक बड़ा हादसा टल गया। विशेषज्ञों के मुताबिक, जब बांध में अत्यधिक दबाव होता है और ऐसे समय में अचानक गेट खोला जाता है, तो इससे गेट की संरचना को नुकसान पहुंच सकता है। यह नुकसान इतना गंभीर हो सकता है कि गेट टूटने की स्थिति में पूरा बांध संकट में आ सकता था जिससे वैनगंगा नदी के किनारे बसे लाखों लोगों की जान-माल पर खतरा हो सकता था।

सूत्रों की माने तो दरअसल किसानों को रबी सीजन की सिंचाई के लिए संजय सरोवर बांध से नहरों में पानी छोड़ा जाना था किन्तु बांध भरने पर गनीमत थी कि 5 नवंबर का वो दिन सिवनी और बालाघाट के लोगों के लिए बेहतर दिन था कि भीमगढ़ बांध में क्षमता से अधिक पानी और उच्च दबाव होने के बाद भी बांध को कोई क्षति नहीं पहुंची नहीं तो न जाने क्या होता ? स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गेट खोले जाने की कोई भी पूर्व सूचना नहीं दी गई थी, जिसके कारण भी बांध के नीचे नदी किनारे बसे गांवों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों में डर था कि कहीं बांध टूट न जाए। वहीं, सोशल मीडिया पर भी विभाग की इस कार्रवाई को लेकर कड़ी नाराजगी देखने को मिल रही है।

लोग मानते हैं कि 40 साल के इतिहास में इतनी बड़ी लापरवाही सामने आयी। सूत्रों के अनुसार, भीमगढ़ बांध के 54 साल के इतिहास में यह पहला मौका है जब इस तरह की लापरवाही से साबका पड़ा। क्या यह सिर्फ मानवीय भूल थी, या फिर विभागीय प्रणाली की नाकामी ? घटनाक्रम से वरिष्ठ अधिकारियों को किया गया गुमराह और वही जब इस मामले में स्पष्टीकरण जल संसाधन विभाग के इंजीनियर से फोन पर बात की और उनसे इस पूरे घटनाक्रम के बारे में पूछा तो उन्होंने इस पूरी घटनाक्रम को ही सिरे से नकार दिया उन्होंने बताया कि हर चार घंटे में हमारे पास भीमगढ़ बांध के जल स्तर की जानकारी आती है और अभी तक बांध में क्षमता से अधिक पानी नहीं भरा है। वहीं गेट के ऊपर से पानी छलकने की बात को नकार दिया।

### लेवल मेंटेन करने के लिए गेट खोले गए थे

भीमगढ़ बांध में क्षमता से अधिक पानी नहीं भरा है। लेबल मेंटेन करने के लिए गेट खोले गए थे। हमारे पास हर चार घंटे में जल स्तर की जानकारी आती है। गेट के ऊपर से पानी छलकने की बात गलत है।

**- अशोक डहेरिया,**
**इंजीनियर, जल संसाधन विभाग सिवनी**

# फेसबुक पर फर्जी निवेश का लालच दिखाकर 6 लाख रूपये से ज्यादा ठगे

## जिले में नहीं थम रहा साइबर ठगी का ग्राफ, लालच में आकर लोग हो रहे साइबर ठगी का शिकार

पद्मेश न्यूज (बालाघाट।

जिले में साइबर ठगी का ग्राफ लगातार बढ़ता ही जा रहा है। साइबर ठग सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर लुभावने वादों और निवेश के नाम पर भोली-भाली जनता को लगातार अपने जाल में फंसा रहे हैं। इसी क्रम में एक और मामला सामने आया है, जिसकी शिकायत साइबर शाखा में दर्ज कराई गई है। साइबर ठगों ने फेसबुक पर शेयर मार्केट में निवेश करने पर दो से तीन गुना मुनाफा देने का लालच देकर एक शासकीय कर्मचारी को अपने जाल में फंसा लिया। ठगों द्वारा अधिक मुनाफा दिलाने का लालच देते हुये कर्मचारी से धीरे-धीरे 6 लाख रुपये से अधिक की राशि हड़प ली गई।

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कम समय में अधिक मुनाफा देने वाले विज्ञापनों के जरिये साइबर ठगों ने एक शासकीय कर्मचारी को अपने जाल में फंसा लिया। ठगों ने फेसबुक पर शेयर मार्केट में निवेश करने पर दो से तीन गुना लाभ मिलने का दिखावा करते हुए एक एप के माध्यम से ट्रेडिंग कराई और धीरे-धीरे लाखों रुपये की ठगी कर ली। ठगों की बातों और फर्जी निवेश के विज्ञापन दिखाकर विश्वास बनाने के बाद कर्मचारी से चरणबद्ध तरीके से 6 लाख रुपये से अधिक की राशि ले ली गई। यह घटनाक्रम लगभग दो से तीन महीने तक चलता रहा। इस दौरान शासकीय कर्मचारी लगातार निवेश बढ़ाने के बहकावे में आ गया और अधिक धनराशि लगाने की तैयारी में था। इसी बीच कर्मचारी के एक सहयोगी को मामले की जानकारी दी , जिसने समय रहते पुलिस में शिकायत कराने की सलाह दी। शिकायत के बाद कर्मचारी और लाखों रुपये की ठगी से बच गया।

**इस प्रकार गंवाए 6 लाख रुपये**

एक शासकीय कर्मचारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर ट्रेडिंग से जुड़े एक विज्ञापन से प्रभावित हो गया। विज्ञापन पर विश्वास करते हुए कर्मचारी ने दिए गए लिंक के जरिए एक एप डाउनलोड किया और ट्रेडिंग शुरू कर दी। शुरुआत में कर्मचारी ने लगभग 1 लाख रुपये निवेश किए। कुछ ही समय बाद एप पर दिखाए गए आंकड़ों में रकम बढ़कर 3 से 4 लाख रुपये तक दिखाई जाने लगी। इससे कर्मचारी को अत्यधिक भरोसा हो गया। जब उसने एप में दिख रही कमाई को निकालने की कोशिश की, तो ठगों ने विभिन्न शुल्कों के नाम पर पहले 50 हजार रुपये मांगे। इसके बाद अलग-अलग टैक्स के नाम पर और भी भुगतान करने को कहा गया। ठगों के निर्देशों पर कर्मचारी ने दो से तीन लाख रुपये और भेज दिए। इसी बीच एप में उसकी ट्रेडिंग राशि बढ़कर करीब 50 लाख रुपये से अधिक दिखने लगी। एप पर दिख रही रकम को निकालने के लालच में वह लगातार भुगतान करता रहा और लगभग तीन से चार महीनों में 6 लाख रुपये से अधिक गंवा बैठा।

**सतर्क और रहे जागरूक साइबर सेल**

साइबर पुलिस से चर्चा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि यह कोई पहला मामला नहीं है। जिले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लुभावने वादों, ट्रेडिंग और निवेश के नाम पर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर बड़ी कमाई का लालच देकर साइबर ठग लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि अनजान कॉल, संदेश और आकर्षक विज्ञापनों से सावधान रहने की लगातार अपील की जाती है, फिर भी कई लोग फर्जी ट्रेडिंग एप पर भरोसा कर बड़ी धनराशि गंवा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि शेयर मार्केट में निवेश केवल सेबी से रजिस्टर्ड एप के माध्यम से ही करें। संदिग्ध कॉल, लिंक, संदेश या ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करने की अपील की गई है। साइबर पुलिस का कहना है कि जागरूक और सतर्क रहना ही साइबर अपराधों से बचने का सबसे बड़ा तरीका है।







हिन्दी दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस में रिपोर्टर्स और डिप्टी एडिटर्स को अवसर

संपादकीय टीम और
न्यूज रूम में
हम भर्ती कर रहे हैं !!
हमारी टीम में शामिल हों !!

हिन्दी दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस को ऐसे उप-संपादकों, सिटी रिपोर्टरों (सिटी डेस्क) की तलाश है जो समाचारों के प्रति जुनूनी हों और बुनियादी बातों से आगे बढ़कर मूल्यवर्धन करना जानते हों । हिन्दी भाषा का ज्ञान हो, किताबों में रूचि हो और तथ्यों को खबरों में बदलना आता हो !! ना भी आता हो तो भी ! हद दर्जे का जिज्ञासु होना जरूरी है !!

हम चाहते हैं-
हिन्दी समाचार लेखन में दक्षता और अपने समाचारों के फोटो वीडियो बनाने की क्षमता
समाचार के मूल्य, शीर्षकों और प्रस्तुति की गहरी समझ
रिपोर्टिंग और डिज़ाइन टीमों के साथ सुचारू रूप से समन्वय करने की क्षमता
यदि आप एक रचनात्मक और जिम्मेदार पत्रकार हैं या पत्रकारिता में आना चाहते हैं और सार्थक शहरी कहानियों, खबरों, हलचलों,घटनाओं, को आकार देना चाहते हैं, तो हमें आपसे संपर्क करने में खुशी होगी।
आप हमारी टीम का हिस्सा बन सकते हैं !
अपना रिज्यूमे इस पते पर भेजें
[balaghatexpress@gmail.com]
स्थान-बालाघाट एक्सप्रेस, काली पुतली चौक,बालाघाट

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :**9425138710**,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. M P /HIN/2009/32311 , न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट